✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 307 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 6 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# राष्ट्र और समाज की प्रगति में कायस्थों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण

## कायस्थों ने सदा समाज को दी है सही दिशा : डॉ. प्रेम कुमार

## कायस्थों का समाज और देश के निर्माण में योगदान महत्वपूर्ण : सम्राट चौधरी

- **ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस का महादेवी वर्मा सम्मान समारोह पटना में संपन्न**
- **कई देशों एवं राज्यों के प्रतिनिधि हुए शामिल**
- **विजय प्रकाश सहित चार को लाइफटाइम अचीवमेंट स्मृति शिखर सम्मान, 22 विभूतियों को महादेवी वर्मा सम्मान**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में रविवार को पटना में आयोजित महादेवी वर्मा सम्मान समारोह ने सामाजिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक एकजुटता का एक प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। देश ही नहीं अन्य देशों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। इस गरिमामयी समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, बिहार के





उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, रामकृपाल यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व मंत्री श्याम रजक, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कायस्थ समाज की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संख्या में कम होने के बावजूद इस समाज ने राष्ट्र और समाज की प्रगति में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कायस्थ समाज के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज सदियों से शिक्षा, प्रशासन और बौद्धिक नेतृत्व के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। कायस्थ समाज ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने, शिक्षा के प्रसार तथा समाज में बौद्धिक चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता रही है, जिसके कारण इस समाज ने देश को अनेक विद्वान, लेखक और कुशल प्रशासक दिए हैं। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज और महादेवी वर्मा के योगदान को एक साथ देखने पर यह स्पष्ट होता है कि जहां एक ओर समाज ने ज्ञान और प्रशासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाई, वहीं महादेवी वर्मा ने साहित्य और विचारों के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान की। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कायस्थ समाज ने सीमित संख्या बल के बावजूद राष्ट्र निर्माण में असाधारण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समाज आज भी अपनी बौद्धिक क्षमता और नेतृत्व कौशल के माध्यम से देश और समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने इस परंपरा को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कायस्थों ने हमेशा समाज को दिशा देने का कार्य किया है और हर दौर में बौद्धिक नेतृत्व प्रदान किया है। उनके अनुसार राजनीति से लेकर कला, संस्कृति, कानून, साहित्य, शिक्षा, उद्यमिता और पत्रकारिता जैसे सभी क्षेत्रों में कायस्थ समाज की सक्रिय और प्रभावशाली भागीदारी रही है, जो इसे विशिष्ट बनाती है। समारोह का मुख्य आकर्षण चार विशिष्ट विभूतियों को 'लाइफटाइम अचीवमेंट स्मृति शिखर सम्मान' प्रदान किया जाना रहा। इस (शेष पृष्ठ 2 पर)

### मुख्यमंत्री ने पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार गंभीर : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। साथ ही कई विकास कार्यों का निरीक्षण करने के साथ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने वाल्मीकिनगर के दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। नहर के तटबंध पर बने सड़क का पक्कीकरण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इसे जल्द पूर्ण करें। सिंचाई हेतु यह नहर काफी उपयोगी है। इस नहर से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ होगा। सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने गंडक बांध जलाशय के सामने लव-कुश ईको टुरिज्म पार्क के निर्माण कार्य का जायजा लिया और वहां उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने लव-कुश ईको टुरिज्म



पार्क में निर्माण कराये जा रहे विभिन्न भागों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अतिथि भवन तथा वाल्मीकिनगर ईको पार्क का भी भ्रमण किया। उन्होंने गंडक बराज पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार परिसर से 'ईको पर्यटन केन्द्र-वाल्मीकिनगर, प्रमण्डल-2, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही ने गिद्ध संरक्षण केन्द्र, गोनौली एवं चिउटाहां का उद्घाटन किया। इसके पश्चात् जंगल सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल भ्रमण में काफी सुविधा होगी। वाल्मीकिनगर को ईको पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरकार द्वारा कई विकासात्मक कार्य कराये गये हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद सुनील कुमार, विधायक नंदकिशोर राम, विधायक श्रीराम सिंह, विधायक विनय बिहारी, विधायक समृद्ध वर्मा, विधान पार्षद भीष्म सहनी, पूर्व विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव नीलेश रामचन्द्र देवरे, तिरहुत प्रमण्डल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, चम्पारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक हरकिशोर राय, पश्चिम चम्पारण के जिलाधिकारी तरणजोत सिंह, बेतिया के पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन, बगहा की पुलिस अधीक्षक निर्मला कुमारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# फाइलों को निपटाने में देरी भ्रष्टाचार का स्पष्ट संकेत : प्रधान सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विकास कार्यों में सुस्ती और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने अफसरों और इंजीनियरों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो अधिकारी तय समय सीमा के भीतर काम पूरा नहीं करते, वे ईमानदार नहीं बल्कि अव्वल दर्जे के चोर हैं। बुडको की कार्यशाला के उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रोजेक्ट में अफसरों या इंजीनियरों की लापरवाही के कारण देरी होती है और लागत बढ़ती है तो उस अतिरिक्त राशि की वसूली सीधे संबंधित अधिकारी की जेब से की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जो फाइल 10 मिनट में निपटनी चाहिए, उस पर 10 दिन बैठना भ्रष्टाचार का स्पष्ट संकेत है। विनय कुमार ने कहा कि काम में सुस्ती कोई महात्मा होने की निशानी नहीं है बल्कि इसके पीछे अक्सर रिश्वतखोरी या लापरवाही होती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब किसी परियोजना की समय सीमा 12 महीने है तो उसे 15 महीने क्यों लगते हैं। देरी का असर सीधे प्रोजेक्ट की लागत और गुणवत्ता पर पड़ता है जिससे ठेकेदार मजबूरी में घटिया सामग्री का उपयोग करता है और इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। प्रधान सचिव ने तकनीकी खामियों पर भी नाराजगी जताई। लखीसराय के एक प्रोजेक्ट का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि डीपीआर और बिड डॉक्यूमेंट बनाने और मंजूरी देने वालों ने सामान्य समझ का भी इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी इंजीनियर डीपीआर और बिड डॉक्यूमेंट का गहराई से अध्ययन करें ताकि तकनीकी गलतियों से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब केवल बहानेबाजी से काम नहीं चलेगा। प्रोजेक्ट में देरी के लिए नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रधान सचिव विनय कुमार ने कहा कि आने वाले 30-40 साल बुडको जैसे संस्थानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 209 नए डिग्री कॉलेजों में 9196 पदों पर भर्ती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के 209 नए डिग्री कॉलेजों में प्राचार्य, शिक्षक और कर्मियों सहित 9196 पदों पर बहाली होगी। इनमें प्राचार्य के 209, सहायक प्राध्यापकों के 6479 और लिपिक सहित गैर शैक्षणिक कर्मियों के 2508 पद शामिल हैं। शिक्षकों और कर्मियों की स्थायी नियुक्ति के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा है। वित्त विभाग पद सृजन के इस प्रस्ताव पर प्रशासी पदवर्ग समिति का अनुमोदन लेगा।

### मदरसा से लोडेड पिस्टल बरामद

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण जिले में चकिया थाना क्षेत्र के गवंद्रा स्थित एक मदरसे में पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक लोडेड पिस्टल बरामद की है। पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर हुई इस त्वरित कार्रवाई के बाद मदरसे को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। इस मदरसे का पुराना नाता प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ से रहा है।

### बीपीएससी ने चयन प्रक्रिया में किया बदलाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव सामने आया है। बीपीएससी ने अपनी चयन प्रक्रिया में कई ऐसे सुधार लागू किए हैं जो आने वाले समय में राज्य की प्रशासनिक भर्ती व्यवस्था को पूरी तरह बदल सकते हैं। सबसे बड़ा बदलाव इंटरव्यू पैनल को लेकर किया गया है, जहां अब सीधे तौर पर कार्यरत आइएएस और आइपीएस अधिकारियों को शामिल किया जा रहा है

# कस्टम अधिकारी बनकर उड़ाया 17 किलो सोना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। दानापुर के खगौल थाना क्षेत्र में कस्टम अधिकारी बनकर बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी के कर्मचारी से करीब 17 किलो सोना लूट लिया जिसकी कीमत लगभग 25 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गुजरात के राजकोट निवासी महेश मामतोरा और प्रिंस रामपरिया के कर्मचारी अहमदाबाद से सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन से दानापुर पहुंचे थे। उन्हें बाकरगंज स्थित केवीएस एंड सन्स जाना था। दानापुर जंक्शन से उन्होंने ऑटो लिया लेकिन कुछ दूरी पर ओवरब्रिज के पास एक वाहन और दो बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। करीब सात बदमाश, जो खाकी पैंट और सफ़ेद शर्ट में थे, खुद को कस्टम अधिकारी बताकर जांच के नाम पर तीन बैग अपने कब्जे में ले लिए। बैग मिलते ही सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने अपने मालिक को सूचना दी और फिर थाने जाने की बात कही गई। महेश मामतोरा के अनुसार अपराधियों ने उन्हें सुनसान जगह पर छोड़ फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि अभी औपचारिक मामला दर्ज नहीं हुआ है लेकिन जांच जारी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया गया है।

# आपात स्थिति में ग्रामीण सड़कों का निर्माण करने के लिए बनेगी नई नीति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आपात स्थिति में ग्रामीण सड़कों का निर्माण करने के लिए नई नीति बनेगी। ग्रामीण कार्य विभाग इसके लिए एक एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) बना रहा है। विभाग की ओर से तैयार इस एसओपी को जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। आने वाले दिनों में इसी नीति के तहत ग्रामीण सड़कों का निर्माण होगा। विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वीवीआईपी के दौरे के समय अचानक से राज्य के किसी ग्रामीण इलाकों में सड़कों का निर्माण करने की आवश्यकता होती है। इसी तरह कृत्रिम या प्राकृतिक आपदा आने पर भी आपात स्थिति में सड़कों के निर्माण करने की आवश्यकता होती है। आपात स्थिति में सड़क बनाने की नीति अभी नहीं है। इस कारण वीवीआईपी या अन्य मौकों पर जरूरत के अनुसार विभाग सड़कों का निर्माण करवाता है। निर्माण के बाद उन सड़कों की प्रशासनिक व वित्तीय मंजूरी लेनी होती है। इस कारण आपात स्थिति में सड़कों का निर्माण कराने वाली एजेंसियों को भुग तान के लिए परेशानी का सामना



करना होता है। इसी के आलोक में विभाग ने तय किया है कि इरमजेंसी वर्क के लिए एक एसओपी बना लिया जाए। इस एसओपी को मूर्तरूप दिया जा चुका है। विभागीय मंत्री की सहमति मिलने पर इसे राज्य कैबिनेट भी ले जाया जा सकता है। इसके बाद बिहार में यह नीति लागू हो जाएगी। एसओपी में यह प्रावधान किया गया है कि वीवीआईपी के आगमन या अन्य आपात स्थिति में सड़कों का निर्माण कैसे हो और बनाने वाली एजेंसी को किस तरह भुगतान किया जाए। एसओपी बनाने का मूलमू मकसद यह है कि वीवीआईपी या अन्य आपात स्थिति में ग्रामीण सड़कों के निर्माण में कोई बाधा न हो और शासन-प्रशासन के अधिकारियों को परेशानी भी न हो। ग्रामीण कार्य विभाग उन सड़कों की भी सूची तैयार कर रहा है जो मरम्मत अवधि से बाहर हो चुकी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य योजनाओं से बनी ग्रामीण सड़कें जो पांच साल पहले बनी थी और अब वह मरम्मत अवधि से बाहर हो चुकी है, उसकी दोबारा मरम्मत के लिए सूची बनाई जा रही है। सूची बनाते समय यह भी देखा जा रहा है कि पांच साल में मरम्मत अवधि के दौरान एजेंसियों ने उसकी देखरेख सही तरीके से की या नहीं। अगर बिना मरम्मत के ही ठेकेदारों ने पैसा ले लिया होगा या इंजीनियरों ने उसे भुगतान कर दिया या राशि सरेंडर हो गई तो दोनों ही परिस्थिति में विभाग ने कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। जिन सड़कों के निर्माण के लिए विभाग और एजेंसी के बीच एकरारनामा हो चुका है, उसमें चार्ट बनाने को कहा गया है। इस चार्ट में एजेंसियों को बताना होगा कि वे सड़कों का निर्माण कब और कितने दिनों में करेंगे और फिर सात साल तक उन सड़कों की देखरेख किस तरह करेंगे।

# निशांत को सीएम बनाने के लिए महिलाओं का सत्याग्रह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजनीति एक बार फिर अहम मोड़ पर खड़ी नजर आ रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पद छोड़ने की अटकलों के बीच अब उनके बेटे निशांत को मुख्यमंत्री बनाने की मांग तेज हो गई है। इस मांग को लेकर सुधार वाहिनी से जुड़ी महिलाओं ने अनोखा आंदोलन शुरू किया है। रविवार को पटना के गांधी मैदान में बापू की प्रतिमा के नीचे महिलाओं ने सत्याग्रह शुरू कर दिया। सत्याग्रह कर रहीं महिलाओं का साफ कहना है कि अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहते हैं तो उनकी जगह निशांत कुमार को ही जिम्मेदारी दी जाए। उनका कहना है कि किसी अन्य नेता पर भरोसा करना मुश्किल है। सुधार वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के पद छोड़ने के फैसले से वे सभी आहत हैं। उन्होंने



कहा कि यदि निशांत कुमार मुख्यमंत्री बनते हैं तो लोगों का भरोसा बना रहेगा और महिलाओं को सुरक्षा का वही भरोसा मिलेगा, जो अब तक मिलता आया है। उन्होंने निशांत कुमार को सादगी का प्रतीक बताते हुए कहा कि वे अपने पिता के पदचिह्नों पर चलेंगे और उनकी तरह ही एनडीए की नीतियों को आगे बढ़ाएंगे। वहीं सत्याग्रह में शामिल विभा नामक महिला ने कहा कि राज्य की अधिकांश महिलाएं नहीं चाहतीं कि नीतीश कुमार पद छोड़ें। उनके मुताबिक महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जितना काम नीतीश कुमार ने किया है उतना शायद ही किसी अन्य नेता ने किया हो। फिलहाल बिहार की सियासत में यह नई मांग कितनी असरदार साबित होगी यह आने वाले दिनों में साफ हो सकेगा।

# ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों में सेवा देने वाले डॉक्टरों को जल्द मिलेगा अतिरिक्त वेतन का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में सेवा देने वाले डॉक्टरों को जल्द ही अतिरिक्त वेतन का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने वर्ष 2026-27 के बजट के दौरान ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों में काम करने वाले डॉक्टरों को अतिरिक्त वेतन देने की घोषणा की थी, जिसका नाम प्रोत्साहन राशि रखा गया है। बजट की अपनी इस घोषणा पर अमल करने के लिए विभाग ने पहल प्रारंभ कर दी है। डाक्टरों को कितनी अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जा सकती है इस दिशा में विशेषज्ञों से राय मशविरा प्रारंभ कर दिया गया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि प्रोत्साहन वेतन और बेहतर संसाधनों के सहारे बिहार अब ग्रामीण



स्वास्थ्य सेवाओं में नया माडल स्थापित करने की तैयारी में है। डॉक्टरों के वेतन में 20 से 25 प्रतिशत या फिर 15 दिनों का अतिरिक्त वेतन मिल सकेगा। हालांकि इस पर अब तक अंतिम रूप से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। बजट की उपलब्धता के आधार पर इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय लेकर इसकी घोषणा होगी। सरकार ने यह निर्णय सुदूर क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में डाक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के मकसद से यह कदम उठाया है। राज्य में डॉक्टरों की कमी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिनियुक्ति से परहेज करने वाले डाक्टरों को सेवा के प्रति प्रोत्साहित करना भी योजना का उद्देश्य है। अतिरिक्त प्रोत्साहन से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता गांवों तक सुनिश्चित हो सकेगी। सरकार फिलहाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सुपर स्पेशलिटि सेवा पहुंचाने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती कर रही है। फिलहाल योजना पर अंतिम सहमति के लिए मंथन प्रारंभ हो गया है। जल्द ही इसकी विधिवत घोषणा संभावित है।

CMYK

# मुजफ्फरपुर में गेहूं खरीद तेज, दो घंटे में भुगतान से किसानों में खुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर ज़िले में भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं खरीद अभियान को गति मिली है। फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनोज कुमार गोगोई (सेवानिवृत्त), पूर्व कार्यकारी निदेशक, आंचलिक कार्यालय कोलकाता के नेतृत्व में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं की खरीद कराई गई।
इस दौरान किसानों से खरीदे गए गेहूं का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिना किसी कटौती के किया गया। खास बात यह रही कि किसानों के बैंक खातों में भुगतान महज 2 घंटे के भीतर कर दिया गया, जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।



मौके पर उप महाप्रबंधक (क्षेत्र) सुशील कुमार सिंह, मंडल प्रबंधक आयुष्मान शुक्ला, मुजफ्फरपुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। भारतीय खाद्य निगम ने स्पष्ट किया है कि वह केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी पर गेहूं खरीद कर रहा है और हर हाल में 48 घंटे के भीतर भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिहार राज्य में एफसीआई द्वारा 38 जिलों में कुल 130 केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जा रही है। खरीद से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ऑनलाइन माध्यम से संचालित हो रही है। 5 अप्रैल 2026 तक राज्य में कुल 542.9 मीट्रिक टन गेहूं की अधिप्राप्ति की जा चुकी है। किसानों से अपील की गई है कि वे बिचौलियों के झांसे में न आएं और गेहूं को कम दाम पर बेचने के बजाय सरकारी खरीद केंद्रों पर ही समर्थन मूल्य पर विक्रय करें, जिससे उन्हें समय पर उचित भुगतान मिल सके।

# आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी को देखने उमड़ी भीड़

## सिल्वर ज्वेलरी मॉल का राजा बाजार इलाके में उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चर्चित आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी को देखने और उनका सानिध्य पाने के लिए राजधानी पटना में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और बढ़ी संख्या में भक्तों ने उनका सानिध्य प्राप्त किया। दरअससल जया किशोरी देश का पहला सिल्वर ज्वेलरी मॉल का राजा बाजार इलाके में उद्घाटन करने रविवार, को पटना आयी थी। उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं मॉल के स्वामी पवन खेमका भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जया किशोरी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान न केवल व्यापार को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों के विश्वास और गुणवत्ता के मानकों को भी नई दिशा प्रदान करते हैं। सिल्वर मॉल की पूजा दरभंगा से



पधारे विद्वान पंडित डॉ विपिन मिश्रा ईवा अर्जुन झा ने कराया तथा मौके पर शंखनाद किया। यह अत्याधुनिक सिल्वर मॉल अपनी तरह का भारत का पहला केंद्र है, जहाँ चांदी के उत्पादों की एक विशाल और विविध श्रृंखला एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। बतातें चलें कि बनवारीलाल चांदीवाला नाम से शुरू किया गया यह मॉल करीब 20,000 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला हुआ है और इसे पांच मंजिला आधुनिक ज्वेलरी हब के रूप में विकसित किया गया है। इसे देश का पहला और सबसे बड़ा सिल्वर हॉलमार्क ज्वेलरी मॉल बताया जा रहा है। इस मॉल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां केवल शुद्ध हॉलमार्क चांदी से बने उत्पाद ही उपलब्ध होंगे। ग्राहकों को यहां पारंपरिक चांदी के आभूषणों के साथ-साथ प्राचीन वस्तुएं, चांदी के फर्नीचर और विभिन्न प्रकार के गिफ्ट आइटम एक ही छत के नीचे मिलेंगे। सुविधाओं की बात करें तो मॉल में ग्राहकों के लिए दो फ्लोर की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ज्वेलरी ऑन व्हील्स यानी ज्वेलरी बस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे ग्राहक अलग-अलग स्थानों पर भी ज्वेलरी की खरीदारी कर सकेंगे। मॉल प्रबंधन का कहना है कि यह स्टोर खास तौर पर असली चांदी की लग्जरी और प्रमाणिकता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को एक भरोसेमंद और प्रीमियम शॉपिंग अनुभव मिल सके।

# शिक्षा केवल अंक प्राप्त करना नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का साधन : विकास वैभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगध साइंस कोचिंग, बाजार समिति के प्रांगण में आज प्रतिभा सम्मान समारोह में आज शिक्षा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। ज्ञात हो कि मगध सांइस कोचिंग 11वीं एवं 12वीं की तैयारी हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में बहुत ही कम फी में सारे विषय की तैयारी करवाती है ताकि गरीब से गरीब बच्चें भी पढ़ाई से वंचित नहीं रहें मगध साइंस कोचिंग में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यम से तैयारी करवायी जाती है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कढर विकास वैभव एवं प्रख्यात चिकित्सक पद्मश्री डॉ आर एन सिंह उपस्थित रहे। संस्थान हर वर्ष की तरह इस वर्ष 2026 में 12वीं



बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। विकास वैभव ने संस्थान के निदेशक पंकज सर छात्रों को उत्कृष्ट प्रर्दशन दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया एवं अपने लेट्स अम्पार विहार अभियान के सार को छात्रों के बीच रखा। उन्होंने कहा शिक्षा केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का साधन है। बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है और आप जैसे मेधावी छात्र ही उस विरासत को वापस लाएंगे। अपनी ऊर्ज़ा को व्यर्थ न जाने दें। एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास करें। आपके भीतर असीम क्षमताएं हैं, बस उन्हें पहचानने की आवश्यकता है। डॉ आर एन सिंह ने छात्रों को स्वास्थ, शिक्षा और सेवा का महत्व समझाते हुए कहा कि मेधावी होना अच्छी बात है, लेकिन उस मेधा का उपयोग राष्ट्र और समाज के उत्थान में होना चाहिए। एक डॉक्टर या इंजीनियार बनने से पहले एक सहीं इंसान का बनना बहुत जरूरी है। इसके लिए मगध साइंस कोचिंग एवं उनकी टीम इस कार्य को अच्छे ठंग से कर रहे जो बहुत ही सराहनीय है।पंकज सर ने छात्रों में जोश भरते हुए जीवन के व्यावहारिक सूत्र बताए उन्होनें कहा कि आचरण और सफलता अगर सफल बनना है, तो आज से ही एक सफल इंसान जैसा आचरण करना शुरू कर दीजिए। आपकी अनुशासन और मेहनत ही आपकी पहचान बनेगी। अपने आप को सफल बनाने के लिए इस कदर जुट जाइए कि जो लोग आज आपका मजाक बनाते हैं, कल वे आपसे जुड़ने के लिए तरसें।

# डा. आनंद रंजन झा की पहल पर जंदाहा में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण होगा प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जंदाहा (वैशाली)।** क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा की पहल पर जल्द ही उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।
डॉ. झा ने बताया कि यह प्रशिक्षण उनके ही संस्थान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में आयोजित किया जाएगा, जो नगर पंचायत जंदाहा के वार्ड संख्या-06, डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलोनी में स्थित है तथा जिला वैशाली के अंतर्गत आता है।



उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को व्यवसाय शुरू करने, उसे सफलतापूर्वक संचालित करने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग, डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।
डॉ. झा ने यह भी कहा कि यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे सीमित संसाधनों में भी अपना खुद का व्यवसाय स्थापित कर सकें।
स्थानीय युवाओं में इस प्रशिक्षण को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और इसे क्षेत्र के आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जीण माता मंगलपाठ एवं भजन संध्या का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जीण माता सेवा समिति द्वारा आज श्री जीण माता मंगलपाठ एवं भजन संध्या का आयोजन दिन में दो बजे से बैंक रोड स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में राजस्थानी महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। मौके पर श्रवण गोयनका ने बताया कि जीण माता मंगलपाठ का पटना में यह छठा वार्षिकोत्सव हो रहा है। मौके पर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि जीण माता देवी रुप में प्रकट नहीं हुई थी, बल्कि मनुष्य से देवी रुप में परिवर्तित हुई थी। इनकी चमत्कारी शक्ति ऐसी है कि इन्हें शक्तिपीठ की तरह पूजनीय माना जाता है। जीण माता का प्रसिद्द मंदिर सीकर जिले में रेवासा से लगभग 10 कि.मी. दूर ह। मौके पर जीण माता मंगलपाठ में 700 से अधिक महिलाओं ने राजस्थानी वेश-भूषा पाठ किया। महिलायें गा रही थीं जिसमें जीण जीण भज बारम्बारा, हर संकट का हो निश्तारा। नाम जपे माँ खुश हो जावे, संकट हर लेती है सारा। विघ्न हरण मंगल करन झ गौरी सूत गणराज। कंठ विराजो शारदा आन बचाओ लाज। तथा मंगल भवन अमंगलहारी, जीण नाम होता हितकारी। आदि शक्ति माँ जीण भवानी झ महिमा माँ की किसने जानी। महिलाओं ने जीण माता फूलों एवं गजरा से श्रृंगार किया तथा जीण माता को चुनरी ओढ़ाई। मंगलपाठ के साथ ही मौके पधारे प्रसिद्द जीण माता भजन गायक रविश सोनम सोनी ने अपने भजनों से सभी भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविश सोनम ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाये। भजन गायिकी रात्रि आठ बजे तक चलती रही। एम पी जैन ने बताया कि इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, रवि शर्मा (गुडुजी), संदीप शर्मा, अरविंद सर्राफ, रमेश चौधरी, महेश पंसारी, सुशील सुन्दका, दीपक अग्रवाल, विकास अग्रवाल समेत समिति के अन्य पदाधिकारी लगे हुए थे।

# पटना मरीन ड्राइव बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मरीन ड्राइव पर अगले तीन महीने में एक लाख पेड़ लगाने का हमारा लक्ष्य है। बिहार में विकास कार्यों के कारण जहां भी पेड़ कटता हैं उसके बदले अन्य स्थान पर उससे कहीं ज्यादा पेड़ लगाए जाते हैं। पिछले करीब 20 वर्ष में लगातार पेड़ लगाए गए हैं। ये बातें शनिवार को होटल ताज सिटी सेंटर में आयोजित एक कार्यशाला में राज्य के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कही है। 'मानव-वन्यजीव : द्वंद से सह-अस्तित्व की ओर' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने बिहार सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मानव और वन्यजीवों के बीच टकराव न हो इसके लिए बिहार सरकार काम कर रही है। बिहार में पर्यावरण को लेकर बहुत काम हुए हैं। बिहार के बंटवारे के समय मात्र 6 प्रतिशत हरित आवरण था जो कि आज बढ़कर 15 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में ईको टूरिज्म को विकसित करने के लिए भी काम किए जा रहे हैं। वाल्मीकि नगर में करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से लव कुश पार्क बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। मरीन ड्राइव के पास विश्व स्तर का बड़ा एक्वेरियम बनाने की योजना पर काम चल रहा है। पटना में अब वाटर मेट्रो रेल भी जल्द शुरू होगी।

**तीन महीने में हरियाली मिशन, विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर फोकस**

कार्यशाला में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री और मुजफ्फरपुर से सांसद डॉ. राज भूषण चौधरी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से मानव और वन्य जीवों के बीच संघर्ष बढ़ा है जिसकी वजह वन्य जीवों के आवास का नष्ट होना है। वन्य जीवों के कॉरिडोर का संरक्षण जरूरी है इसके लिए जनभागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए।

**पटना-डोभी ग्रीन कॉरिडोर में देशी प्रजातियों के पौधे लगाने की योजना**

वहीं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि पटना -डोभी ग्रीन कॉरिडोर में पीपल, नीम पाकड़ और जामुन जैसे देशी पेड़ लगाए जाएंगे। हमें विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए मानव और वन्य जीव दोनों जरूरी है। वन्य जीवों के सह-अस्तित्व से छेड़छाड़ ठीक नहीं है। इस मौके पर बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह, आरा से सांसद सुदामा प्रसाद, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक हॉफ प्रभात कुमार गुप्ता, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अभय कुमार समेत कई अन्य ने अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम में भीमबांध वन्यप्राणी आश्रयणी के सर्वे रिपोर्ट का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# संजय सरावगी ने बाबू जगजीवन राम की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व उप मुख्यमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर उन्हें याद किया और उन्हें श्रद्धान्जलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस मौके पर कहा कि जगजीवन बाबू सामाजिक समरसता के प्रखर अग्रदूत रहे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वंचितों के उत्थान और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक कुशल प्रशासक और ओजस्वी वक्ता के रूप में उनका व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है। उनके काम की वजह से लोग प्यार से उन्हें 'बाबूजी' कहते थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### राष्ट्र और समाज की...

सम्मान से अवकाश प्राप्त आइएएस अधिकारी एवं बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गिरीश चंद्र लाल, मेजर जनरल अनुज माथुर तथा पूर्व आइएएस अधिकारी एवं साहित्यकार श्याम जी सहाय को सम्मानित किया गया। इन सभी विभूतियों को उनके दीर्घकालिक योगदान, प्रशासनिक दक्षता, साहित्यिक साधना और समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया, जिसने समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया। इसके साथ ही 22 प्रतिभाशाली विभूतियों को 'महादेवी वर्मा सम्मान' से नवाजा गया। इन सम्मानित विभूतियों में रंजीत कर्ण, रंजन राज, मुकेश कुमार सिंह, डॉ. उर्मिला श्रीवास्तव, अरविंद कुमार गौतम, अवनीश श्रीवास्तव, रीना सोपम, डॉ. रीता दास, डॉ. सुनील कुमार चंपारनी, श्वेतांक सेल्कवाल, कुमकुम गौड़, डॉ. सरिता श्रीवास्तव, डॉ. सुशील भारती, प्रो. रणविजय सिन्हा, संतोष सुमन, उदय श्रीवास्तव, डॉ. उर्वशी श्रीवास्तव, डॉ. शिखा भटनागर, सुभाषिनी स्वरूप, डॉ. भवानी शारदे तथा डॉ. निशा पाराशर सहित अन्य नाम शामिल रहे। इन सभी को कला, संस्कृति, कानून, साहित्य, शिक्षा, राजनीति विज्ञान, उद्यमिता और पत्रकारिता जैसे विविध क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठनात्मक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि संगठन आज विश्व के 26 देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है और भारत के अधिकांश राज्यों में इसका विस्तार हो चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन को और सशक्त बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने कहा कि यह सम्मान समारोह समाज की उन विभूतियों को पहचान देने का प्रयास है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज को गौरवान्वित किया है। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता कमल किशोर ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 26 हस्तियों को सम्मानित किया गया है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में ग्लोबल महासचिव नवीन कुमार, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गिरीश माथुर, आदित्य नाग, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रजनी श्रीवास्तव, अभय सिन्हा, राष्ट्रीय समन्वयक धनंजय प्रसाद, सदस्यता संयोजक निलेश रंजन, आलोक अविरल, लाला सौरभ वर्मा सहित विभिन्न राज्यों और देशों से आए प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। समारोह का सफल संचालन शिवानी गौड़ और नम्रता आनंद ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मृणालिनी अखौरी समेत अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

# सेवानिवृति की निकटता वाले 258 पुलिसकर्मियों को मिला गृह जिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सेवानिवृति की निकटता वाले 258 पुलिसकर्मियों को उनके ऐच्छिक या गृहजिले में पोस्टिंग दी गयी है। बिहार पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित स्थानांतरण समिति की मंजूरी के बाद इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। गृह जिले में स्थानांतरण पाने वालों में पुलिस इंस्पेक्टर से लेकर दारोगा, एएसआई, हवलदार और सिपाही रैंक के कर्मी शामिल हैं। उक्त स्थानांतरण संबंधित पदाधिकारी-कर्मियों की ओर से समर्पित विकल्प आवेदन पर किया गया। इससे संबंधित अनुशंसा क्षेत्रीय स्थानांतरण समिति की ओर से भेजी गयी थी। पुलिस मुख्यालय के आदेश के मुताबिक पुलिस मैनुअल के तहत दो साल से कम की सेवानिवृति अवधि वाले पुलिसकर्मियों को गृह जिले में स्थानांतरण दिए जाने का प्रावधान है। जिन पुलिस पदाधिकारी-कर्मियों ने सिर्फ इकाई में पदस्थापन का अनुरोध किया था, उनके द्वारा किये गये अनुरोध को अस्वीकृत कर दिया गया है। सिर्फ ऐच्छिक या गृह जिला के आवेदनों पर ही विचार किया गया। 16 पुलिसकर्मियों के आवेदन अस्वीकृत हुए। इनमें कुछ लोगों की सेवानिवृति में दो साल से अधिक का समय बचा था। डीआईजी (कार्मिक) ने आदेश दिया है कि संबंधित कार्यालय प्रधान स्थानांतरित कर्मियों को विरमित करने से पूर्व उनके सेवाभिलेख की जांच कर लेंगे। फिर जिलादेश निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। भिन्नता पाये जाने पर पुलिस मुख्यालय को इससे अवगत करायेंगे।

# बिहार-झारखंड के बच्चों को मिलेगी नामांकन में 50 प्रतिशत की छूट

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी जॉय यूनिवर्सिटी ने बिहार झारखंड के मेधावी बच्चों को तकनीकि पाठ्यक्रम के नामांकन में 50 प्रतिशत का छूट देने का फैसला लिया है। इसकी घोषणा करते हुए विश्वविद्यालय के नामांकन प्रमुख नार्थ इंडिया एस पलानीअप्पन ने बताया कि बिहार झारखंड के मेधावी बच्चों को बीबीए, बीसीए, बीटेक, बी फर्मा, एमसीए, बीएससी एग्रीकल्चर,बीएससी नर्सिग,बीएससी एनीमेशन, बीएससी आनर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी हॉटीकल्चर, बीपीटी तथा एमएएसी लाईफ एण्ड हेल्थ साईस जैसे पाठ्यक्रम में 50 प्रतिशत की दूट देगा। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ बिहार झारखंड के बच्चों को कैंपस सलेकशन दिलवाने का काम करते हैं। यह यूनिवर्सिटी तमिलनाडृ के कन्याकुमारी में 225 एकड़ में फैला हुआ है। यह संस्थान 42 साल से शिक्षण के क्षेत्र में काम कर रहा है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्थित बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी 10 मंडलों में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अभियान में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं को वैचारिक एवं कार्यात्मक रूप से सशक्त किया। समापन समारोह की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा बताते हुए कार्यकताओं से उसे अपने दैनिक जीवन एवं संगठनात्मक कार्यों में अपनाने का आह्वान किया।दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण अभियान में कार्यकताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा आमजन से संवाद स्थापित करने की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक लक्ष्यों के प्रति सजग और सक्रिय रहने का संदेश भी दिया गया। समापन अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है, जहां प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण अभियानों से कार्यकताओं में न केवल वैचारिक स्पष्टता आती है, बल्कि संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी और मजबूत होती है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कार्यकताओं ने प्रशिक्षण सत्रों को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें जमीनी स्तर पर कार्य करने की नई दिशा एवं ऊर्ज़ा प्राप्त हुई है। सभी 10 मंडलों में एक साथ आयोजित इस अभियान ने संगठन की एकजुटता और मजबूती को और अधिक सुदृढ़ किया है। अंत में आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि कार्यकताओं को समय-समय पर नई जानकारी एवं कौशल प्रदान कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर भीखू भाई दलसानिया, पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पष्रद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन, जिला अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, प्रभाकर मिश्रा, संतोष पाठक, सुनील सेवक, अनामिका शंकर, शोभा सिंह, राधिका रमण आदि थे।

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जगजीवन राम को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्कुलर रोड, अणे मार्ग एवं कौटिल्य मार्ग के चौराहे पर अवस्थित स्व. जगजीवन राम जी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, विधान




पार्षद रवीन्द्र प्रसाद सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व. जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# ट्रैक्टर चोर गिरोह का भंडाफोड़ पांच वाहन बरामद, तीन गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)**। जिले में सक्रिय ट्रैक्टर चोर गिरोह के खिलाफ कोचस पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। बहदुटीया से चोरी गया ट्रैक्टर करहगर थाना क्षेत्र के समहुता गांव स्थित एक अर्धनिर्मित मकान के हाता से बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान मौके से कुल पांच ट्रैक्टर जब्त किए गए, जिससे क्षेत्र में सक्रिय अंतर-जिला गिरोह की आशंका मजबूत हुई है। बरामद ट्रैक्टरों में एक वाहन परसथुआ थाना क्षेत्र से चोरी गया पाया गया। जांच के दौरान चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि तीन ट्रैक्टरों के इंजन नंबर समान हैं, जिससे इनके फर्जी कागजात या अवैध तरीके से पहचान बदलने की साजिश का संकेत मिलता है। शेष ट्रैक्टरों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित कुमार (ग्राम नवां), चंदन कुमार (ग्राम खैरी, थाना दिनारा) तथा रविरंजन कुमार (ग्राम समौहता, थाना करहगर) शामिल हैं। एसडीपीओ-2 कुमार वैभव निधि ने बताया कि ट्रैक्टर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस बरामदगी से गिरोह के नेटवर्क और गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई तेज की जा रही है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में छापेमारी की गई, जिसमें यह सफलता हाथ लगी। उन्होंने कहा कि गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अब इस पूरे मामले में गहन जांच कर रही है, ताकि चोरी के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके और क्षेत्र में हो रही ट्रैक्टर चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा रही है।

## सोन नदी में डूबे किसान का शव मिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम**। रोहतास जिले के तिलौथू में सोन नदी में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। लगभग 55 वर्षीय किसान श्यामलाल चौधरी का शव रविवार को नदी से बरामद किया गया। वे तिलौथू थाना क्षेत्र के उत्तर पट्टी गांव के निवासी थे। श्यामलाल चौधरी सोन डीला पर खीरा, ककड़ी और लौकी की खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। शनिवार को वे प्रतिदिन की तरह खेती करने गए थे, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। रविवार को परिजनों और ग्रामीणों ने जब सोन डीला पर उनकी तलाश की, तो श्यामलाल चौधरी का शव पानी के ऊपर तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि गांव लौटते समय गहरे पानी में चले जाने से उनकी मौत हुई होगी। घटना की सूचना मिलने पर तिलौथू थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। तिलौथू थाने के चौकीदार राजेंद्र राम ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# एसआई श्रीति सिन्हा ने निःशुल्क पाठशाला के बच्चों के बीच किया पाठ्य सामग्री का वितरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू**। तिलौथू प्रखंड में संचालित निःशुल्क पाठशालाओं के सराहनीय प्रयास के तहत आज बसडीहा स्थित एक पाठशाला में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर अमझोर थाना की एसआई श्रीति सिन्हा ने स्वयं उपस्थित होकर बच्चों को कॉपी, पेन सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री भेंट की। निःशुल्क पाठशालाओं के संचालक सत्यानंद कुमार ने बताया कि प्रखंड के 16 स्थानों पर यह पहल लगातार संचालित हो रही है। यहां बच्चों को सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार और व्यवहार की भी सीख दी जाती है। जो कि सब निःशुल्क है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे, जो गांव में इधर-उधर भटकते रहते हैं, स्कूल नहीं जाते या नशे की चपेट में आ चुके हैं, उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का यह एक छोटा लेकिन प्रभावी प्रयास है। उन्होंने बताया कि बच्चों को हर महीने पाठ्य सामग्री के साथ-साथ फल, बिस्किट, चॉकलेट और खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े और वे नियमित रूप से पाठशाला से जुड़े रहें। यह पहल अब पूरे बिहार में चर्चा का विषय बन चुकी है। पाठशाला के शिक्षक सत्येंद्र राम ने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से गांव के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग मिलता है, तो बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है और वे भी आगे चलकर वर्दीधारी अधिकारी बनने का सपना देखने लगते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया और सभी ने एसआई श्रीति सिन्हा का आभार व्यक्त किया।

# जटायु-रावण युद्ध प्रसंग पर हुआ भावपूर्ण प्रवचन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन**। डालमियानगर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में आयोजित हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ के 13वें दिन शनिवार की रात श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मानस विदुषी शैल कुमारी पांडेय ने रामायण के जटायु-रावण युद्ध प्रसंग पर विस्तार से प्रवचन देते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि जब रावण माता सीता का हरण कर आकाश मार्ग से लंका की ओर जा रहा था, तभी गिद्धराज जटायु की दृष्टि उस पर पड़ी। धर्म और कर्तव्य के पालन हेतु जटायु ने रावण को ललकारते हुए उससे घनघोर युद्ध किया। हालांकि अंततः रावण ने तलवार से उनके पंख काट दिए, जिससे जटायु मरणासन्न होकर भूमि पर गिर पड़े, लेकिन उनका यह बलिदान धर्म की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण बन गया। प्रवचन के दौरान उन्होंने रामायण के अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पंचवटी में शूर्पणखा द्वारा राम और लक्ष्मण को रिझाने का प्रयास तथा उसके अपमान के बाद रावण द्वारा प्रतिशोध स्वरूप सीता हरण की घटना ही राम-रावण युद्ध का प्रमुख कारण बनी।स्वर्ण मृग प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मारीच ने रावण के कहने पर मायावी स्वर्ण हिरण का रूप धारण कर सीता को मोहित किया। श्रीराम द्वारा हिरण के वध के बाद मारीच की कृत्रिम पुकार के कारण लक्ष्मण को आश्रम छोड़ना पड़ा, जिसका लाभ उठाकर रावण ने सीता का हरण कर लिया। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि 'सोने का हिरण' केवल माया है, जो मनुष्य को भ्रमित कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई विद्वान इस पूरे घटनाक्रम को अहंकार और लालच के अंत के प्रतीक के रूप में देखते हैं, वहीं राम के हाथों मारीच के वध के बाद उसे मोक्ष प्राप्त होने की भी मान्यता है। कार्यक्रम के दौरान केशवर सिंह, संजय सिंह बाला, ललित सिन्हा, राजेश प्रसाद केसरी, नीलम देवी, राधा, रिनी बरनवाल, प्रीति, सुनीता, पियूष, उर्मिला सिंह, उषा देवी, माधुरी पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर पांच मामलों में हुई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़(कैमूर)**। रामगढ़ थाना परिसर में रविवार को विभिन्न मामलों में जब्त की गई लगभग 175 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। कुल 5 कांडों से संबंधित शराब का विनिष्टीकरण किया गया।

शराब नष्ट करने की यह प्रक्रिया मद्य निषेध नियमों का सख्ती से पालन करते हुए संपन्न हुई। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी हरि प्रसाद शर्मा और उत्पाद विभाग के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही थाना के अन्य पुलिसकर्मी और प्रशासनिक कर्मी भी मौजूद थे।

रामगढ़ थाना प्रभारी हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे अवैध शराब की बिक्री या भंडारण से संबंधित किसी भी जानकारी को पुलिस के साथ साझा करें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके।

# चौहरमल धाम बन रहा आस्था का केंद्र, संजय पासवान ने रचा इतिहास : आनंद सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन**। एनिकट स्थित बाबा वीर शिरोमणि चौहरमल जी का भव्य मंदिर "चौहरमल धाम" क्षेत्र में आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। दुसाध जागृति एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान के नेतृत्व में विकसित इस धाम की उपलब्धियों को लेकर आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने उनकी सराहना करते हुए इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया। चौहरमल धाम में सम्मानित होने के उपरांत आनंद सिंह ने कहा कि वे रांची से बाबा का आशीर्वाद लेने यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भव्य धार्मिक स्थल समाज को नई दिशा देने के साथ-साथ लोगों को अपनी संस्कृति और इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष संजय पासवान ने निदेशक आनंद सिंह को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए चौहरमल धाम के निरंतर विकास की कामना की। अपने संबोधन में आनंद सिंह ने कहा, "जो व्यक्ति अपना इतिहास नहीं जानता, वह कभी इतिहास नहीं रच सकता।" उन्होंने युवाओं से अपने समाज और महापुरुषों के इतिहास को जानने तथा उससे प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया और चौहरमल धाम को एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल के रूप में विकसित करने के संकल्प को दोहराया गया। अंत में अध्यक्ष संजय पासवान ने कार्यक्रम की सफलता पर मंच के सदस्यों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर बिरेंद्र पासवान, अमित पासवान, दीपु कुमार दीप, अजय पासवान, बिनोद पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पेंशनरों की सुविधाओं में कटौती पर जताई नाराजगी, बैठक में कई प्रस्ताव पारित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन सोन**। अनुमंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सिंचाई कॉलोनी स्थित कार्यालय में अध्यक्ष शिव दर्श सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन मंत्री जगदीश सिंह ने किया। बैठक में वक्ताओं ने पेंशनधारियों की समस्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बख्तावर ने कहा कि सरकार द्वारा पेंशनरों की सुविधाओं में लगातार कटौती की जा रही है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान 18 माह के बकाया महंगाई भत्ते का भुगतान अब तक पेंशनरों को नहीं किया गया है, जिससे आर्थिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर उसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही आगामी मजदूर दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भैरव राम, राधा प्रसाद, सीताराम लाल, मुमताज कुरैशी, क़त्था अंसारी, देवांश पाल, राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# तिलौथू-एस्टेट वार्ता का चौथा दौर तय, 'न्यू मार्केट' के लिए रेलवे की जमीन खरीदने पर विचार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू**। तिलौथू व्यावसायिक एवं सामाजिक कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें तिलौथू एस्टेट के साथ प्रस्तावित चौथे दौर की वार्ता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का संचालन समिति के प्रधान महासचिव सत्येंद्र कुमार सत्या ने किया, जबकि अध्यक्षता बैजनाथ सिंह बटोही ने की। सत्येंद्र कुमार सत्या ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिन पूर्व तिलौथू एस्टेट की ओर से अनुराग सिंहा द्वारा वार्ता का प्रस्ताव फोन के माध्यम से प्राप्त हुआ था। इसके बाद वार्ता के मुद्दों के चयन हेतु इंद्रपुरी स्थित एक होटल में अनुराग सिंहा से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान समिति की ओर से बाजार के व्यवसायियों पर दर्ज मुकदमों को प्रस्तावित बैठक में उठाकर समाप्त करने की मांग रखी गई, ताकि दोनों पक्षों के बीच चल रही तनातनी को कम कर सकारात्मक समाधान निकाला जा सके। उन्होंने बताया कि विवाद की मुख्य वजह तब से बढ़ी, जब 50-60 वर्षों से स्थापित दुकानदारों को एस्टेट द्वारा मात्र 11 महीने का किरायेदार बनाने की कोशिशें की गईं। इस मुद्दे को आगामी वार्ता में प्रमुखता से उठाया जाएगा। अनुराग सिंहा ने बैठक में प्रतिनिधियों की संख्या सीमित रखने का सुझाव दिया, जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया है। बैठक में व्यवसायियों ने कई अहम मुद्दे उठाए। पहला, तिलौथू एस्टेट द्वारा रात के समय वर्षों पुराने गलियों और रास्तों को बंद करने का मामला। बताया गया कि 24 जनवरी से स्वर्णकार मोहल्ले के मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है, जिससे आम जनता और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय को पहले 14 फरवरी की बैठक में भी उठाया गया था, जिस पर एस्टेट की ओर से समाधान का आश्वासन दिया गया था। दूसरा, रेलवे की जमीन खरीदकर 'न्यू मार्केट' विकसित करने का प्रस्ताव। सत्येंद्र कुमार सत्या ने उन व्यवसायियों का धन्यवाद किया, जिन्होंने नीलामी में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि समिति ने इस जमीन के लिए तीसरे स्थान तक बोली लगाई थी। अब सफल बोलीकर्ता की ओर से समिति को प्रस्ताव मिला है। कई व्यवसायियों का सुझाव है कि यदि उचित दर पर सहमति बनती है, तो उक्त जमीन को खरीदकर एक व्यवस्थित 'न्यू मार्केट' का निर्माण किया जाए। इस पर सत्या ने आश्वासन दिया कि अनुपस्थित व्यवसायियों से भी राय लेने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। यदि सफल बोलीकर्ता जयप्रकाश सिंत्र एवं धर्मेंद्र सिंह से बातचीत सफल रहती है, तो जमीन आंशिक या पूर्ण रूप से खरीदने की पहल की जाएगी।

बैठक में बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित रहे, जिनमें संरक्षक डॉ. अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष रामनाथ मेहता, पूर्व मुखिया जयप्रकाश सिंह, उपसचिव शाहीन इस्लाम, मोहन शाह, उपाध्यक्ष अमर सिंह, वशिष्ठ शाह सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल थे। तिलौथू एस्टेट और व्यवसायियों के बीच होने वाली चौथे दौर की वार्ता से बाजार के लंबे समय से चल रहे विवादों के समाधान की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं 'न्यू मार्केट' की योजना स्थानीय व्यापार के विकास में एक नया अध्याय खोल सकती है।

# दहेज मामले में दो फरार वारंटी गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम**। जिले के काराकाट थाना पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया। ये गिरफ्तारियां भोजपुर जिले में 2016 में दर्ज एक दहेज उत्पीड़न मामले के तहत की गई हैं। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि यह मामला बुढ़वल गांव के एक परिवार से जुड़ा है। भोजपुर पुलिस ने इस परिवार पर 2016 में दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया था। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान बुढ़वल निवासी महावीर प्रसाद गुप्ता के पुत्र जगदीश प्रसाद गुप्ता और उनके पुत्र राजकुमार उर्फ बबलू के रूप में हुई है।

दोनों अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस की पकड़ से बाहर थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने काराकाट थाना क्षेत्र के बुढ़वल गांव में छापेमारी कर उन्हें बिना किसी विरोध के धर दबोचा। थाना प्रभारी ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों अभियुक्तों को सोमवार को स्थानीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसी क्रम में, काराकाट पुलिस ने शराब कांड मामले में हंस लाल राम के पुत्र संजय राम को भी गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# चैता कार्यक्रम में पत्रकार चिंटू सिंह ने कलाकारों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू**। तिलौथू प्रखंड के हुरका पंचायत अंतर्गत निमियाडीह चौक पर आयोजित चैता कार्यक्रम ने स्थानीय लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकल कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। यह चैता कार्यक्रम दोपहर में शुरू होकर शाम तक चला, जिसमें एक से बढ़कर एक चैता गीतों की प्रस्तुति दी गई और पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक साफ दिखाई दी। कलाकारों ने अपने सुरों और संगीत से दर्शकों को देर शाम तक बांधे रखा तथा कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि दैनिक भास्कर के पत्रकार शशिरंजन कुमार उर्फ चिंटू सिंह ने कलाकारों और अतिथियों को गमछा भेंट कर सम्मानित किया, जिससे कलाकारों का उत्साह काफी बढ़ा। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य क्षेत्रीय लोक कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है, वहीं कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान रखा गया था। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं। यह चैता कार्यक्रम हुरका निवासी मनोज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सहयोग के रूप में रामपति राजवंशी, दिनेश कुमार, सोहन कुमार, राजू कुशवाहा, कमलेश कुमार, पिंटू मोदी, विश्वास सिंह, अजित कुमार (लेवड़ा), अरविंद कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।

## गेहूं की फसल खाक

**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास के शिवसागर प्रखंड अंतर्गत सिलारी गांव में रविवार को लगभग 150 बीघे में खड़ी गेहूं की तैयार फसल आग लगने से जलकर खाक हो गई। इस घटना से दर्जनों किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सहायक अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में आग लगने का कारण खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों से निकली चिंगारी प्रतीत हो रही है।

## शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन**। दरिहट थाना की पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के धरहरा गांव स्थित ब्रह्मस्थान के पास छापेमारी कर 22 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान श्याम बाबू (23 वर्ष), पिता तेतर साह, निवासी ग्राम धरहरा, थाना दरिहट के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के तहत सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# कोचस में 350 बीघा गेहूं की फसल राख



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के ऊबधी और अकोढ़ी गांव के बधार में रविवार को लगभग 10-11 बजे दिन में अचानक भीषण आग लगने से करीब 300 से 350 बीघा में लगी गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई और किसानों के बीच हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई। बताया जाता है कि आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दूर-दूर तक फैली फसल इसकी चपेट में आ गई। किसान आग बुझाने के लिए दौड़े, लेकिन तेज लपटों के आगे उनके सारे प्रयास नाकाम साबित हुए। कई किसान अपनी आंखों के सामने सालभर की मेहनत को जलते हुए देख बेबस नजर आए। कोचस जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह ने बताया कि ऊबधी और अकोढ़ी गांव के बधार में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका है। इस अगलगी में धर्मेंद्र कुमार सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, महेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, केदार सिंह, रामेश्वर सिंह, वीरेंद्र सिंह, उमेश कुमार, गुड्डु सिंह, पिंटू सिंह, भोला चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, मदन चौधरी, कलामुद्दीन अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, अजीत चौधरी, भगवती चौधरी, मोहन चौधरी, विनोद चौधरी, मुकेश चौधरी सहित अकोढ़ी के मुन्ना राय, सच्चिदानंद राय, मुसाफिर राय, रमेश राय, काशी राय, बहादुर राय समेत दर्जनों किसानों की फसल पूरी तरह जल गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला पार्षद नीलम पटेल, जदयू जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव प्रमोद कुमार पटेल तथा पैक्स अध्यक्ष सुनील सिंह ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग किया और दमकल को बुलाने में अहम भूमिका निभाई। जनप्रतिनिधियों ने सरकार से पीड़ित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसानों की आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है, ऐसे में इस नुकसान की भरपाई बेहद जरूरी है। वहीं, पीड़ित किसानों का रो-रोकर बुरा हाल है। किसानों ने बताया कि अगर सरकार से आर्थिक सहायता नहीं मिली तो उनके सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो जाएगा। कुछ किसानों ने तो यहां तक कहा कि मदद नहीं मिलने पर उन्हें आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। जिला पार्षद नीलम पटेल ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और प्रभावित किसानों को शीघ्र सहायता दिलाने की मांग की है।

# संत जोसेफ स्कूल में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम (रोहतास)**। संत जोसेफ स्कूल परिसर में कक्षा-नर्सरी से नौवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक परीक्षा परिणाम का वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि फॉरेस्ट रेंजर विजय शंकर चौबे, टाउन थाना सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार, स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार और प्रधानाचार्य शिवानी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय द्वारा इस वर्ष 'बेस्ट डिसिप्लिन' (सर्वश्रेष्ठ अनुशासन) और 'बेस्ट अटेंडेंस' (पूर्ण उपस्थिति) के लिए भी विशेष सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय के अनुशासन और शैक्षिक स्तर की प्रशंसा करते हुए कहा, " संत जोसेफ स्कूल के बच्चे अत्यंत प्रतिभाशाली और काबिले तारीफ हैं। यहाँ के विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में बल्कि हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित कर रहे हैं, जिसके लिए वे निरंतर सम्मानित होते रहते हैं।" विद्यालय निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा जिस उम्मीद और भरोसे के साथ अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन हमारे विद्यालय में करा रहे हैं, हम उस पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को हर क्षेत्र में निपुण बनाना है। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने आगामी सत्र में भी इसी प्रकार कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया।

# मैट्रिक-इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़(कैमूर)**। कैमूर के रामगढ़ स्थित सिसौड़ा पंचायत के पंचायत संसाधन केंद्र में रविवार को 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। सिसौड़ा मुखिया प्रदीप कुमार सिंह की पहल पर हुए इस कार्यक्रम में मैट्रिक और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में पल्लवी पांडेय और श्वेता कुमारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पल्लवी ने राज्य स्तरीय 'टॉप-10' सूची में नौवां स्थान प्राप्त किया, जबकि श्वेता ने जिला स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। सभी सम्मानित छात्रों को मोमेंटो, पुष्पहार और कलम भेंट किए गए।

समारोह का संचालन करते हुए मुखिया प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि उनकी पंचायत में हर माह 'मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा' और प्रतिवर्ष 'महामुकाबला परीक्षा' आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों के कारण सिसौड़ा के विद्यार्थी जिला और राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि और मॉडल हाई स्कूल, देवहलिया के प्रधानाचार्य नीरज कुमार ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि राज्य की प्रत्येक पंचायत में मुखिया द्वारा ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं, तो बिहार शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शोषित इंकलाब पार्टी, यूपी की महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा सिंह उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथियों में पीएम श्री प्लस टू स्कूल, रामगढ़ के प्रधानाचार्य पवन कुमार सिंह भी शामिल रहे। शैल कुमारी, रेखा कुमारी, शिल्पा देवी, पूजा कुमारी और क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहयोग किया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय अभिभावकों ने मुखिया की शिक्षा के प्रति इस पहल की सराहना की।

# जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं, आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की स्थिति पूरी तरह सामान्य है तथा सभी उपभोक्ताओं तक नियमित रूप से गैस सिलेंडर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है और सभी गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ गैस सिलेंडर वितरण सुनिश्चित करें। कंपनियों से प्राप्त ताजा आंकड़ों के अनुसार जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 13,001 गैस सिलेंडर




उपलब्ध हैं, जिनमें एचपीसीएल के 3,037, बीपीसीएल के 7,366 एवं आईओसीएल के 2,598 गैस सिलेंडर शामिल हैं। यह उपलब्धता वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। गैस सिलेंडरों की डोर-टू-डोर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर अब तक 254 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 219 का समाधान कर दिया गया है, जबकि शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है। साथ ही, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में विशेष धावा दल गठित किए गए हैं, जो नियमित रूप से गैस एजेंसियों के गोदामों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर बुकिंग करें और संयम बनाए रखें।

# 'स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के निर्देशन में स्थानीय मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में "स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नालंदा सहोदया क्लस्टर के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव आशीष रंजन, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन मिसेज रुबीना निशात, पवन कुमार वर्मा, कुंदन पाठक, डॉ स्वाति, डॉ संजय कुमार, गौसिया परवीन, दीपक कुमार, रश्मि रानी तथा वेन्यू डायरेक्टर डॉ रवि चंद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को छात्रों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना तथा विद्यालयों में सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना है। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स पर्सन मिसेज रुबीना निशात एवं पवन कुमार वर्मा ने हेल्थ एंड वेलनेस के विभिन्न आयामों—पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, जीवन कौशल, स्वच्छता और तनाव प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन और भावनात्मक मजबूती, शैक्षणिक उपलब्धियों के समान ही महत्वपूर्ण है। इसलिए विद्यालयों में हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण रीना कुमारी द्वारा दिया गया। वहीं, प्रशिक्षण के दौरान पुलकेश पांडे, डॉ महेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, नीतीश कुमार, रीना कुमारी, श्यामा परवीन, रवि रंजन भारती, सभ्यता चामलिंग, अतुल कुमार, शिल्पा कुमारी, चंद्र भूषण शर्मा, हिना कौसर और प्रशांत कुमार को प्रश्नों के सही उत्तर देने पर पुरस्कृत किया गया।

# टारगेट राइडर मूसेपुर ने 60 रन से जीतकर खिताब किया अपने नाम



बिहारशरीफ। मोरा तालाब पंचायत में खेले गए प्रीमियर लीग 2026 का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां टारगेट राइडर मूसेपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एमआई राइजिंग स्टार को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टारगेट राइडर मूसेपुर की टीम ने 12 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 198 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई राइजिंग स्टार की टीम दबाव में नजर आई और 12 ओवर में 138 रन ही बना सकी। इस तरह टारगेट राइडर मूसेपुर ने 60 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को 11000 का चेक और एक ट्रॉफी जबकि रनर टीम को 5500 और एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए नागेंद्र यादव को "मैन ऑफ द सीरीज" का खिताब दिया गया, जबकि फाइनल मैच में बेहतरीन खेल दिखाने पर मोहम्मद काशिफ अहमद को "मैन ऑफ द मैच" चुना गया। इस भव्य टूर्नामेंट में कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मुकाबले के दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील, पूर्व एमएलसी राजू यादव, प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया यादव, भाजपा नेता अविनाश मुखिया, पूर्व मुखिया जीवेश यादव और जनप्रतिनिधि रंजीत मुखिया, अंकित यादव शामिल रहे। इस मौके पर उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। टूर्नामेंट के आयोजक अंकित यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह के खेल आयोजन बेहद जरूरी हैं। मोरा तालाब पंचायत प्रीमियर लीग ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो सिर्फ मंच देने की। इस मौके पर जदयू नेता राकेश पटेल सुरेश प्रसाद राजा यादव अजीत गोप अश्वनी मुखिया अमन सिंह मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग पर दिग्घी मोड़ के समीप हुई। मृतक की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी 25 वर्षीय धनपत चौहान के रूप में की गई है। वहीं घायलों में चंद्रमोहन चौहान और स्कूटी सवार महिला बबीता देवी शामिल हैं, जो बिन्द थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव की निवासी बताई जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रमोहन चौहान और धनपत चौहान कादी बीघा स्थित एक चिमनी भट्ठे पर काम करते थे और बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दिग्घी मोड़ के पास सामने से आ रही स्कूटी से उनकी टक्कर हो गई, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच भागन विगहा की ओर से ओवरलोडेड मिट्टी लेकर आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरे धनपत चौहान को कुचलते हुए पलट गया। इस हादसे में धनपत चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। रहुई थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रहुई में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। इधर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने तथा अवैध ओवरलोड ट्रैक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आइएमए की बैठक, मुफ्त जांच शिविर 7 अप्रैल को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के स्थानीय सभागार में डॉक्टरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित थीम "स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें" को केंद्र में रखते हुए डॉक्टरों ने लोगों को वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। अभियान के तहत 7 अप्रैल मंगलवार को आईएमए परिसर में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में आने वाले लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर और बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) की मुफ्त जांच की जाएगी।

# गायत्री शक्तिपीठ में 13वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न महायज्ञ व दीपोत्सव में उमड़ी आस्था की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हिसुआ गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित 13वें वार्षिकोत्सव का अंतिम दिन अत्यंत भव्य और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए हजारों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञीय अनुष्ठानों के बीच पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नामकरण, अन्नप्राशन एवं विद्यारंभ जैसे विभिन्न संस्कार निःशुल्क कराए गए, जिससे आम लोगों को धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला। दोपहर में महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें



हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया। शाम के समय दीप महायज्ञ का आयोजन हुआ, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। हजारों दीपों की रोशनी से पूरा वातावरण अलौकिक और मनमोहक हो गया। लगभग 4 से 5 हजार श्रद्धालुओं ने दीप यज्ञ में भाग लेकर अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति की कामना की। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें भजन-कीर्तन और प्रवचन के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिकता और संस्कारों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। अंत में शांतिपाठ के साथ पूरे कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने समाज में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# जिंदल प्रोजेक्ट को पीएचइडी से दो वर्षों से नहीं हुआ राशि का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रधानमंत्री शुद्ध पेयजलापूर्ति योजना के तहत नवादा जिले के रजौली प्रखंड के 10 पंचायत में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने वाली जिंदल प्रोजेक्ट को लगभग दो वर्षों से पीएचईडी के द्वारा उनकी मेंटेनेंस राशि का भुगतान नहीं किया गया है,जिससे जिंदल प्रोजेक्ट के समक्ष कंपनी के समक्ष काफी मुश्किल खड़ी हो गई है।

पीएचईडी के द्वारा राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर जिंदल कंपनी जैसे-तैसे अपना प्रोजेक्ट चला रही है। सूत्रों के मुताबिक प्रोजेक्ट के तहत काम करने वाले अधिकारियों व कर्मियों को जिंदल कंपनी के द्वारा आपसी व्यवस्था कर जैसे-तैसे उनके वेतन का भुगतान किया जा रहा है। समय पर वेतन भुगतान नहीं होने से अधिकारियों व कर्मियों को भी दिक्कतें हो रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक लगभग डेढ़ महीने पूर्व 14 जनवरी 2026 को ही मेंटेनेंस कार्य का टेन्योर पूरा हो गया है। ऐसे में पीएचईडी के द्वारा डेढ़ वर्षो से बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने और मेंटेनेंस के लिए टेन्योर का नवीनीकरण नहीं किए जाने से रजौली प्रखंड के 10 पंचायतों के 90 गांवों में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजलापूर्ति करने की योजना पर ग्रहण लगता दिख रहा है। पीएचईडी विभाग की लापरवाही ने जिंदल कंपनी द्वारा रजौली के हरदिया में स्थापित किए गए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व इंटक वेल के नियमित रूप से काम करने पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि टेक्निकल कारणों से जिंदल कम्पनी को बीते दो वर्षों से बकाया भुगतान नहीं हुआ है,किंतु क्षेत्र में मेंटेनेंस कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष के जनवरी माह जिंदल का कार्यकाल पूरा हुआ था,किंतु दूसरे कंपनी को अबतक आवंटित नहीं किए जाने के कारण जिंदल को तीन माह का एक्सटेंशन दिया गया है। उन्होंने बताया कि बकाए पैसे एवं अगले पांच साल के देख-रेख के लिए भी टेंडर हेतु प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा गया है। साथ ही कहा कि जबतक जिंदल के बकाए पैसे नहीं दिए जायेंगे,तब तक दूसरे कंपनी को नए रूप टेंडरिंग की प्रकिया नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने विभागीय निर्देश मिलने के बाद जिंदल को बकाया पैसे एवं नए टेंडर से संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

# पानी के हौज में डूबने से डेढ़ वर्षीय निशांत की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत अंतर्गत मोहनरियातरी गांव में रविवार की सुबह दिल को झकझोर देने वाली एक दर्दनाक हादसा हो गया। गेहूं काटने गई महिला ने अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे को खलिहान में खेलने के लिए छोड़ दिया था, इसी दौरान बच्चा खेलते-खेलते पानी के हौज में जा गिरा। जब तक परिजनों को इस बात की जानकारी मिली, तब तक काफी देर हो चुकी थी। बच्चे को तुरंत रजौली अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. बरकत अली ने बताया कि बच्चे की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। मृतक बच्चे की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के भेराड़ी गांव निवासी नीतीश कुमार के डेढ़ वर्षीय पुत्र निशांत के रूप में हुई है। निशांत के मौत की पुष्टि होने के बाद परिजनों में मातम पसर गया और वे रोते-बिलखते बच्चे को गोद में लिए वापस गांव चले गए। इस घटना से मोहनरियातरी गांव के लोग शोकाकुल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निशांत अपने नाना राजेंद्र यादव के घर चैती छठ को लेकर विगत डेढ़ माह पहले अपनी मां और चार वर्षीय बड़े भाई के साथ आया था। खेत में फसल को पटाने के लिए लगे बोरवेल से पानी निकलने वाले स्थान पर पानी जमा था, जिसमें बच्चा खेलते-खेलते जा गिरा। इस हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है और वे अपने बच्चों के प्रति काफी सचेत दिखाई दे रहे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और वे इस हादसे को भुला नहीं पा रहे हैं। निशांत की मौत ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है, और लोग इस दर्दनाक हादसे को याद कर आंखें नम कर रहे हैं।

# मॉडर्न कोचिंग सेंटर में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के हिसुआ स्थित राजगीर रोड पर एलआईसी ऑफिस के पीछे मॉडर्न कोचिंग सेंटर में इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे संस्थान में उत्साह, उमंग और गर्व का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान सफल विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर अंगवस्त्र, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुझे भी इन प्रतिभाशाली बच्चों को अपने हाथों से सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ, जो मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और खुशी का क्षण रहा। बच्चों के चेहरों पर उनकी मेहनत, लगन और सफलता की चमक साफ झलक रही थी। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों



की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए संस्थान के प्रति आभार जताया।

संस्थान के संचालक प्रवेश सर ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक है। वहीं कोचिंग के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

इंटर परीक्षा में अंशु कुमारी ने 411 अंक, अंकित कुमार ने 397 अंक तथा नीशू कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। इसके अलावा संजीव कुमार वर्मा, आयुष कुमार, सोनाली कुमारी, आरती कुमारी, सुमन कुमारी सहित कई विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मैट्रिक परीक्षा में शनि कुमार ने 452 अंक, नेहा कुमारी ने 449 अंक और स्वाती कुमारी ने 441 अंक लाकर अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं संस्थान का गौरव बढ़ाया। अन्य सफल विद्यार्थियों में सत्यम कुमार, सचिन कुमार, गुड़िया कुमारी, सपना कुमारी, सुलेखा कुमारी, सुन्नी कुमार, मंटु कुमार, दृष्टि कुमारी, रिशु कुमार, पीयूष कुमार, अंजी कुमारी, बादल कुमार, दीपक कुमार, इशू कुमार, रौशन कुमार, अंकित कुमार एवं रविकांत कुमार शामिल रहे।

अंत में सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# ड्रेनेज सिस्टम निर्माण में धांधली पर बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली नगर पंचायत के लोगों को चार वर्षों के लंबे इंतजार के बाद ड्रेनेज सिस्टम बनाने का कार्य शुरू हुआ है। किंतु निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम में हो रही धांधली को लेकर रजौली विधायक विमल राजवंशी, नगर मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, वार्ड पार्षद मुकेश कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बब्लू पंडित एवं सुमित सिंह समेत दर्जनों नगरवासियों ने कड़ा विरोध जताया है। विधायक विमल राजवंशी ने कहा कि नगर पंचायत में निर्माण किए जा रहे ड्रेनेज सिस्टम नियमों को ताक पर रखकर बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कि नगर पंचायत के लोग विगत कई वर्षों से बेहतर ड्रेनेज सिस्टम के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे थे। अब जब एनडीए सरकार द्वारा नगर पंचायत में लगभग 11 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की गई है,तो उसका इस्तेमाल बेहतर ढंग से होना चाहिए। विधायक ने कहा कि वे लोगों द्वारा प्राप्त शिकायत के आलोक में निर्माणस्थल का निरीक्षण किया और खुद को संतुष्ट नहीं पाया है। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन को चेतावनी दी है कि वे कार्य प्रणाली में सुधार लाएं,अन्यथा विभागीय कार्रवाई के लिए वे पत्राचार करने को बाध्य हो जाएंगे। वहीं नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने बताया कि नगर पंचायत में ड्रेनेज सिस्टम की पांच योजनाएं हैं,जिनका क्रियान्वयन हो रहा है। उन्होंने कहा कि रजौली पुरानी बस स्टैंड के



निकट अनिल प्रकाश आर्य के दुकान से बजरंगबली मोड़ होते हुए धनार्जय नदी तक नाला सहित ढकना के लिए 3.05 करोड़ रुपए,संगत मोड़ से होते हुए बजरंगबली चौक तक नाला सहित ढक्कन के लिए 1.60 करोड़ रुपए, संगत से मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल, मनोकामना धाम मंदिर होते हुए साहू इलेक्ट्रिक दुकान तक नाला सहित ढक्कन के लिए 1.63 करोड़ रुपए, बजरंगबली चौक मोड़ से पुस्तक महल होते हुए नाला सहित ढक्कन निर्माण के लिए 1.26 करोड़ रुपए एवं साहू इलेक्ट्रिक से पुरानी बस स्टैंड होते हुए धनार्जय नदी तक नाला सहित ढक्कन निर्माण के लिए 1.53 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। नाला निर्माण के दौरान उसकी चौड़ाई 5 फीट एवं गहराई 6.1 फीट रखी जानी है। किंतु संवेदक और उसके कर्मियों द्वारा नाले की चौड़ाई 3 फीट एवं गहराई 2.5 फीट से 3 फीट रखी जा रही है,जो चिंता का विषय है। इस प्रकार ड्रेनेज सिस्टम में बरती जा रही धांधली से नगरवासियों को भविष्य में शहरी क्षेत्र में जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ेगा। प्रमोद सिंह ने कहा कि घटिया निर्माण को देखते हुए कार्य को तत्काल बंद करवा दिया गया है। साथ ही बताया कि मंगलवार तक संवेदक और अभियंता को नगर पंचायत बुलाया गया है। साथ ही निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम के जांच के बाद भी आगे का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं नगरवासी बंटी सिंह,मनीष सोनी,सुमित शर्मा,विकास सिंह,पप्पू चौधरी,पिंकु लाल समेत दर्जनों लोगों ने कहा कि जबतक कार्य की जांच नहीं हो जाती है,तबतक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कार्य ठप रहेगा।

इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कार्य बुडको द्वारा करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित समस्या को लेकर बुडको एवं नगर विकास प्राधिकरण को सूचित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कार्य करा रहे अभियंता के साथ सोमवार को कार्यस्थल का निरीक्षण भी करेंगे।

# पुलिस बल ने चार वांछित वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र से पुलिस बलों ने चार वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से पुरानी बस स्टैंड निवासी जमुना चौधरी के पुत्र अर्जुन चौधरी, घसियाडीह गांव निवासी सहदेव मुसहर के पुत्र मुन्ना मुसहर और जागो मुसहर के पुत्र मनोज मुसहर एवं शंकर चौधरी के पुत्र शिवनंदन चौधरी को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ये वारंटी अपने घर में छुपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और चारों वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। गिरफ्तार वारंटियों को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में भी खौफ का माहौल है और वे पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहे हैं।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन तथा प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के निर्देश पर दिनांक 05.04.2026 को प्रातः 09:30 बजे अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत फरहा स्थित वृद्धाश्रम में "नालसा (Legal Services to Senior Citizens Scheme-2015)" के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन पैनल अधिवक्ता चन्द्रशेखर सिंह एवं पी०एल०वी० मनीष कुमार सिन्हा द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं आमजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता चन्द्रशेखर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आमजन को कानून की जानकारी उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। विधिक जानकारी के अभाव में लोग अक्सर परेशान होते हैं एवं उनका शोषण किया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता प्राप्त करने में सहयोग करें, ताकि उनके अधिकारों का संरक्षण हो सके। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की चर्चा करते हुए बताया कि भारत में उनके सम्मानजनक जीवन, भरण-पोषण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ कानूनी व्यवस्था है। विशेष रूप से "माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007" के तहत वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण एवं वित्तीय सुरक्षा, संपत्ति की सुरक्षा, चिकित्सा एवं कल्याण तथा अन्य सरकारी सुविधाओं का अधिकार प्राप्त है।

उन्होंने यह भी बताया कि यदि संतान या संबंधी अधिकरण द्वारा निर्धारित भरण-पोषण राशि का भुगतान नहीं करते हैं, तो अधिकरण द्वारा वारंट जारी कर वसूली हेतु जब्ती की कार्रवाई की जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, उपलब्ध विधिक सेवाओं एवं निःशुल्क सहायता की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। साथ ही, पैनल अधिवक्ता द्वारा वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वहां रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को भी सुना गया।

# दौड़ प्रतियोगिता में बालिका व बालक वर्ग में दिखा उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रविवार को रजौली पूर्वी पंचायत के धुरगांव खेल मैदान में पंचायत के मुखिया संजय यादव के नेतृत्व में रविवार को भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रजौली पूर्वी पंचायत के सैकड़ों बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रजौली विधायक माननीय विमल राजवंशी व राजद नेत्री पिंकी भारती के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर की गई। सबसे पहले बालिका वर्ग की दौड़ आयोजित की गई,जिसमें झिरझो गांव की प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों स्थानों पर कब्जा जमाया। इस दौरान ममता कुमारी ने प्रथम स्थान, स्मृति कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा विधा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग की दौड़ में पचम्बा निवासी मिथुन कुमार ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी एवं नावाडीह निवासी मनीष कुमार द्वितीय व झिरझो निवासी सचिन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ब्रांडेड शूज, ट्रैक पैंट एवं 5100 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया गया,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को ब्रांडेड शूज, ट्रैक पैंट एवं 3100 रुपए नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ब्रांडेड शूज, ट्रैक पैंट एवं 2100 रुपए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार के रूप में दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सैकड़ों अभ्यर्थियों को भी ब्रांडेड शूज प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान राजद नेत्री पिंकी भारती ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बच्चे सफल हुए हैं,वे बधाई के पात्र हैं। असफल प्रतिभागियों को निराश नहीं होने की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है और निरंतर प्रयास करने से ही सफलता मिलती है।

# गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में बाधा डालने वाले पर सख्ती से निपटेगा प्रशासन

## होम डिलेवरी व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं : एसडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** घरेलू गैस उपभोक्ताओं को राहत देने और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। नीमचक बथानी के अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद ने गैस एजेंसियों और वितरकों के साथ बैठक कर सुरक्षा और सुचारू होम डिलीवरी को लेकर नए एवं कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं।




### होम डिलेवरी व्यवस्था को बहाल करना अनिवार्य

एसडीएम केशव आनंद ने स्पष्ट किया है कि सभी गैस वितरकों को होम डिलीवरी की व्यवस्था को पूरी तरह बहाल करना होगा। अब उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए गैस एजेंसियों या गोदामों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वितरकों को आदेश दिया गया है कि वे समय सीमा के भीतर उपभोक्ताओं के घर तक सिलेंडर पहुंचाना सुनिश्चित करें।

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

डिलीवरी के दौरान होने वाली समस्याओं को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि डिलीवरी के रास्ते में कोई असामाजिक तत्व बलपूर्वक या अवैध तरीके से सिलेंडर छीनने या वितरण में बाधा डालने की कोशिश करता है, तो प्रशासन ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगा।

प्रशासन ने वितरकों को सशक्त बनाते हुए निर्देश दिया है कि यदि कोई व्यक्ति अवैध तरीके से सिलेंडर पर कब्जा करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध वसूली पर पूर्णतः रोक लगाई जाए। डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एजेंसी की प्राथमिकता प्रशासन ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि यदि कोई गैस वितरक या डिलीवरी मैन निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त पैसों की मांग करता है या होम डिलीवरी में आनाकानी करता है, तो इसकी शिकायत तुरंत दे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को ग्लोबल क्लासेस में किया गया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के ग्लोबल कोचिंग क्लासेस में शनिवार को मैट्रिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रिलायंस ग्रुप शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. जावेद सलीम उपस्थित रहे। उन्होंने मेधावी छात्रों को मोमेंटो एवं माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में प्रखंड टॉपर प्रियांशु कुमारी ने 459 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने +2 गुरुआ प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय से परीक्षा दी थी। उनकी इस उपलब्धि से उनके माता-पिता एवं कोचिंग संस्थान का नाम गौरवान्वित हुआ है।

इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें नंदनी कुमारी (428 अंक), राहुल कुमार (407 अंक), सोनू कुमार (378 अंक), उजाला कुमारी (358 अंक) एवं हेमा कुमारी (353 अंक) शामिल हैं।

हाल ही में बिहार बोर्ड परीक्षा में संस्थान के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर ग्लोबल कोचिंग क्लासेस के डायरेक्टर सोनू कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

# बाइक सवार पर लोहे के रड से हमला, एक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के अंगरा करमाइन पथ स्थित बीच मोड़ के पास शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात तीन लोगों द्वारा एक बाइक सवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में ग्राम खटनही निवासी 42 वर्षीय अभिमन्यु यादव (पिता स्व. मरछु यादव) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अभिमन्यु यादव को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित द्वारा थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार, वह लकड़ी का व्यवसाय करते हैं। शुक्रवार रात तुलसी बिगहा स्थित सूर्य मंदिर के पास ट्रैक्टर पर लकड़ी लोड करवाने के बाद वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बीच मोड़ के पास पहले से घात लगाए तीन अज्ञात लोगों ने लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। हमले में वह मूर्छित होकर सड़क पर गिर पड़े। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने रविवार को बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले की जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, शव पहुंचते ही गांव में पसरा मातम

**दुखद**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद शनिवार को जैसे ही उसका शव गांव पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार घर पर ही कर दिया। जानकारी के अनुसार, विगत दिनों गया-गोह मुख्य मार्ग पर कोसमा धर्मशाला के समीप स्कॉर्पियो और ऑटो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। हादसे में कई लोग घायल हो गए थे। ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया में भर्ती कराया गया था। इसी दुर्घटना में कोंच प्रखंड के बड़गांव निवासी जितेंद्र यादव के 30 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वह ऑटो से गया जा रहे थे। कोसमा धर्मशाला के पास हुई टक्कर में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। उनका इलाज मगध मेडिकल कॉलेज में चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक के परिजनों को सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार यादव ने विधायक अजय कुमार दांगी से संपर्क किया। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज द्वारा पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये सहायता राशि दिए जाने का आश्वासन दिया गया है।

## हत्याकांड के आरोपित का घर कुर्क

**टिकारी।** कांड संख्या 374/25 में हत्या के आरोपी पंचदेवता ग्राम निवासी उपेंद्र यादव के पुत्र मनीष कुमार के घर रविवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुर्की-जब्ती की। टिकारी थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार, अपर थाना अध्यक्ष हिमांशु कुमार और सब-इंस्पेक्टर कन्हैया कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और विधि-सम्मत कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस अधिकारियों ने परिवार वालों को सख्त नसीहत देते हुए कहा कि आरोपी को जल्द से जल्द हाजिर करवाएं, नहीं तो आगे और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस ने साफ संदेश दिया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# 1066 लीटर विदेशी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की खेप को जब्त किया है। थाना गेट के सामने डोभी-चतरा मुख्य मार्ग पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने सब्जी (खीरा) और कटहल के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 1066 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, कुल 119 कार्टून में शराब को बड़े ही शातिर तरीके से छिपाया गया था, ताकि जांच से बचा जा सके। मौके से चालक अरविन्द मिश्रा (उम्र करीब 25 वर्ष), पिता नित्यानंद मिश्रा, ग्राम खैरा, थाना खैरा, जिला जमुई को गिरफ्तार किया गया है।



थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन की जांच की गई, जिसमें यह बड़ी सफलता हाथ लगी। मामले में प्राथमिक दर्ज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के भूरहा धाम प्रांगण में रविवार को भीम आर्मी संगठन एवं बहुजन समाज सहित कई अन्य संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता वजहत परवेज खान, भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष अक्षय कुमार तथा बहुजन संगठन के युवा समाजसेवी केपी कौशल ने संयुक्त रूप से की। वहीं, बैठक का संचालन शैलेंद्र दास द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने जयंती समारोह को भव्य बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे और विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अंततः सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें कार्यक्रम को व्यवस्थित, आकर्षक और जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में एडवोकेट अनुज कुमार, ओमप्रकाश दास, अजीत कुमार, विक्की कुमार, जितेंद्र दास, पप्पू कुमार, चंदन, पप्पू पासवान, सुनील रविदास, शशि आर्यन, मुकेश कुमार, सालिक दास, विजय दास समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।



# खेत में लगी आग से नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरो (भोजपुर)।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत नगर के मिल्की गांव के समीप नहर के किनारे बने कचरा डंपिंग एरिया में रविवार को अचानक आग लग गई। यहां कचरे में लगी आग देखते देखते खेतों में फैल गई और देखते देखते खेतों में लगी लाखों रुपए की गेहूं की फसल और कई जगह रखे पुआल के ढेर जल कर राख हो गए। खेतों में उठती आग की लपटों को देख किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लोगों द्वारा अग्निशमन विभाग को भी फोन किया गया। लेकिन काफी प्रयास के बावजूद किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पीरो नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय भी मौके पर पहुंची और आगलगी से हुई क्षति का जायजा लिया। बताया जाता है कि कचरा डंप एरिया में लगा समरसेवल चोरी हो गया है। इस कारण आग बुझाने के लिए पानी की कमी हुई और आग फैलती चली गई।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थी को बीडीओ की सलाह

**गुरारू।** बीडीओ संभव कुमार सिंह ने प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन पाने वाले सभी महिला -पुरूष लाभार्थियों से निवेदन किया कि अविलंब अपने नजदीकी साइबर कैफ़े (कॉमन सर्विस सेंटर) में जाकर अपना जीवन प्रमाण पत्र फार्म भरकर जीवन प्रमाणीकरण करा लें अन्यथा उनका पेंशन रूक जाएगा। इस संबंध में पेंशन योजना के कम्प्यूटर ऑपरेटर अजय कुमार ने बताया कि गुरारू प्रखण्ड क्षेत्र में करीब 4500 लाभार्थियों द्वारा अभी तक अपना जीवन प्रमाण पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

# उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा की बैठक में 24 मई को प्रखंड सम्मेलन के आयोजन का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** पंचायत सरकार भवन चबूरा में रविवार को उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा (मगध) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा ने की, जबकि संचालन सरपंच चंचल यादव ने किया। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गई। इस दौरान मोर्चा के कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट देवलाल सिंह ने विस्तार से प्रस्तुत की। वहीं मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा ने नई रिपोर्ट पर प्रकाश डालते हुए संगठन की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 24 मई 2026 को कोराप पंचायत के भीखनपुर गांव में प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अशोक यादव, लालदेव ठाकुर, सुंदरदेव यादव, रामाशीष यादव, सुखेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, झखुरी यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।




# पैसे के विवाद में दोस्त को मारी गोली, जख्मी

## घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुटी पुलिस, जख्मी के बयान पर एक के विरुद्ध प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा/बिहिया।** जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के साहेब टोला मोहल्ले में शनिवार की रात पैसे के विवाद में दोस्त ने अपने ही दोस्त को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने पैर में जांघ पर लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाया गया। सूचना मिलते ही बिहिया थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। पुलिस द्वारा रविवार की सुबह घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। तब एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच साक्ष्य को इकट्ठा किया। जानकारी के अनुसार जख्मी बिहिया थाना क्षेत्र के साहेब टोला मोहल्ला निवासी स्व. शिवजी साह का 25 वर्षीय पुत्र महेश कुमार है। जानकारी के अनुसार साहेब टोला निवासी उसके दोस्त हीरो चौधरी का दो सौ महेश कुमार के पास बकाया था। जिसे वह मांग रहा था। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद हीरो चौधरी द्वारा उसे गोली मार दी गई। वहीं जख्मी महेश कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के साहेब टोला मोहल्ला निवासी हीरो चौधरी के खिलाफ अपने पास बकाया दो सौ रुपये को लेकर खुद को गोली मारने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में बिहिया थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार ने बताया कि दोनों दोस्त हैं और साथ खाते-पीते हैं। हीरो चौधरी का दो सौ रुपये महेश कुमार के पास बकाया था। हीरो चौधरी रविवार की रात महेश कुमार को अपने साथ ले गया था। इसके बाद जब हीरो चौधरी हथियार चेक कर रहा था। उसी दौरान फायर हो गई और गोली महेश कुमार को लग गई। उन्होंने बताया कि जख्मी महेश कुमार द्वारा हीरो चौधरी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है।

# मेधावी छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर (भोजपुर)।** कक्षा 12वीं सत्र 2026 के मेधावी छात्रों के सम्मान में कैरियर लांचर द्वारा एक भव्य छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना तथा अन्य छात्रों को प्रेरित करना रहा। समारोह में संस्थान के संस्थापक अजय कात्यायन अतिथियों ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार, बल्कि संस्थान का भी नाम रोशन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉटकट नहीं होता। बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। समारोह के दौरान सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अभिभावकों और शिक्षकों की भी अच्छी उपस्थिति रही। जिन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में कैरियर लांचर के प्रतिनिधियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता रहे और वे जीवन में नई ऊंचाइयों को हासिल कर सकें। समारोह में डायरेक्टर प्रकाश सर, शिक्षक मो. सलीम, गोपाल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विकास कुमार, जीतू कुमार एवं सृष्टि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# ब्लौसम ब्यूटी एकेडमी में मेकअप कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** आरा के ब्लौसम ब्यूटी एकेडमी में आयोजित चार दिवसीय मेकअप कार्यशाला के दूसरे दिन ब्यूटीशियन ट्रेनर वर्षा खान ने सभी प्रतिभागियों को गर्मियों में मेकअप को बनाए रखने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अच्छा दिखना और अपनी एक अलग पहचान बनाना इंसान की फितरत है, और एक सफल ब्यूटीशियन जानती है कि सिर्फ मेक ओवर करना ही नहीं, बल्कि ग्राहक के सामने अच्छा दिखना भी सहायक होता है। वर्षा खान ने सभी प्रतिभागियों को ब्राइडल मेकअप की बारीकियों को समझाया और ब्राइडल लुक भी तैयार किया। उन्होंने कहा कि गर्मियों का मौसम और शादी का जश्न दोनों एक साथ आ जाए तो हर महिला की ख्वाहिश होती है कि वह खुबसूरत और ताजगी से भरी नजर आए, लेकिन चिलचिलाती धूप और पसीने से भरे दिनों में मेकअप को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन जाती है। इसीलिए वाटरप्रूफ मेकअप हमेशा एक अच्छा विकल्प होता है। इस कार्यशाला में मुस्कान कुमारी, संध्या कुमारी, रीतिका कुमारी, सुमन देवी प्रिती कुमारी, पूजा कुमारी, चंचल कुमारी, ज्योति कुमारी उपस्थित थीं।



# पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की मनाई गई 119वीं जयंती

**मसीहा के रूप में जाने जाते थे जगजीवन बाबू**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन आरा में पुर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम जी की 119वीं जयंती समारोह उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष डॉ श्रीधर तिवारी की अध्यक्षता में धूम धाम के साथ मनाई गई जिसमें सभी कांग्रेस जनों ने शिरकत कर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात बाबू जगजीवन राम जी से प्रभावित होकर भारतीय जीवन बीमा निगम के अवकाश प्राप्त विकास अधिकारी सुरेन्द्र कुमार रविदास और उनके साथ दर्जनों लोगों को माला और अंगवस्त्र देकर जिलाध्यक्ष श्रीधर तिवारी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। सभा को सम्बोधित करते हुए श्रीधर तिवारी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी एक महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के लिए लड़ने वाले योद्धा और भारत के उप-प्रधानमंत्री बने उनका जन्म 5 अप्रैल 1908 को बिहार के भोजपुर जिले के चंदवा गांव में एक साधारण सा दलित परिवार में हुआ था। जगजीवन राम ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया, जिनमें रेलमंत्री कृषि मंत्री रक्षा मंत्री उसके बाद उप-प्रधानमंत्री बनें जगजीवन राम जी का निधन 6 जुलाई 1986 को हुआ था। उन्हें भारतीय समाज और राजनीति में दलित वर्ग के मसीहा के रूप में याद किया जाता इसलिए आज हम सभी कांग्रेस के समर्पित लोगों ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करने का काम किया है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद सिंह पूर्व अध्यक्ष अशोक राम प्रदेश प्रतिनिधि एवं बिहार स्टेट बार कौंसिल के सदस्य पन्नग कुमार त्रिपाठी मिडिया प्रभारी विरेन्द्र मिश्रा अशोक यादव अरुण कुमार सिंह रजी अहमद प्रमोद राय नागेन्द्र मिश्रा युवा कंाग्रेस जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह साकेत तिवारी ब्रजेश यादव आनन्द तिवारी मनु सिंह शशि कंात तिवारी सम्पत सिंह राजेश कुमार गोलु अशोक सिंह रविन्द्र कुमार सूर्य कुमार राम अंजनी कुमार कृष्णा सिंह अरुण कुमार दिलिप कुमार भारती लाल बाबु साह धनश्याम चौधरी आदि लोग उपस्थित थे।



CMYK

संपादकीय

## मप्र में कांग्रेस की उलझन

मप्र में कांग्रेस एक और विधायक को आपराधिक मामले में अदालत द्वारा सजा देने के बाद उसकी विधानसभा सदस्यता समाप्त कराने के मामले में जो असाधारण फुर्ती दिखाई गई, उसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। दतिया से कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती को आर्थिक धोखाधड़ी के मामले में गुरूवार को दिल्ली की एमपी एमएलए कोर्ट से तीन साल की सजा सुनाई गई। बताया जाता है कि दोपहर में सजा सुनाने के बाद विधानसभा प्रमुख सचिव अचानक देर रात विधानसभा पहुंचे और विधानसभा सचिवालय ने राजेंद्र भारती की विधायकी खत्म करने का आदेश जारी कर दिया। हालांकि आदेश जारी होने की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। अलबत्ता इस घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा समेत अन्य कांग्रेसी भी विधानसभा पहुंच गए और विधानसभा प्रमुख सचिव के कक्ष में जाकर उनसे मुलाकात की और अचानक दफ्तर आने की वजह पूछी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कोर्ट ने भारती को ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए 60 दिनों का समय दिया हुआ है। ऐसे में उनकी सदस्यता खत्म करना सही नहीं है। गए हैं। गौरतलब है कि दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को 27 साल पुराने एफडी हेराफेरी मामले में दोषी करार दिया है। गुरुवार को कोर्ट ने उन्हें 3 साल की सजा सुनाई और जमानत दे दी। उन्हें आपराधिक साजिश (धारा 120क्ष) और धोखाधड़ी व जालसाजी (धारा 420, 467, 468, 471) में दोषी माना गया है। सह-आरोपी बैंक लिपिक रघुवीर प्रजापति को भी दोषी ठहराया गया है। राजेन्द्र भारती को ऊपरी अदालत राहत देती या नहीं, यह आगे की बात है। लेकिन राहत मिलने की संभावना कम है, क्योंकि मामला धोखाधड़ी का है। लेकिन कांग्रेस की चिंता भारती के राजनीतिक भविष्य से ज्यादा जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव की है। विधायकों की संख्या के मुताबिक इस बार कांग्रेस को एक सीट मिल सकती है, बशर्ते कि उसके पास 58 विधायक हों। अन्यथा भाजपा तीसरा उम्मीदवार खड़ा करके क्रॉस वोटिंग कर उसे भी जितवा सकती है, जैसा कि कुछ दूसरे राज्यों में हाल में हुआ है। प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 65 सदस्य हैं। श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधायकी पर तलवार लटकी है और उन्हें वोट डालने से रोका गया है। वहीं, सागर जिले की बीना से विधायक निर्मला सप्रे दलबदल के मामले में घिरी हैं। पार्टी उन्हें भाजपा के साथ मानकर चल रही है। हालांकि कोर्ट में निर्मला सप्रे ने कांग्रेस में ही होने की बात कही है। निर्मला चाहती हैं कि पार्टी उन्हें निकाले। लेकिन ऐसा हुआ तो कांग्रेस का एक वोट और कम हो जाएगा। इसके पूर्व कांग्रेस के एक और विधायक मुकेश मल्होत्रा चुनाव आयोग को गलत शपथ पत्र देने के मामले में सजायाफ्ता हो चुके हैं और ऊपरी अदालत ने उन्हें सशर्त स्टे दिया है। यानी वो राज्यसभा चुनाव में वोट नहीं डाल सकेंगे। अब अगर राजेन्द्र भारती का वोट भी कम हो गया तो भाजपा क्रॉस वोट करके तीसरी सीट भी निकाल सकती है। क्योंकि कांग्रेस के पास न्यूनतम 58 वोटों से पांच ही ज्यादा हैं। इनमें से भी तीन वोट नहीं कर पाए तो मामला उलझ सकता है। दूसरी भाजपा दो सीटें जीतने के बाद भी उसके पास 47 अतिरिक्त वोट बचते हैं। अगर कांग्रेस में थोड़ी सी सेंध लगा दे बाजी पलट सकती है। लिहाजा कांग्रेस में चिंता का माहौल है। उसके एक के बाद एक विधायक या तो किसी न किसी मामले में सजा पा रहे हैं अथवा पार्टी बदल रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व पार्टी को एकजुट नहीं रख पा रहा है। यह भाजपा के लिए बैठे बिठाए फायदेमंद सिद्ध हो रहा है।

# तो दुनिया अंधेरे में डूब जाएगी...

**अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के बहाने एक बार फिर दुनिया भर के एनर्जी सेक्टर को निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में ईरान और इजरायल ने पहली बार जीवाश्म ईंधन ऊर्जा उत्पादन से जुड़े संयंत्रों पर हमले किए, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ गई है। असल में ऊर्जा को अब युद्ध का हथियार बनाया जा रहा है। इजराइल ने कतर के साथ साझा किए जाने वाले दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने सऊदी अरब में तेल कंपनी अरामको की समरेफ रिफाइनरी के साथ-साथ कतर और यूएई में गैस सुविधाओं पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर जवाबी कार्रवाई की, जो युद्ध में खतरनाक मोड़ साबित हुई है। दुनिया का सबसे बड़ा साउथ पार्स गैस क्षेत्र भारत सहित वैश्विक एलएनजी आपूर्ति की रीढ़ है। इजरायली हमले के बाद तेल और गैस की कीमतों में आई वृद्धि दुनिया के तमाम देशों के साथ आम आदमी की कमर तोड़ने वाली साबित हो रही है।**

**अमित बैजनाथ गर्ग**

इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि साल 2003 में अमेरिका द्वारा इराक पर आक्रमण के बाद क्षतिग्रस्त ऊर्जा सुविधाओं की मरम्मत में महीनों लग गए थे। करीब दो साल बाद ही उत्पादन युद्ध के पूर्व स्तर पर वापस आ पाया था। इस दौरान दुनिया को भारी ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा था। विशेषज्ञों का कहना है कि क्षतिग्रस्त ऊर्जा उत्पादन बुनियादी ढांचे की मरम्मत में वर्षों लग जाते हैं। खासकर एलएनजी संयंत्र को नुकसान पहुंचना सबसे बुरा होता है। इसकी मरम्मत में कई साल लग सकते हैं। गैस संयंत्रों पर जवाबी हमलों के वैश्विक प्रभाव हैं। यह सर्वविदित है कि ऊर्जा व्यवधान ईंधन की कीमतों और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करते हैं, जिसका असर अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है। खाड़ी क्षेत्र यूरोप, एशिया और भारत के लिए एक प्रमुख ऊर्जा गलियारा बना हुआ है। वहीं युद्ध के बीच ईरान ने कहा है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों पर दोबारा हमला हुआ, तो वह खाड़ी देशों के तेल और गैस सेक्टर को पूरी तरह तबाह कर देगा। ईरान की सैन्य यूनिट आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमला कर बड़ी गलती की है। अगर ऐसा दोबारा हुआ, तो जवाब और भी ज्यादा खतरनाक होगा। इससे पहले ईरान के सबसे बड़े गैस क्षेत्र साउथ पार्स गल्फ फील्ड पर हमला हुआ था। यह दुनिया का सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो बुशहर के पास समुद्र में स्थित है। इसके तुरंत बाद ईरान ने कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को चेतावनी दी कि उनके तेल और गैस ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। इसी दौरान कतर के रास लफान गैस प्लांट पर मिसाइल हमला हुआ, जिससे वहां भारी नुकसान हुआ और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई।

एनर्जी सेक्टर पर लगातार हमले यह दिखाते हैं कि अब यह जंग सिर्फ सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि दुनिया की



एनर्जी सप्लाई भी सीधे खतरे में आ गई है। अगर हालात ऐसे ही बिगड़ते रहे, तो तेल और गैस की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है और इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इधर, ईरान में जारी जंग की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। सैकड़ों की संख्या में जहाज फंसे हुए हैं, जिस वजह से ग्लोबल लेवल पर ऊर्जा संकट बना हुआ है। गौरतलब है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया के 20 फीसदी तेल का एक्सपोर्ट किया जाता है। इसको लेकर अमेरिका ने हाल ही में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर हमला किया था, जिसके बाद स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक बन गई है। असल में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुआ यह टकराव अब तेल युद्ध में तब्दील हो चुका है, जो लगातार खतरनाक मोड़ लेता जा रहा है। आगे हालात और भी भयावह होने की उम्मीद जताई जा रही है।

वहीं ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाने के कारण दुनिया पहले से ही कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान से जूझ रही है। ऐसे में उत्पादन सुविधाओं को होने वाली किसी भी क्षति का प्रभाव वर्षों तक बना रह सकता है। एक अनुमान के अनुसार, साउथ पार्स गैस क्षेत्र में 1,800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस का भंडार है, जो दुनिया की कई वर्षों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। तेहरान के लिए साउथ पार्स उसकी ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। ईरान की लगभग 80 फीसदी बिजली इसी गैस क्षेत्र से उत्पन्न होती है। यह गैस क्षेत्र केवल ईरान का नहीं है। ईरान इसे कतर के साथ साझा करता है, जो अमेरिका का सहयोगी और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी उत्पादक है। कतर के हिस्से को नॉर्थ फील्ड के नाम से जाना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में एलएनजी वैश्विक बाजारों में निर्यात की जाती है।

असल में दुनिया ऊर्जा की अभूतपूर्व बढ़ती मांग, 1.18 अरब लोगों तक बिजली न पहुंचने (ऊर्जा गरीबी) और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता के कारण भारी संकट से जूझ रही है। चीन के नेतृत्व में कोयला खपत और भू-राजनीतिक तनावों ने इस संकट को जटिल बना दिया है, जबकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए स्वच्छ ऊर्जा की ओर तत्काल पहुंचने की आवश्यकता है। ऊर्जा की बढ़ती मांग के साथ नवीकरणीय ऊर्जा ने रिकॉर्ड बनाया, लेकिन साथ ही जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल, गैस) की खपत भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। विकासशील क्षेत्रों में विशेष रूप से उप-सहारा अफ्रीका में करोड़ों लोग अभी भी विश्वसनीय बिजली या स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन से वंचित हैं। ऊर्जा प्रणालियां ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम संबंधी आपदाएं भी ऊर्जा बुनियादी ढांचे (विशेष रूप से बिजली पारेषण ग्रिड) को नुकसान पहुंचा रही हैं, जिससे 20 करोड़ से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं।इधर, यूक्रेन और रूस संकट तथा अन्य भू-राजनीतिक अस्थिरता ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान डाला है। जीवाश्म ईंधन में कमी के बजाय कुछ क्षेत्रों में कोयले की मांग में 50 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। असल में स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से जुड़ाव ही एकमात्र रास्ता है, जिसके लिए नई प्रौद्योगिकियों और इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश की आवश्यकता है। दुनिया भर के देश ऊर्जा सुरक्षा के लिए पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता कम करके अक्षय ऊर्जा (सौर, पवन, हाइड्रोजन) का विविधीकरण कर रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाने से स्वास्थ्य और पर्यावरण में सुधार की संभावना है। वहीं चीन की ऊर्जा मांग में चरम पर पहुंचने के बाद कमी आने की संभावना है, जो वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकती है।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने पिछले साल बताया था कि दुनिया में करीब 730 मिलियन लोग ऐसे हैं, जो बिजली के बिना रहते हैं। उन्हें बिजली से जोड़ने की दिशा में प्रगति 2020 से रुकी हुई है। वहीं भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में ऊर्जा संकट का प्रमुख कारण यह है कि बिजली की मांग उसकी आपूर्ति से कहीं अधिक है, जो कि लगातार बढ़ रही है। वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की खपत अधिक है और यह लगातार बढ़ रही है, क्योंकि भारत सहित कई देश अभी भी विकास के दौर में है। अब सबसे बड़ी चुनौती जीवाश्म ईंधनों का विकल्प तलाशते हुए स्वच्छ ऊर्जा से इस बढ़ती मांग को पूरा करना है। स्वच्छ, प्रचुर, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा का भविष्य संभव है, बशर्ते कि दुनिया वित्त, नीति और बुनियादी ढांचे में मौजूद कमियों को दूर कर सके। साल 2030 तक सभी के लिए सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नीतियों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें इसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। वहीं युद्ध और संघर्षों से एनर्जी सेक्टर को हर हाल में बचाना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो दुनिया अंधेरे में डूब जाएगी।

अध्यात्म

## रोज अच्छी बातें सुनते और पढ़ते रहने से नकारात्मक विचार खत्म होते हैं

एक लड़के को उसके पिता ने संत कबीर के पास भेजा और कहा कि रोज उनके प्रवचन सुनो, लड़के ने कबीर से कहा कि मैं तो समझदार हूं, मुझे प्रवचनों की जरूरत नहीं है

संत कबीर के कई ऐसे प्रेरक प्रसंग प्रचलित हैं, जिनमें सुखी और सफल जीवन के सूत्र छिपे हैं। इन सूत्रों की वजह से हमारी कई समस्याओं दूर हो सकती हैं। कबीर से जुड़े एक प्रसंग के अनुसार एक दिन क्षेत्र का एक लड़का संत कबीर के पास पहुंचा। लड़के ने संत कबीर से कहा कि गुरुजी, मैं पढ़ा-लिखा हूं और अपना अच्छा-बुरा समझता हूं, लेकिन मेरे माता-पिता ने मुझे आपके प्रवचन सुनने भेजा है। आप ही बताइए मेरे जैसे समझदार इंसान को सत्संग की क्या जरूरत है?

कबीरजी ने उस लड़के की पूरी बात सुनी। इसके बाद भी वे चुपचाप रहे। उन्होंने पास में रखी हथौड़ी उठाई और जमीन में गड़े एक खूंटे पर मार दी। ये देखकर लड़के को कुछ समझ नहीं आया, कुछ देर बाद वह वहां से चला गया।

अगले दिन वही लड़का कबीर के पास वापस आया और बोला कि मैंने कल एक प्रश्न पूछा था, आपने उसका उत्तर नहीं दिया था। कृपया आज मेरे प्रश्न का उत्तर दे दीजिए। कबीर ने फिर उसी खूंटे के ऊपर हथौड़ी मार दी, लेकिन कुछ बोले नहीं।

लड़के ने सोचा कि शायद इनका मौन व्रत है, इसी वजह से कुछ बोल नहीं रहे हैं। इसके बाद वह तीसरे दिन फिर आया और वही प्रश्न पूछा। इस बार भी कबीर ने उसी खूंटे पर हथौड़ी मार दी।

ये देखकर लड़के का धैर्य टूट गया। उसने कहा कि आप मेरे प्रश्न का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं? मैं तीन दिन से एक ही बात आपसे पूछ रहा हूं। संत कबीर बोले कि मैं तो तुम्हें रोज जवाब दे रहा हूं। मैं इस खूंटे पर हथौड़ी मारकर जमीन में इसकी पकड़ मजबूत कर रहा हूं। अगर इस खूंटे की पकड़ कमजोर होगी तो इससे बंधे पशुओं की खींचतान से या ठोकर लगने से ये निकल जाएगा। ठीक इसी तरह का काम प्रवचन करते हैं।

सत्संग, प्रवचन और अच्छी बातें हमारे मनरूपी खूंटे पर बार-बार प्रहार करती हैं तो हमारे नकारात्मक विचार खत्म होते हैं। सकारात्मक विचार बढ़ते हैं। हर रोज अच्छी बातें पढ़ने और सुनने से हमारा मन बुराई से दूर हो जाता है। इसलिए सत्संग जरूरी है।

# संसाधन, वैश्विक राजनीति और भारत की रणनीतिक चुनौतियां

**भारत के पास आज जो संसाधन हैं–विशाल डेटा, कृषि क्षमता, युवा जनसंख्या और तकनीकी संभावनाएँ–वे उसे वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे ले जा सकते हैं। लेकिन केवल संसाधनों का होना पर्याप्त नहीं है; उनका सही उपयोग, संरक्षण और रणनीतिक प्रबंधन ही वास्तविक शक्ति प्रदान करता है। यदि भारत अपने डेटा को सुरक्षित रखते हुए उसका आर्थिक और तकनीकी लाभ उठाए, कृषि को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक बनाए, और वैश्विक संबंधों में संतुलन बनाए रखे, तो वह आने वाले समय में एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है। अंततः, यह समय भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों लेकर आया है। संसाधन हमारे पास हैं–अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम उन्हें अपनी ताकत बनाते हैं या अनजाने में अपनी कमजोरी।**

**सुधीन्द्र मोहन शर्मा**

अंतरराष्ट्रीय संबंधों, संघर्षों और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को समझना सहज कार्य नहीं है। यह केवल देशों के बीच शक्ति प्रदर्शन का खेल नहीं, बल्कि संसाधनों, रणनीति, इतिहास और दीर्घकालिक हितों का जटिल मिश्रण है। आज जब दुनिया तेजी से बदल रही है, तब 'संसाधन' शब्द का अर्थ भी पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकल चुका है। जहाँ कभी तेल, गैस और खनिज ही शक्ति के प्रमुख स्रोत माने जाते थे, वहीं अब डेटा, खाद्य सुरक्षा, तकनीकी क्षमता और मानव संसाधन भी उतने ही निर्णायक बन चुके हैं।

यदि अमेरिका, रूस या ईरान के पास विशाल तेल भंडार हैं, तो वे उनकी सामरिक और आर्थिक शक्ति का आधार हैं। ठीक उसी प्रकार भारत के पास विशाल जनसंख्या से उत्पन्न डेटा, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था और मजबूत कृषि आधार है, जो उसे न केवल आत्मनिर्भर बना सकते हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में स्थापित कर सकते हैं। इस दृष्टि से भारत के संसाधन पारंपरिक अर्थों में भले अलग हों, लेकिन उनकी उपयोगिता और प्रभाव कम नहीं हैं–बल्कि भविष्य में और अधिक बढ़ने की संभावना है।

**वैश्विक संघर्षों की वास्तविकता: बहु-आयामी कारण:** अक्सर यह धारणा बनाई जाती है कि यूक्रेन या पश्चिम एशिया के संघर्ष केवल संसाधनों–विशेषकर तेल और गैस–के लिए हो रहे 'प्रॉक्सी वॉर' हैं। इसमें आंशिक सच्चाई अवश्य है। ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और भू-रणनीतिक स्थानों का महत्व इन संघर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

किन्तु इन संघर्षों को केवल संसाधनों की दृष्टि से देखना एक सरलीकरण होगा। उदाहरण के लिए, यूक्रेन का संघर्ष केवल ऊर्जा आपूर्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि सुरक्षा गठबंधनों, क्षेत्रीय प्रभाव और वैश्विक शक्ति संतुलन का भी मुद्दा है। इसी प्रकार पश्चिम एशिया में संघर्षों के पीछे धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कारक भी गहराई से जुड़े हुए हैं। अतः यह समझना आवश्यक है कि आधुनिक युद्ध और संघर्ष 'एक कारण' से नहीं, बल्कि कई परतों वाले कारणों से संचालित होते हैं, जिनमें संसाधन एक महत्वपूर्ण, परंतु अकेला कारक नहीं हैं।

**डेटा: 21वीं सदी का नया तेल:** आज के डिजिटल युग में डेटा को 'नया तेल' कहा जाना केवल एक रूपक नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है। जिस प्रकार 20वीं सदी में तेल ने वैश्विक राजनीति को आकार दिया, उसी प्रकार 21वीं सदी में डेटा वैश्विक शक्ति संरचना को प्रभावित कर रहा है।

भारत इस संदर्भ में एक अनूठी स्थिति में है। यहाँ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है, डिजिटल भुगतान प्रणाली विश्व में अग्रणी है और सोशल मीडिया तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर विशाल मात्रा में डेटा उत्पन्न हो रहा है। यह डेटा न केवल आर्थिक मूल्य रखता है, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।



चिंता यह उठती है कि क्या यह डेटा विदेशी कंपनियों के माध्यम से अन्य देशों के नियंत्रण में जा रहा है। यह चिंता पूरी तरह निराधार नहीं है, लेकिन यह भी सत्य है कि भारत ने इस दिशा में नियामक कदम उठाए हैं–जैसे डेटा संरक्षण कानून, डिजिटल नियमावली और डेटा लोकलाइजेशन की पहल। इसका अर्थ यह है कि भारत धीरे-धीरे अपने डेटा पर नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चुनौती यह है कि इस प्रक्रिया को संतुलित रखा जाए–न तो नवाचार और निवेश बाधित हों, और न ही राष्ट्रीय हितों से समझौता हो।

**कृषि: केवल अर्थव्यवस्था नहीं, अस्तित्व का प्रश्न:** भारत की कृषि केवल उत्पादन या व्यापार का विषय नहीं है, बल्कि यह देश की सामाजिक संरचना, ग्रामीण जीवन और खाद्य सुरक्षा का आधार है। भारत आज भी विश्व के उन देशों में है जहाँ बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है और लगभग 47 प्रतिशत रोजगार कृषि से मिलता है।

ऐसे में यदि विदेशी कृषि उत्पाद बड़े पैमाने पर भारतीय बाजार में प्रवेश करते हैं, विशेषकर कम कीमत पर, तो यह स्थानीय किसानों के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। इससे न केवल उनकी आय प्रभावित हो सकती है, बल्कि दीर्घकाल में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ सकती है।

हालाँकि, वैश्विक व्यापार के अपने लाभ भी हैं। यह नई तकनीकों के आगमन, उत्पादकता वृद्धि और निर्यात के अवसर प्रदान करता है। इसलिए प्रश्न यह नहीं है कि विदेशी व्यापार होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि वह किस प्रकार और किन शर्तों पर होना चाहिए।नीतिगत स्तर पर यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा हो, साथ ही उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम भी बनाया जाए।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत एक जटिल लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वह न तो पूरी तरह किसी एक शक्ति के साथ जुड़ा है, और न ही स्वयं को अलग-थलग रखता है। अमेरिका, रूस, यूरोप और अन्य देशों के साथ उसके संबंध विभिन्न स्तरों पर विकसित हो रहे हैं।

इसे 'रणनीतिक स्वायत्तता' कहा जाता है–अर्थात् भारत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार निर्णय लेने की स्वतंत्रता बनाए रखना चाहता है। यह नीति आसान नहीं है, क्योंकि इसमें लगातार संतुलन बनाना पड़ता है। एक ओर भारत को तकनीक, निवेश और वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर उसे अपने संसाधनों और आंतरिक संरचना की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी है। यही संतुलन उसकी कूटनीति की सबसे बड़ी परीक्षा है।

**संसाधनों का सही उपयोग ही असली शक्ति है:** भारत के पास आज जो संसाधन हैं–विशाल डेटा, कृषि क्षमता, युवा जनसंख्या और तकनीकी संभावनाएँ–वे उसे वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे ले जा सकते हैं।

लेकिन केवल संसाधनों का होना पर्याप्त नहीं है; उनका सही उपयोग, संरक्षण और रणनीतिक प्रबंधन ही वास्तविक शक्ति प्रदान करता है। यदि भारत अपने डेटा को सुरक्षित रखते हुए उसका आर्थिक और तकनीकी लाभ उठाए, कृषि को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक बनाए, और वैश्विक संबंधों में संतुलन बनाए रखे, तो वह आने वाले समय में एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है। अंततः, यह समय भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों लेकर आया है। संसाधन हमारे पास हैं–अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम उन्हें अपनी ताकत बनाते हैं या अनजाने में अपनी कमजोरी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने कामों में जुटे रहेंगे, जिसका परिणाम भी आपको अच्छा मिलेगा। आपके अधूरे काम आसानी से पूरे हो सकते हैं।

**वृषभ**
दिन आपके जीवन स्तर में सुधार लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में किसी काम को पूरा करने के लिए आपको अपने जूनियर की मदद लेनी पड़ सकती है।

**मिथुन**
दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आय के नए रास्ते खुल सकते हैं और आपके मन में काम को लेकर नए-नए विचार भी आएंगे।

**कर्क**
आज का दिन थोड़ा चिंता भरा रह सकता है। आप अपने कामों में बदलाव करने की सोचेंगे, लेकिन फिलहाल वह निर्णय ज्यादा लाभदायक नहीं रहेगा।

**सिंह**
दिन आपको अपने कामों में पूरी एकाग्रता के साथ जुटने की सलाह देता है। खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में लाभदायक साबित होगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता भरा रहने वाला है। एक साथ कई काम आने से थोड़ी बेचैनी और भागदौड़ बढ़ सकती है।

**तुला**
आज आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आप अपनी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।

**वृश्चिक**
दिन आपके लिए उन्नति की राह खोलने वाला है। अच्छी खबरें मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। बिजनेस से जुड़ी योजनाओं को लेकर लापरवाही नहीं करेंगे।

**धनु**
आज का दिन खर्चों से भरा रह सकता है, इसलिए आपको अपने बजट का खास ध्यान रखना होगा। यदि आपका कहीं धन अटका हुआ था, तो उसके वापस मिलने की संभावना बन रही है।

**मकर**
व्यापार से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। किसी दूर रह रहे रिश्तेदार से खुशखबरी मिलने के संकेत हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जिससे आपको गर्व महसूस होगा।

**कुंभ**
आज यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ है तो उसे पूरा करने में थोड़ी मुश्किल आ सकती है। नौकरी में भी कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं।

**मीन**
आपको अपने आसपास के लोगों को समझने और छिपे हुए विरोधियों को पहचानने की जरूरत है। मन में किसी के प्रति ईर्ष्या या द्वेष की भावना न रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### सफल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा में सफल छात्राओं को रविवार को मसौढी के हरवंशपुर में अकौना हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को वार्ड संख्या अध्यक्ष अरुण प्रसाद के नेतृत्व में सम्मानित किया गया, मौके पर व श्रवण कुमार पंच, मनोहर गिरी ,अनिल कुमार, आशीष कुमार शामिल थे। छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है। सम्मानित छात्राओं में प्रिया कुमारी, विशाल कुमार, नेहा कुमारी, रितेश कुमार, दीपक कुमार समेत छात्र छात्र जो मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, सबको उपहार देकर सम्मानित किया गया है, सभी सकल छात्रों में भलुआ,, हरबसपुर चाननपुर समेत कई गांव के लोग शामिल हैं।



### बाइक सवार ने मारी युवक को ठोकर, मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पालीगंज मार्ग में भगवानगंज थाना क्षेत्र के चकिया पर गांव के समीप पेट्रोल पंप के पास सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज गति से विपरीत दिशा में आ रहे हैं एक बाइक ने जोरदार ठोकर मार दी जैसे पैदल जा रहे व्यक्ति गंभीर रूप में जख्मी हो गया है, जिसे चिंताजनक स्थिति में सबसे पहले अनुमंडल अस्पताल में लाया गया है उसके बाद पटना रेफर कर दिया गया है, गंभीर जख्मी व्यक्ति की पहचान उदय सिंह पिता स्व श्याम नारायण सिंह के रूप में हुई है, बताया जा रहा है कि वह अपने घर पैदल जा रहे थे उसी दरमियान सड़क क्रॉस करने के दौरान एक विपरीत दिशा में आ रही बाइक सवार ने ठोकर मार दी जैसे काफी दूर वह फेंका गए हैं जहां हेड इंजरी हुई है जिसे स्थानीय लोगों ने आनन फान में अनुमंडल अस्पताल इलाज के लिए लाया गया है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि कोई अज्ञात बाइक के ठोकर से गंभीर रूप में जख्मी हो गए थे जहां इलाज कराने ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई है।

### पालीगंज पूर्वी मंडल का प्रशिक्षण संपन्न

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज पूर्वी मंडल का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नुरचक गांव में मंडल अध्यक्ष लवकुश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रविकांत शर्मा ने किया। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया, जबकि समापन सत्र को विधानसभा प्रभारी कुमुद रंजन निकेश ने संबोधित किया। इस दौरान विधानसभा संयोजक नारायण कुमार सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकताओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिसमें संगठनात्मक ढांचे, कार्यपद्धति, जनसंपर्क, बूथ प्रबंधन तथा पार्टी की विचारधारा पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर नीरज शर्मा, विकास जी, लंकेश सिंह, संजय शर्मा, मुन्ना शर्मा, रविशंकर कुँवर, रविंद्र कुँवर, नीरज कुमार, माया जी, मनमोहन यादव, झुन्नु कुमार, शिवउदय शर्मा, सुधीर शर्मा, गिरजा वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



### जी पी क्लासेस में सम्मान समारोह, मेधावी छात्रों को मेडल व मोमेंटो

**पालीगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के सटे किंजर स्थित जी पी क्लासेस में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालीगंज विधायक संदीप सौरभ तथा राजद नेत्री सीमा कुशवाहा शामिल हुईं। दोनों अतिथियों ने मेधावी छात्रों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अमृता कुमारी को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने इस वर्ष भी बेहतर अंक प्राप्त कर पालीगंज व किंजर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मौके पर सीमा कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण छात्रों की मेहनत सराहनीय है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं जी पी क्लासेस के संस्थापक प्रेम कुमार को दिया। संस्थान के सम्मानित होने वालों में अमृता कुमारी , प्रतिमा कुमारी , आयुष कुमार एवं पंकज कुमार शामिल हैं। संस्थापक प्रेम कुमार ने सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।



### गौ संरक्षण को लेकर मसौढी में चलेगा हस्ताक्षर अभियान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौ सम्मान आह्वान अभियान" के अन्तर्गत मसौढी के कृष्णा गुरुकुल स्कूल प्रांगण में गौ-प्रेमियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें गौ माता की सुरक्षा करने के लिए साधु-संतों, देशभक्तों व गौ-प्रेमियों के चल रहे देशव्यापी अभियान में सहयोग करने का निर्णय लिये गये साथ ही मसौढी क्षेत्र में चल रहे हस्ताक्षर अभियान को गति देने के लिए विशेष सक्रियता दिखाने पर जोर दिये गए। ज्ञात हो कि 27 अप्रैल को गौ-सम्मान दिवस घोषित करते हुए उस दिन सरकार को एक करोड़ से अधिक गौ-प्रेमियों से हस्ताक्षर कराकर ज्ञापन दिये जायेंगे और गौ माता को उचित सम्मान देते हुए गौ-हत्या पर प्रतिबंध लगाया जाए। हर जिले और अनुमंडल में यह हस्ताक्षर अभियान चल रहा है। आज के बैठक में संजय केशरी, पी के भारती, बी एन पाण्डेय, उमेश कुमार, अच्युतानंत सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय, टिन्टू शर्मा, संजीव सिंह, अमित कुमार, अजीत कुमार, गीता कुमारी, बिट्टू सिंह, अमृत आनन्द आदि सहित अन्य कई लोग शामिल हुए।



### दैनिक यात्रियों ने ट्रेन ठहराव के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को बाढ भाजपा विधायक डॉ सियाराम सिंह से अथमलगोला रेलवे स्टेशन से जुड़े आम एवं दैनिक यात्रियों के एक प्रतिनिधिमण्डल नें मुलाकात की, अथमलगोला स्टेशन पर वर्षों पूरानी मांग ट्रेन संख्या 18183/84 टाटा नगर बक्सर व 13331/32 पटना धनबाद इंटरसिटी के ठहराव की मांग उठाई व 108 यात्रियों के हस्ताक्षर से युक्त एक जनहित मांग पत्र विधायक को सौंपा। मांग पत्र में यह कहा गया है की समय दर समय मेला या विशेष किसी उपलक्ष्य में उक्त ट्रेनों का ठहराव अस्थाई रूप में कुछ दिनों के लिए दिया जाता है लेकिन स्थाई रूप से इसे रेलवे बोर्ड नई दिल्ली का मसला बताकर नहीं रोका जाता है । पत्र में यह भी कहा गया है की खुद आपने ( विधायक डॉ सियाराम सिंह ने) 06 जनवरी 2026 के इस जनहित के मसले पर उक्त ट्रेनों के ठहराव हेतू रेलमंत्री जी पत्राचार किया था लेकिन आजतक कुछ नहीं संभव हो सका। इसलिए जनहित में उक्त ट्रेनों का ठहराव दिया जाए।स्थानीय जनता व दैनिक व आम यात्रियों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए स्थानीय विधायक डॉ सियाराम सिंह ने कहा की इस इस ट्रेन ठहराव संबंधित पब्लिक पेटीशन को हम रेलवे बोर्ड व रेल मंत्रालय से अनुरोध कर स्वीकृत करवायेंगे ऐसा मेरा यथासंभव प्रयास रहेगा।बहरहाल स्थानीय विधायक के आश्वासन के बीच दैनिक व आम यात्री को एक राहत भरी उम्मीद का इंतजार रहेगा।



### मसौढी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान के तहत कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में रविवार को भाजपा का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित इस शिविर में पटना ग्रामीण भाजपा महामंत्री विजय यादव समेत नेता शामिल रहे।यह प्रशिक्षण शिविर मसौढी मंडल के पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों, पंचायत प्रतिनिधियों और कार्यकताओं के लिए आयोजित किया गया। इसमें सात सत्रों के माध्यम से उन्हें संगठन की कार्यप्रणाली, भाजपा का इतिहास, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया तथा एआई के उपयोग, कार्य विस्तार और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

# बकाया पैसा नहीं मिलने पर गया था उसकी भैंस खोलने, दादा ने मार दी गोली, मौत





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकाया मजदूरी नहीं मिलने से गुस्से में आकर एक युवक ने जाकर उसके घर का भैंस खोलने की कोशिश कर रहा था, उसी दरमियान उसके चचेरे दादा ने पिस्तौल निकाल कर उसका सीन में गोली मार दी है, जहां उसकी मौत मौके पर ही हो गई ,यह घटना धनरूआ थाना क्षेत्र के निजामत गांव से स्टे सहजापुर की घटना है। गंभीर रूप में जख्मी युवक को आनन-फानन में पीएमसीएच भेजा गया है, जहाँ उसकी मौत हो गई है,मृतक का नाम सोनू कुमार, पिता भूषण यादव बताया जाता है। दरअसल घटना के बारे में बताया गया है कि सोनू कुमार हैदराबाद में एक एचडीपी पाइप कंपनी में काम करता था, जहां इसी गांव के मुकेश कुमार इसे जो लेबर ठेकेदार था, वह हैदराबाद से काम कराने के लिए ले गया था, लेकिन कई महीनो बाद जब पैसा नहीं मिल रहा था तो वह गांव चल आया और वही बकाया पैसा की मांग को लेकर लगातार अपने पैसों की मांग कर रहा था, अंत में आजीज होकर जब पैसा नहीं मिला तो रविवार के दिन उसके घर पर बंधे हुए भैंस को खोलना गया था जहां रिश्ते में लगे चचेरे दादे बिजेंद्र यादव ने देसी पिस्तौल से उस पर गोली चला दी, जहां सीने में उसे गोली लगी है और आनन फानन में उसे गंभीर रूप में पीएमसीएच भेजा गया है। सूचना पाकर धनरूआ पुलिस और सहजापुर थाने की भी पुलिस मौके पर पहुंची है और दोनों पुलिस संयुक्त रूप से जांच पड़ताल में जुटी हैं इस घटना के बाद उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोई मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने कहा कि आपसी विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई है, घटना की जांच की जा रही है ,एफएसएल के टीम भी जांच कर रही हैं।

# पटना में 'नीट' और 'जी' कैसे करें क्रैक' विषय पर भव्य सेमिनार आयोजित

**पटना//नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी पटना के प्रतिष्ठित ए.एन. कॉलेज के ऑडिटोरियम में आज गोल इंस्टीट्यूट द्वारा 'नीट' और 'जी' कैसे करें क्रैक' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों से सफलता के गुर सीखे। कार्यक्रम का संचालन गोल कंकड़बाग शाखा के प्रमुख श्री संजीव कुमार द्वारा किया गया। अकादमिक हेड गौरव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नीट और जी में सफलता का मूल मंत्र है - सही दिशा में निरंतर अभ्यास और कॉन्सेप्ट की गहराई से समझ। छात्रों को केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि स्मार्ट स्टडी पर ध्यान देना चाहिए। हर टॉपिक को बार-बार रिवाइज करना और टेस्ट के माध्यम से स्वयं का मूल्यांकन करना अनिवार्य है। आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने छात्रों को आधुनिक परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयारी करने की सलाह देते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल किताबें पढ़ना पर्याप्त नहीं है। एनालिटिकल अप्रोच, ट्रिकी प्रश्नों की समझ और समय प्रबंधन ही सफलता की कुंजी है। असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने छात्रों और अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर छात्र में क्षमता होती है, जरूरत है सही मार्गदर्शन और अनुशासन की। नीट का उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि हर छात्र को व्यक्तिगत रूप से गाइड कर उसकी सफलता सुनिश्चित करना है। गोल के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा कि गोल पिछले 28 वर्षों से छात्रों के सपनों को साकार करने का कार्य कर रहा है। एआइआईएमएस और टॉप मेडिकल कॉलेजों में चयन केवल मेहनत से नहीं, बल्कि सही रणनीति से होता है। गोल उसी रणनीति और वातावरण को प्रदान करता है, जिससे छात्र अपने सपनों को हकीकत में बदल सकें। इस सेमिनार में पीएमसीएच और आईजीआईएमएस के मेधावी मेडिकोस ने भी भाग लिया और अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। नीट के अंतिम महीने की रणनीति पर विशेष चर्चा करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि- अंतिम महीने में केवल रिवीजन पर फोकस करें, नया टॉपिक न शुरू करें। सेमिनार के अंत में छात्रों और अभिभावकों ने गोल इंस्टीट्यूट की इस पहल की सराहना की और इसे अपने भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।



# महिला के साथ हुई अमानवीयता पर भाकपा माले का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

## बिहार की एनडीए की सरकार में कानून व्यवस्था में निरंतर गिरावट

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर हिलसा बाजार में भाकपा माले ने नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड के अजयपुर गांव में एक महिला के साथ सरेआम अमानवीय व्यवहार में संलिप्त सभी अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर सड़कों पर प्रतिरोध मार्च निकाला। इस आक्रोश मार्च का नेतृत्व प्रखंड कार्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव, कराय परशुराय प्रखंड सचिव रविंद्र पासवान, थरथरी प्रखंड के प्रभारी मुनी लाल यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस मार्च में दर्जनों माले कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम पार्टी कार्यालय से निकलकर काली स्थान, वरुण तल सिनेमा मोड होते हुए योगीपुर मोड़ के पास सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता खेत ग्रामीण मजदूर सभा के प्रखंड अध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कार्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिला के अजयपुर गांव में महिला के साथ दिनदहाड़े सामूहिक दुर्व्यवहार और अमानवीयता की कोशिश भाजपा जदयू शासन पर काला धब्बा है। घटना में सम्मिलित अपराधियों को उन्होंने अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने एवं पीड़िता के परिवार जनों को जान माल की सुरक्षा की गारंटी की मांग की।आगे उन्होंने बताया कि जब से बिहार में भाजपा जदयू प्रचंड बहुमत में आयी है और सम्राट चौधरी को गृह विभाग मिला है, तब से अपराधियों का मनोबल चरम पर है इन्होंने कहा था की बिहार में अपराधियों का गया में पिंडदान कर दिया जाएगा लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है।अपराधी सरकार और सरकारी तंत्र को खुला चुनौती दे रहा अपराध चरम पर है। महिलाओं को सरेआम बेइज्जत किया जा रहा है।महिलाएं दिन में भी असुरक्षित हैं। सरकार और शासन मूकदर्शक बना हुआ है। भाजपा की मानसिकता बिहार को यूपी के तर्ज पर चलाना है।गरीबों के घरों पर अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर चलाना, धर्म के नाम पर सांप्रदायिकता का उन्माद फैलाकर नौजवानों को दिशा विहीन करना बिहार इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, जिला कमेटी सदस्य विजय यादव, चुन्नू चंद्रवंशी, बखोरी प्रसाद मुखिया, उमेश जमादार,इंदल बिंद,भीम बिंद,रामप्रवेश साहनी, शंकर प्रसाद,दुलारचंद पासवान व अन्य लोगों ने भी विरोध मार्च में हिस्सा लिया।




### छापेमारी में घर से मिला 2 किलो 400 ग्राम गांजा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र डोमन बिगहा गांव में मछली मारने की विवाद में गोली चलने पर एक 10 वर्षीय बच्ची खुशी कुमारी गंभीर में जख्मी हो गई थी, इस मामले में शैलेंद्र कुमार ने डोमेन बिगहा गांव के चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इस आलोक में छापेमारी करने के दौरान पुलिस को विनोद कुमार पिता स्व रामु प्रसाद के घर पर 2 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त की गई है। जहाँ दंडाधिकारी के रूप मे पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार राम की उपस्थिति में गांजा को वीडियोग्राफी करते हुए जप्त किया गया है।

# रेलवे स्टेशन के एलइडी स्क्रीन को हैक कर तेज आवाज में बजाया गाना, आरोपित गिरफ्तार

## वेटिंग हॉल में मची अफरा-तफरी, रेलवे कर्मियों की तत्परता से साइबर अपराधी दबोचा गया

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेलवे के फतुहा- दनियावां- हिलसा- इस्लामपुर रेल खंड पर हिलसा रेलवे स्टेशन पर उस वक्त असहज स्थिति उत्पन्न हो गई, जब वेटिंग हॉल में यात्रियों को सूचना देने के लिए लगाए गए एलईडी स्क्रीन पर अचानक तेज आवाज में गाना चलने लगा। घटना के समय वेटिंग हॉल एवं प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में यात्री मौजूद थे।महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। अचानक फुल साउंड में गाना बजने से लोग हैरान रह गए और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।हालांकि रेलवे कर्मियों की तत्परता से सिस्टम को हैक करने वाले साइबर अपराधी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़ा गया युवक खगड़िया जिले के कनौली बलतारा गांव निवासी अरुण कुमार का पुत्र रौशन कुमार बताया जा रहा है।फिलहाल युवक को जीआरपी थाना की पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।स्टेशन मास्टर वीरेंद्र कुमार पासवान ने बताया कि युवक वेटिंग हॉल में बैठा हुआ था। जब रेलवे कर्मचारी ट्रेन लोकेशन डिस्प्ले को री-स्टार्ट करने पहुंचे, तो पता चला कि किसी ने सिस्टम हैक कर यूट्यूब के माध्यम से गाना चलाने का किया है। इसी दौरान युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया गया।रेलवे प्रशासन मामले की जांच में जुटा है और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कही जा रही है।

### दो गुटों में हिंसक झड़प, भाला से मार कर किया जख्मी, 10 नामजद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बद्रीबीघा गांव में सोमवार की देर शाम को जमीन विवाद में दो गुटों में हिंसक झड़प हुई है, आरोप है की भाला फेंक कर जानलेवा हमला किया है, जिसमें नीतीश कुमार पिता विमल प्रसाद के बाएं हाथ में छेद हो गया है, लहू लुहान स्थिति में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी नीतीश कुमार के बयान पर 10 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है, जख्मी नीतीश कुमार पिता विमल प्रसाद ने बताया कि पंच के द्वारा बांटे गए जमीन पर हम अपना मकान बनाने के लिए दीवाल उठा रहे थे उसी दरमियान हमारे गांव के ही तकरीबन 10 की संख्या में महिला पुरुष लोग आ धमके और गाली गलौज मारपीट करना शुरू कर दिए जब हमने इसका विरोध किया तो रंजन कुमार ने हाथ में भाला लेकर मारा और खून बहने लगा इसके अलावा सभी लोग ईट फेंक कर मारने लगे, इसमें कई लोग चोटील हुए हैं।

# पुनपुन पुलिस ने सड़क छाप लफंगों, मनचलों से बचाव को लेकर लड़कियों को किया जागरूक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन की महिला थानाध्यक्ष और महिला पुलिस टीम के द्वारा लड़कियों को सड़क छाप लफंगों, मनचलों और छेड़खानी करने वालों से बचाव के लिए जागरूक करने हेतु इन दिनों कई जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। ऐसे मे कोचिंग जा रही लडकियों को इस अभियान के जरिए लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए उन्हें निडर बनाने कि कोशिश कर रहे है। महिला पुलिस द्वारा बताए गए प्रमुख सुरक्षा टिप्स और जागरूकता में थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने उन सभी छात्राओं को मुसीबत के समय अपनी सुरक्षा खुद करने के लिए बेसिक आत्मरक्षा तकनीकों के बारे में बताया। इसमें आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन भी शामिल रहाःछात्राओं को 1090 (विमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1076 (महिला हेल्पलाइन) जैसे महत्वपूर्ण नंबरों का उपयोग करने की जानकारी दी गई। पुलिस ने छात्राओं को घर से बाहर निकलते समय सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की सलाह दी। लफंगों या छेड़खानी करने वालों के सामने डरने के बजाय हिम्मत से काम लेने और तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया गया। पुनपुन थानाध्यक्ष ने बताया की 'मिशन शक्ति' अभियान के माध्यम से स्कूल-कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इन अभियानों के तहत, पुलिस ने मनचलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है और कई जगहों पर एंटी-रोमियो स्क्वाड या शक्ति सुरक्षा दल की गश्त भी बढ़ाई गई है।



# पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस केवल भ्रम फैलाकर लोगों को गुमराह कर रही है, जिसका कोई औचित्य नहीं है। भाजपा प्रशिक्षण महाभियान के माध्यम से कार्यशालाएं आयोजित कर अपने कार्यकताओं को मजबूत करने में जुटी है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह जिला मंत्री संजीव मंगलम शशिभूषण सिंह नवीन सिंह अनामिका अग्रवाल चंदन भारद्वाज इंद्रभूषण सिंह प्रदेश कार्यसमिति पंकज कुमार सिंह मंडल महामंत्री पंकज कुमार पूर्व जिला महामंत्री हेमंत भाजयू युवा अध्यक्ष राजीव कुमार अरविंद सिंह आशुतोष कुमार राकेश सिंह बबलू कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर बाढ़ विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान वैचारिक रूप से कार्यकताओं को मजबूत करते हुए पार्टी के साथ जोड़ने का काम करता है।



### गैस किल्लत को लेकर माले ने जताया विरोध

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम मोदी की गलत नीतियों के कारण आज देश में रसोई गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है।अमेरिका और इजरायल की इजरायल की गोद में पीएम के बैठ जाने से आज ईरान भारत के भी तेल टैंकरों से टैक्स की वसूली कर रहा है यह बातें माले के फतुहा, दनियावां प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने शनिवार को दनियावां में मीडिया प्रतिनिधियों से कही। श्री शैलेंद्र ने कहा कि इसकी तैयारी काफी दिनों से चल रही थी फिर भी सरकार ने पहले से कोई सावधानी नहीं बरती। आज हालात यह हो गई है की रसोई गैस नहीं रहने के कारण होटल में ताला लटक रहा है तो प्रदेश के लोग भागने लगे हैं।

# जलविहीन अथमलगोला स्टेशन, तड़प रहे यात्री

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जलापूर्ति विभाग ने खुद को पाकसाफ बताते हुए सारा दोष स्टेशन प्रबंधक पर दिया, आरोप- नौ साल से एक ही स्थान पर जमे होने के कारण एसएम करते हैं मनमानी पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत दानापुर रेल मंडल के अथमलगोला पर लाखों की लागत से महज कुछ ही माह पूर्व शुद्ध पेय जल मुहैया कराने के लिए बेसिन युक्त नल की व्यवस्था तो की गई। लेकिन यह सिर्फ दिखावे की वस्तु बनकर रह गया है। ज्ञात हो कि बाढ़ और बख्तियारपुर के बीच का इस महत्वपूर्ण स्टेशन से प्रतिदिन दर्जनों ट्रेनों का आवागमन एवं ठहराव होता है। जिससे रेल विभाग को जहां राजस्व की प्राप्ति होती है। वहीं करीब बीस गांव के निवासी इससे लाभान्वित हो रहे है। लेकिन भीषण गर्मी का समय होने के बाबजूद भी यात्री रेल विभाग की उदासीनता के शिकार हो रहे है। यात्रियों ने बताया कि हाल ही के दिनों में प्लेटफॉर्म पर पूरे तामझाम से छह बेसिन युक्त नल की व्यवस्था तो की गई है। लेकिन किसी से भी पानी की एक बूंद यात्रियों को नसीब नहीं है। जिसके कारण ठहराव वाले ट्रेन के यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो पानी के लिए नल तक गए यात्री को पानी तो नहीं ही मिला ट्रेन भी छूट गई है। हजारों यात्रियों का आवागमन लेकिन मात्र दो चांपाकल के सहारे किसी तरह काम चलाया जा रहा है।यात्री और स्थानीय नागरिकों में इस मुद्दे पर आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता दिख रहा है। इस संबंध में विभाग के जेई रवि कुमार ने बताया कि हमने अपना काम पूरा कर के स्टेशन के सुपुर्द कर दिया है। स्टेशन कर्मियों द्वारा पानी नहीं खोला जाता है। जिसके कारण परेशानी हो रही है। जबकि एक एक हजार लीटर की तीन टंकी जल आपूर्ति के लिए लगाया गया है। और पानी खोलने का भोल्भ स्टेशन प्रबंधक के अधीन दिया गया है। यूं कहा जाय तो जलापूर्ति में बाधा का सारा ठीकरा उन्होंने एसएम के मत्थे चढ़ा दिया है। वहीं जब स्टेशन प्रबंधक लाल भारती से इस संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव ही नहीं किया।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि करीब नौ वर्षों से स्टेशन प्रबंधक इसी स्टेशन पर जुगत लगा कर जमे हुए हैं। जिसके कारण स्टेशन परिसर में पूरी तरह से लापरवाही और मनमानी का आलम देखने को मिल रहा है।




# मसौढी में फायर ब्रिगेड का जन जागरूकता अभियान : ग्रामीणों को आग से बचाव और सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के ग्रामीण इलाकों में बढ़ते आग लगी की घटना को देखते हुए गांव से लेकर शहर तक फायर ब्रिगेड के द्वारा आग से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं, वहीं खेत खलियान में भी आग लगने की घटनाएं जोर हो चुकी है।ऐसे में मसौढी थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों के बीच जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आग से बचाव और आपात स्थिति में सुरक्षित रहने के उपायों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पीए सिस्टम के माध्यम से लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों को आग लगने पर घबराने के बजाय सतर्कता बरतने की सलाह दी। उन्हें घरों में गैस सिलेंडर, बिजली के उपकरणों और ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। मॉक ड्रिल के जरिए यह भी बताया गया कि आग लगने पर प्राथमिक स्तर पर उसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही, समय रहते फायर ब्रिगेड को सूचना देने के महत्व पर भी जोर दिया गया।इस अभियान में फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों को आग बुझाने के तरीके, अग्निशामक यंत्रों के उपयोग और सुरक्षित निकासी के बारे में प्रशिक्षित किया।इस जन-जागरूकता अभियान से ग्रामीणों में आग सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। स्थानीय लोगों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताया।





## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डोर टू डोर लोगों को किया जा रहा जागरूक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तुरकौलिया थाना के हरदिया, शंकर सरैया सहित अन्य प्रभावित गांवों में मेडिकल टीम के द्वारा डोर टू डोर भ्रमण किया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। सस्पेक्ट मामला मिलने पर उसको एंबुलेंस के द्वारा सदर अस्पताल बेहतर इलाज के लिए भेजा जा रहा है। सिविल सर्जन और डीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और चिकित्सक लगातार मामलों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गांव में माइकिंग भी कराई जा रही है कि अगर किसी के स्वास्थ्य में उतार - चढ़ाव है तो मेडिकल टीम से जांच करा लें। जागरूक रहें,सतर्क रहें तथा प्रशासन को सहयोग करें और जारी की गई है चेतावनी का अनुपालन करें।



### हर्षोल्लास के साथ मना इस्टर पर्व

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। चुहड़ी** पल्ली में रविवार को ईस्टर पर्व उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईस्टर के अवसर पर आवर लेडी ऑफ असम्पशन चर्च चुहड़ी में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मसीह समुदाय के लोग शामिल हुए। मिस्सा पूजा के दौरान फादर मुक्ति कलारेन्स एवं फादर मनोज ने पवित्र पाठ का वाचन करते हुए कहा कि प्रभु यीशु के पुनर्जीवन ने मानव जाति को पाप की जंजीरों से मुक्ति दिलाई। उन्होंने लोगों को प्रेम, शांति और भाईचारे के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। धार्मिक विधि का संचालन पल्ली पुरोहित फादर हरमन रफाएल, फादर मनोज, फादर अमित और फादर मुक्ति क्लेरेंस ने संयुक्त रूप से किया। रात 12 बजे के बाद विशेष रस्मों के साथ मिस्सा पूजा प्रारंभ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान खुशियों के गीतों से पूरा चर्च परिसर गूंज उठा। प्रभु यीशु के तीन दिन बाद पुनर्जीवित होने की खुशी में श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की और एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में परम प्रसाद का वितरण किया गया।

### विश्वनाथ झुनझुनवाला बने पीयूसीएल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक स्वातंत्र्य संगठन (पीयूसीएल), बेतिया की जिला कार्यकारिणी की बैठक पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. शमसुल हक की अध्यक्षता में रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, बेलबाग में सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से पेट्रन मेम्बर विश्वनाथ झुनझुनवाला को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष चुना गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं एमजेके कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. (डॉ.) आर.के. चौधरी के मुजफ्फरपुर स्थानांतरण के कारण यह निर्णय लिया गया।राज्य सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने बताया कि इसी वर्ष जिला सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का चुनाव होगा। झुनझुनवाला ने मानवाधिकारों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में गैस सिलिंडर डिलीवरी की समस्या सहित अन्य मुद्दों व आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में डॉ. मदन बनिक, राधाकांत देवनाथ, डॉ. रमेश कुमार, प्रगति कुमारी गुप्ता, रामेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, लालबाबू प्रसाद, पारस कुमार, जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भाग लेकर नव-निर्वाचित कार्यवाहक जिलाध्यक्ष को बधाई दी।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट चंपारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय गाँधी मैदान मोतिहारी के जी.के.स्पोर्ट्स क्रिकेट ग्राउंड पर जिला के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी स्व.मनोज कनौजिया के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बीसीए गवर्निंग काउंसिल कन्वेनर ज्ञानेश्वर गौतम, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रीतेश रंजन, फंटा पांडेय, रहमान खान, दिवाकर कुमार सिंह, गुलाब खान, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार छोटू सहित सैकड़ो खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों ने इस श्रधांजलि सभा मे 2 मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। ज्ञात हो कि स्व.मनोज कनौजिया जिले के वरिष्ठ खिलाड़ी के साथ-साथ बिहार क्रिकेट टीम के भी वरिष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन में कोषाध्यक्ष व ट्रेनर के रूप में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं।



### शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला और एक पुरुष कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने आरोपियों के पास से 101 पीस नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की है, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया।थानाध्यक्ष अमर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महेदीपुर निवासी वरुण कुमार उर्फ अभिजीत कुमार रंजन तथा बसड़ा निवासी शबनम खातुन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को लंबे समय से इनके संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद टीम गठित कर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया।पुलिस ने बरामद शराब को जब्त करते हुए दोनों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि मझौलिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से पुलिस जांच में पारदर्शिता आएगी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अंचल कार्यालय में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार ने सर्वप्रथम सीसीटीएनएस और ई साक्ष्य ऐप पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनएस और ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से पुलिस जांच में पारदर्शिता, गति और सटीकता आएगी। इंस्पेक्टर ने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन, रात्रि गश्ती तेज करने,फरार और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने को कहा। उन्होंने शराब एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराध नियंत्रण और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार,मानपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार पुरुषोत्तमपुर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी कंगली के मो लाडले सिकटा के निशीत कुमार मौर्य,मैनाटांड के दरोगा ओमप्रकाश गुप्ता रीडर शिव कुमार सुरेंद कुमार जयशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

### गौमूत्र और जीवामृत से कम खर्च में बढ़ेगी पैदावार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ती लागत और रासायनिक खादों पर निर्भरता के बीच अब प्राकृतिक खेती की ओर किसानों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में गौमूत्र और जीवामृत आधारित खेती एक प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है, जो कम लागत में अधिक उत्पादन देने में सहायक साबित हो रही है।कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर के वरीय वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह के अनुसार देसी गाय का गोबर और गौमूत्र खेती के लिए अत्यंत उपयोगी संसाधन हैं। गौमूत्र में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) जैसे प्रमुख पोषक तत्वों के साथ कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक और कॉपर जैसे सूक्ष्म तत्व भी मौजूद होते हैं, जो पौधों की वृद्धि को गति देते हैं। इसके जीवाणुनाशक गुण फसलों को रोगों से बचाने में भी मददगार हैं।उन्होंने बताया कि एक बड़ी फसल में 15 लीटर पानी में 500 से 700 मिली गौमूत्र मिलाकर छिड़काव करने से माहू और सफेद मक्खी जैसे कीटों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। साथ ही बीज उपचार में इसके उपयोग से अंकुरण दर बेहतर होती है।गोबर और गौमूत्र से तैयार जीवामृत मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके नियमित उपयोग से जमीन की संरचना सुधरती है और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। नीमास्त्र व अग्न्यास्त्र जैसे जैविक घोल भी कीट नियंत्रण में कारगर हैं।डॉ. सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रही हैं। यह पहल किसानों के लिए टिकाऊ और सुरक्षित खेती की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

# आग ने मचाया तांडव : 44 घर जलकर राख, प्रशासन ने दी त्वरित राहत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया प्रखंड अंतर्गत चुहड़ी पंचायत के खैरवा टोला वार्ड संख्या-दो में शनिवार की देर रात भीषण अगलगी की घटना में 44 परिवारों के घर जलकर राख हो गए। इस अग्निकांड में मवेशी, वाहन, नकद, कपड़े, बर्तन समेत एक करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार की रात करीब 12 बजे अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते दर्जनों घर इसकी चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर चनपटिया एवं बेतिया से दमकल की सात छोटी-बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और पुलिस-प्रशासन तथा ग्रामीणों के सहयोग से करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक अभिषेक रंजन, बीडीओ प्रणव कुमार गिरी तथा थानाध्यक्ष अमित कुमार देर रात घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों का हाल जाना। वहीं रविवार को अपर समाहर्ता सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अनिल कुमार सिंहा के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।प्रशासन द्वारा सभी 44 प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत के रूप में 12-12 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई है। साथ ही बेघर हुए परिवारों को अस्थायी आश्रय के लिए पॉलीथीन शीट उपलब्ध कराई गई है। पीड़ितों के भोजन की व्यवस्था के लिए गांव में सामुदायिक किचेन भी शुरू किया गया है।अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिंहा ने बताया कि अग्निकांड में दो गाय एवं लगभग एक दर्जन बकरियों की झुलसकर मौत हो गई, जबकि कई मोटरसाइकिल और एक ट्रैक्टर के जलने की भी सूचना है। पशुपालन विभाग की टीम घायल पशुओं के इलाज में जुटी है।इस घटना में बिकाऊ राम, अवधेश राम, लालबाबू राम, जयश्री राम, खोभारी राम, नथुनी राम, चन्द्रिका राम, उपेन्द्र राम, मनोज राम, चन्दन राम, विपीन राम, सुकई राम, साहेब राम, सोना देवी, लल्लू राम, प्रमोद राम सहित कुल 44 परिवारों के घर जलकर नष्ट हो गए हैं।अग्नि पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। खैरवा टोला निवासी रामजी राम ने बताया कि उनके पुत्र की 7 मई को शादी निर्धारित थी और घर में शादी की सारी तैयारी कर ली गई थी, लेकिन आग में सब कुछ जलकर राख हो गया। प्रशासन ने क्षति का आकलन कर आगे भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## अलग-अलग अगलगी की घटना में एक दर्जन से अधिक घर जले

**तीन पशुओं की जलकर मौत, कई लोगों की हालात गंभीर**



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल के दो अलग अलग आग लगी कि घटना में करीब एक दर्जन फुसनुमा घर जलकर राख हो गया है। पहली घटना साठी थाना क्षेत्र की है जहां रविवार की अहले सुबह भभटा पंचायत के वार्ड संख्या 9 स्थित कुट्टी टोला गाव में रमेश पासवान के घर मे आग लग गई। और देखते ही देखते रमेश पासवान,उमेश पासवान और जोगिंद्र पासवान को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में एक भैंस की झुलसकर मौत हो गई है। आग लगने का कारण पशुओं के लिए जलाए गए अलाव की चिंगारी उड़ने से बताया गया है। घटना की पुष्टि करते हुए मुखिया नवीन प्रसाद ने बताया कि सूचना पर पीड़ित परिवार का हाल जाना गया है। घटना की सूचना प्रभारी सीओ और स्थानीय थाना को दे दी गयी है। वही दूसरी घटना कुकुरा पंचायत के वार्ड संख्या तीन कुकुरा गाव की है। जहां रविवार कि दोपहर अचानक आग लगने से आठ घर जल गया है। इस भीषण अग्निकांड में नफिल मियां, जाजुल मियां, हाफिज मियां, मुसाफिर मियां, अजीमुल्लाह मियां, सेराजुल मियां, अत्तिउलाह मियां, मंजूर मिया, मोफिल मियां, अकबर मियां, कलाम मियां और सलाम मियां के घर मे रखा कपड़ा वर्तन, अनाज, नगदी, जरूरी दस्तावेज समेत लाखो की संपत्ति जलकर राख हो गयी। इस घटना में दो मवेशियों की जलकर मौत हो गई है। वही अन्य घायल बताए गए है। स्थानीय लोगों के अनुसार जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग विकराल रूप ले लिया था। आग की लपटों को देख आसपास में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान घर मे रखे सिलेंडर ब्लास्ट करने से पूरा आग पूरा भयावह रूप ले लिया। जिससे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि आग कैसे लगी इसका पता नही चल पाया है। सूचना पर पहुचीं अग्निशमन और ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक सबकुछ जलकर राख हो चुका था। घटना से पीड़ित परिवार का रो रो कर बुरह हाल है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि इस हादसे में उनकी वर्षो की मेहनत की कमाई पल भर में राख हो गई। घटना की पुष्टि करते हुए बीडीसी प्रतिनिधि अकरम रेजा ने बताया कि घटना की सूचना प्रशासनिक स्तर पर दे दी गई है। इस घटना में पीड़ितों को काफी नुकसान हुआ है। मदद के लिए हर संभव पहल की जा रही है। इधर बीडीओ सह प्रभारी सीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच के लिए राजस्व कर्मचारी को मौके पर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को सरकारी स्तर पर हर संभव सहायता प्रदान करायी जाएगी।

# विश्वविद्यालय में एक ऐसा चंपा का पेड़ है जिसकी खुशबू पूरे देश को आनंदित कर रही है : राधा मोहन सिंह



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल सैयद अता हसनैन, उपसभापति राज्यसभा हरिवंश नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केन्द्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. महेश शर्मा, कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में उपस्थित थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री मोतिहारी सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि यह विश्वविद्यालय चंपारण में एक ऐसा चंपा का पेड़ है, जिसकी खुशबू पूरे देश को आनंदित कर रही है। और इस चंपा के पेड़ को लगाने में मोदी सरकार, नीतीश सरकार के अलावे मोतिहारी के जिन भाई-बहनों का विशेष योगदान रहा है, आज यह उन सभी के लिए गर्व का विषय है। यह भी अत्यंत संतोष का विषय है कि प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है और सफलता के नए अध्याय लिख रहा है। आज जब हम विश्व की ओर देखते हैं, जब अखबार पढ़ते हैं या समाचार देखते हैं, तो हमें एक अशांत और चिंतित विश्व दिखाई देता है। यह अशांति ऐसी प्रतीत होती है। जिसका कोई स्पष्ट अंत दिखाई नहीं देता। किन्तु यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि जहां तथाकथित विकसित राष्ट्र वैश्विक संकटों के समाधान खोजने में लगे हैं। वहीं हम स्थिर और सुरक्षित स्थिति में खड़े हैं। यह भारत के गणतंत्र की मजबूती, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि से परिपूर्ण विदेश नीति, और आप सभी नागरिकों के प्रयास एवं विश्वास से संभव हुआ है। भारत की इस मजबूत स्थिति को बरकरार रखने के लिए, और विश्व में अपनी प्रगति की यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए सबसे अधिक आवश्यकता है पढ़े-लिखे, काबिल, आत्मनिर्भर और देशप्रेमी युवाओं की। और उस लिहाज से विश्वविद्यालयों की भूमिका सबसे बड़ी है। आज मुझे यह कहते हुए कोई संकोच नहीं है कि भारत के पास विश्व के लिए शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने का एक अद्वितीय अवसर है । हम आभारी हैं मोदी जी का जिनके कारण आज मोतिहारी में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित है। आज मोतिहारी में स्थित इस विश्वविद्यालय में बिहार के साथ-साथ असम, बंगाल, ओडिशा, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, मेघालय, सिक्किम और कर्नाटक से छात्र आ रहे हैं। इससे पहले बांग्लादेश और पूर्वी अफ्रीका से भी छात्र यहां पढ़ने आए हैं। यह इस विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। लेकिन आने वाले समय के वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए हमें ऐसी तैयारी करनी होगी कि नेपाल, भूटान, कंबोडिया, श्रीलंका तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के लिए यह शिक्षा का प्रथम विकल्प बने और इसमें वर्ल्ड क्लास मोतिहारी का रेलवे स्टेशन के अलावे गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे, पटना-वेतिया एक्सप्रेस-वे, राम जानकी फोर लेन एवं रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण से महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की भौगोलिक स्थिति को विशेष रूप से मदद मिलेगी। हमे विश्वास है कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में हमारी छोटी हवाई पट्टी के निर्माण का सपना भी पूरा होगा।

## कार्यकर्ताओं को मिला नया उत्साह, मंडल कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत रविवार को हरैया स्थित विधायक के कैंप कार्यालय में मंडल कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए आमजन के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। उनका संबोधन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक पांडे, जिला महामंत्री अजय पटेल, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सर्राफ, लालबाबू सिंह, अखिलेश गुप्ता, मिट्ठू गुप्ता, मीरा कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, रिंकू पांडे, मंटू गुप्ता, राकेश कुशवाहा, प्रावती तिवारी, अनुराधा शर्मा, रवि गुप्ता एवं कमलेश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान नरेंद्र मोदी के मूल मंत्र-अनुशासन, समर्पण और सेवा-को आत्मसात करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन सिद्धांतों के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति दी जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने रक्सौल के विकास एवं संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण सत्र कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा और वैचारिक स्पष्टता प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## सुगौली जनजागरण मंच द्वारा विधायक राजेश कुमार (उर्फ) बबलू गुप्ता को किया गया सम्मानित

**मोतिहारी /सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनजागरण मंच के कार्यालय में विधायक राजेश कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया । सुगौली को अनुमंडल एवं करमवा - रघुनाथपुर को प्रखंड का दर्जा दिलाने हेतु विधायक राजेश कुमार गुप्ता ने बिहार विधानसभा के सदन में जोशिले अंदाज में जोरदार ढंग से सुगौली की जनता के इस मांग को रखें हैं। इसी उपलक्ष्य में को जन जागरण मंच, सुगौली द्वारा सम्मानित किया गया है । इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए मंच के सचिव मधुरेन कुमार ने कहा कि बीस वर्षो के इतिहास में यह पहला अवसर है कि सुगौली अनुमंडल की मांग को सदन में रखा गया है। बिहार के अवर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, पटना, जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण , अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, मोतिहारी द्वारा इस संबंध में निर्गत पत्रों की छाया प्रति भी विधायक को मधुरेन कुमार द्वारा सौपा गया । कार्यक्रम के सम्बोधन में एसपीएन कॉलेज, सुगौली के पूर्व प्राचार्य किशोरी प्रसाद भारती ने कहा कि सुगौली को अनुमंडल का दर्जा मिलने से सबसे ज्यादा फायदा यहां के व्यवसायियों को मिलेगा। आप सभी जानते हैं कि सुगौली में किसी भी ब्राण्डेड कम्पनी की एजेंसी अनुमंडलीय शहर के माध्यम से हीं मिलता है। अनुमंडल का दर्जा मिलने से यहां सीधा एजेंसी मिलेगा। यहां रेफरल हॉस्पिटल, एसडीओ कोर्ट एवं अन्य कई तरह के कार्यालय खुलेंगे, जिससे सुगौली का सर्वांगीण विकास होगा। घोड़ासहन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रोफेसर संत साह ने विधायक का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि सुगौली एक सन्धि भूमि है। इसलिए इसके पहचान को दर्शाते हुए सगौली स्टेशन का नाम सुगौली स्टेशन होना चाहिए।

## टोटो की टक्कर से एसआई गंभीर रूप से घायल, पटना रेफर

**गैस एजेंसी पर ड्यूटी के दौरान हुआ हादसा, चालक फरार**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र के गंज पर गांव स्थित यशोदा भारत गैस एजेंसी के समीप ड्यूटी पर तैनात एसआई ताज अहमद खान एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि एक तेज रफ्तार टोटो ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों व स्थानीय लोगों की मदद से घायल एसआई को तत्काल एकमा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन के निर्देश के बावजूद गैस उपभोक्ता गोदाम पर भीड़ जमा कर रहे थे।

# 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत पांडुलिपियों के संरक्षण व डिजिटाइजेशन पर डीएम ने की समीक्षा

**जेपी यूनिवर्सिटी के सहयोग से जिले में होगा सर्वे, मोबाइल ऐप के जरिए डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया तेज**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन को लेकर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी प्राचीन पांडुलिपियों को सुरक्षित कर भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में सर्वे कर कुछ संस्थानों एवं निजी व्यक्तियों की पहचान की गई है, जिनके पास प्राचीन पांडुलिपियां उपलब्ध हैं। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन संस्थानों एवं व्यक्तियों से संपर्क कर पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया सुनिश्चित कराएं। इसके लिए विशेष रूप से विकसित मोबाइल ऐप के उपयोग पर सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि मिशन के तहत पांडुलिपियां संबंधित संग्रहकर्ता के पास ही सुरक्षित रहेंगी, जबकि उनका डिजिटाइजेशन कर उनमें निहित ज्ञान का अनुसंधान, अनुवाद एवं प्रकाशन कर विश्व स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। पांडुलिपियों में कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा अथवा धातु पर हाथ से लिखे गए कम से कम 75 वर्ष पुराने ग्रंथ शामिल होंगे। इसके साथ ही ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के पुराने दस्तावेजों को भी इस अभियान में शामिल करने की बात कही गई। बैठक में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों से इस कार्य में सक्रिय सहयोग का अनुरोध किया गया। विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ. कृष्ण कन्हैया को इस अभियान का नोडल पदाधिकारी नामित किया गया।

# जलवायु अनुकूल खेती पर कृषकों को मिला प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों की दी गई जानकारी

**मांझी कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा बनियापुर के भूमिहारा गांव में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित**



**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी के तत्वावधान में बनियापुर प्रखंड के भूमिहारा गांव में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बदलते जलवायु के अनुरूप खेती की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि के महत्व एवं इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गरमा सब्जियों जैसे भिंडी, करेला, लौकी, खीरा आदि के उत्पादन एवं प्रबंधन, पोषण वाटिका की स्थापना तथा फलों के बागों के समुचित देखभाल पर विस्तृत चर्चा की। वहीं कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. सुषमा टम्टा ने किसानों को मूंग की सीधी बुवाई, उच्च क्यारी विधि से मक्के की खेती तथा कृषि में उपयोग होने वाली आधुनिक मशीनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इन तकनीकों के लाभ भी किसानों को समझाए। विशेषज्ञों द्वारा खेत में मूंग की जीरो टिलेज मशीन से सीधी बुवाई का प्रत्यक्षण कर दिखाया गया, जिससे किसानों को व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान उन्नत किस्म के सब्जियों के बीज भी किसानों के बीच वितरण किए गए। साथ ही किसानों के गेहूं की फसल, फलों के बाग एवं पोषण वाटिका का निरीक्षण कर उन्हें आवश्यक सुझाव दिए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पतीराम सिंह, विनय कुमार सिंह, सुदेश्वर कुमार सिंह, बिट्टू सिग्रीवाल, ओमप्रकाश सिंह, आकाश सिंह, विनोद सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, जगमोहन सिंह, रूपलाल ठाकुर, चंदेश्वर सिंह, उमेश कुमार सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित कुल 35 किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और नई तकनीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केंद्र के तकनीकी सहायक मनोज कुमार, अवनीश पांडेय एवं उमाशंकर का सराहनीय योगदान रहा।

## शारदानंद सिंह की 75वीं जयंती पर प्रतिमा स्थापना की आधारशिला, नेताओं ने किया नमन



**एकमा/दाउदपुर (मांझी)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** प्रखंड के बरवां नया टोला में रविवार को समाजवाद के प्रखर प्रहरी एवं जेपी सेनानी शारदानंद सिंह की 75वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी स्मृति में प्रतिमा स्थापना की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं कुंवर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं की मौजूदगी रही। सभा को संबोधित करते हुए जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि शारदानंद सिंह का जीवन संघर्ष, समर्पण और समाज सेवा का अद्वितीय उदाहरण रहा है। वे हमेशा गरीबों और वंचितों की आवाज बनकर खड़े रहे। पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने उन्हें सिद्धांतों पर अडिग रहने वाला व्यक्तित्व बताते हुए युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। वक्ताओं ने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए संपूर्ण क्रांति आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका को याद किया और कहा कि आज के समय में उनके आदर्श और भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड अरुण सिंह ने की। इस अवसर पर एमएलसी डॉ. बीरेंद्र नारायण यादव, मांझी विधायक रणधीर सिंह, लगनदेव तिवारी, राजीव शर्मा, अवधेश यादव, संजीव कुमार सिंह, सुनील सिंह, कन्हैया कुमार यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रफीगंज में टॉपर्स का सम्मान समारोह

## उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के बेढना बिगहा स्थित संत जेवियर्स कोचिंग सेंटर में मैट्रिक के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह, मुखिया बिंदेश्वर यादव, पूर्व उप प्रमुख रणविजय यादव, अरमान खान तथा सेवानिवृत्त थानाध्यक्ष रामकुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोचिंग सेंटर के निदेशक अनंत कुमार ने की, जबकि संचालन संजीत कुमार ने किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्वागत शिक्षक विशाल सागर ने अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर किया। अपने संबोधन में विधान पार्षद ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य के निर्माता हैं। धन-संपत्ति बांटी जा सकती है, लेकिन शिक्षा ऐसी संपत्ति है जिसे कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की और कहा



कि शिक्षा "शेरनी का दूध" है, जिसे पीने वाला ही गर्व से आगे बढ़ता है। वहीं, प्रमुख प्रतिनिधि एवं राजद नेता रणविजय यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थी यदि सच्ची लगन और ईमानदारी से पढ़ाई करें, तो वे जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सम्मान और सफलता की कुंजी है। वही अमरजीत कुमार को 470 अंक प्राप्त, रोहित कुमार 461, सोनी कुमारी 433 , रितेश कुमार 388, सोनू कुमार 335 ,पवन कुमार 307 , विजय करण 477, गौरव कुमार 452 सहित अन्य छात्र छात्रों को समानित किया गया। इस मौके पर कुंदन सिंह, गुड्डू कुमार, रामजीवन दास, हरेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्री श्री पंचदेव धाम में योग महोत्सव सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में रविवार को श्री श्री पंचदेव धाम के प्रांगण में कार्यकर्ता सम्मेलन सह योग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को योग से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंचदेव धाम के संस्थापक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। वहीं समिति के सचिव सुबोध सिंह, बिहार राज्य प्रभारी सुनील स्वाभिमानी, विनोद आर्य, माता चंचल सिंह तथा जिला परिषद उपाध्यक्ष किरण सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए योग के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

# औरंगाबाद में भारत गैस की होम डिलीवरी फेल, उपभोक्ता परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में भारत गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पिछले तीन दिनों से उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। हालात यह हैं कि लोग एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर हैं, फिर भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि संबंधित गैस एजेंसी का मोबाइल नंबर लगातार बंद रहता है, जिससे संपर्क करना भी संभव नहीं हो पा रहा है। कई लोगों ने बताया कि वे सुबह से लेकर शाम तक एजेंसी के बाहर इंतजार करते हैं, लेकिन न तो होम डिलीवरी हो रही है और न ही सीधे सिलेंडर मिल रहा है। इससे आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर उन परिवारों को जिनके घर में गैस पूरी तरह खत्म हो चुकी है। प्रशासन की ओर से पहले ही सभी




गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिया गया था कि वे उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से समय पर गैस उपलब्ध कराएं। इसके बावजूद भारत गैस एजेंसी इन निर्देशों का पालन नहीं कर रही है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, एचपी गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल भारत गैस एजेंसी में ही है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में जल्द हस्तक्षेप कर दोषी एजेंसी पर कार्रवाई की जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ सकता है और स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# शब्दाक्षर के मंच पर दोहा सप्तशती का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के एक निजी होटल के सभागार में रविवार को साहित्यिक संस्था "शब्दाक्षर" के तत्वावधान में दोहा सप्तशती का भव्य लोकार्पण एवं विराट कवि सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विदित हो कि वरीय कवि धनंजय जयपुरी द्वारा संपादित इस पुस्तक में सात रचनाकारों के द्वारा सौ-सौ दोहों का प्रणयन किया गया है। दोहाकारो में शामिल है डॉ. सुमन लता, लवकुश प्रसाद सिंह, अनुज कुमार पाठक, नीरज कुमार पाठक, डॉ. ओम प्रकाश पांडे एवं नागेंद्र कुमार केशरी हैं। लगभग छह घंटे तक चले इस साहित्यिक आयोजन में क्षेत्रीय एवं विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता से पधारे शब्दाक्षर के राष्ट्रीय



अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथियों में रायपुर (छत्तीसगढ़) से कुमार जगदलवी, नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश) से प्रदेश संगठन मंत्री लखन शब्दाक्षरी, गया से बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा पद्मनाभ तथा जहानाबाद से जिला अध्यक्ष सावित्री सुमन शामिल रहीं।

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन शब्दाक्षर की जिला समिति, औरंगाबाद द्वारा किया गया, जिसके अध्यक्ष नागेंद्र कुमार केसरी ने पूरे कार्यक्रम का सधे हुए अंदाज़ में सफल संचालन किया। दोहा सप्तशती के संपादक धनंजय जयपुरी ने मंचासीन अतिथियों, रचनाकारों एवं उपस्थित साहित्यकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही, सभी को संस्था की ओर से स्मृति-चिन्ह, उत्तरीय एवं बैच प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# पांचवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए कम्युनिस्ट नेता त्रिभुवन बाबू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पांचवीं पुन्य तिथि पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष, कम्युनिस्ट नेता व वरीय अधिवक्ता त्रिभुवन सिंह याद किए गए। कार्यक्रम जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संयुक्त सचिव सियाराम पांडेय एवं संचालन सहायक सचिव सतीश कुमार स्नेही ने किया। सर्व प्रथम कम्युनिस्ट नेता व वरीय अधिवक्ता त्रिभुवन सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके जीवन कृत्यों को याद किया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने कहा कि त्रिभुवन बाबू एक समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे। गरीबों के कल्याण के लिए सकारात्मक राजनीति किया। वे हमेशा मजदूरों और जरूरतमंदों के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ी। वे एक जनप्रिय थे। जिला विधिज्ञ संघ में सैकड़ों अधिवक्ता के आदर्श रहे। त्रिभुवन बाबू वकालत पेशा में 50 वर्ष से अधिक समय दिया। अपने जीवन के आखिरी दिनों में जिला विधिज्ञ संघ कार्यसमिति सत्र 2020-22 में अध्यक्ष निर्वाचित हुए। आज़ उनकी पांचवीं पुन्य तिथि पर सहायक सचिव पवन कुमार सिंह, अधिवक्ता अनील कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, काली प्रसाद, उदय नारायण प्रसाद, अमरेन्द्र कुमार मिश्रा, कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# घरेलू झगड़े में परिवार के सदस्य बन रहे हत्यारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** घरेलू व पारिवारिक विवाद अब धीरे-धीरे गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। रिश्तों की मर्यादा टूट रही है और खूने के रिश्ते ही खून के प्यासे बनते जा रहे हैं। जल्द के कुछ महीनों में हुई घटनाओं ने समाज को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया है। वर्तमान समय में भाई-भाई दुश्मन बन रहा है तो कहीं चाचा अपने भतीजे, भतीजों की हत्या कर रहा है और पति-पत्नी एक दूसरे की जान ले रहे हैं। इन घटनाओं ने यह सोचने पर मजबूर किया है कि आखिर रिश्तों में इतनी कड़वाहट क्यों बढ़ रही है। लगातार सामने आ रही घटनाओं ने समाज में डर और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। रिश्तों में विश्वास और आपसी समझ की कमी अब हिंसा में बदलती जा रही है जो समाज के



लिए गंभीर खतरे का संकेत है। बता दें कि सबसे ह्रदयविदारक घटना 27 मार्च को हसपुरा थाना क्षेत्र के खुटहन गांव में हुई थी। यहां छोटे चाचा अमंत पाल ने अपने दो भतीजे आयुष कुमार, अनीष कुमार व भतीजी अनुष्का कुमारी की हत्या कर दी थी। वहीं हत्या के दौरान कमरे में तेज साउंड बॉक्स भी बजाया ताकि उनकी चीखे बाहर नहीं सुनाई दें। वहीं बीते 24 जून 2025 को नबीनगर थाना क्षेत्र के बड़वान गांव में हुई। यहां प्रियांशु कुमार सिंह की हत्या उसकी पत्नी ने अपने फूंफा डाल्टेनगंज निवासी जीवन सिंह के साथ मिलकर शूटरों से करवाई। बता दें कि फूंफा व पत्नी के साथ अवैध संबंध थे जिसके कारण ही घटना को अंजाम दिया था। वहीं हाल ही में फेसर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में पति मंटू यादव ने अपनी पत्नी बेबी देवी की हत्या कर दिया। बता दें कि यह घटना घरेलू विवाद में किया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपित पति व सास को गिरफ्तार कर जेल भोज दिया था। वहीं अगली घटना 18 फरवरी 2026 को देव थाना क्षेत्र के बेलसारा गांव में हुई। यहां ससुराल आए एक युवक रंजीत रिकियासन की हत्या उसकी पत्नी और ससुर समेत अन्य स्वजनों ने कर दी। वहीं हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को पेड़ से लटका दिया था ताकि इसे आत्महत्या कर रूप दिया जा सके।

# वरिष्ठ कथाकार अनंत कुमार सिंह के निधन पर शोक की लहर, साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** लब्धप्रतिष्ठित कथाकार, 'जनपथ' पत्रिका के संपादक, जनवादी लेखक संघ बिहार के संरक्षक तथा जलेस केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अनंत कुमार सिंह के निधन पर जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उनके निधन से साहित्यिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। शोक संदेश जारी करते हुए जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के सचिव एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' ने कहा कि अनंत कुमार सिंह केवल एक सशक्त साहित्यकार ही नहीं, बल्कि एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी भी थे। उनका असमय निधन हिन्दी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दशकों तक 'जनपथ' हिन्दी पत्रिका का सफल संपादन किया और अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्य को नई दिशा दी। अनंत कुमार सिंह की प्रमुख कृतियों में 'चौराहे पर', 'लातूर गुम हो गया', 'राग भैरवी', 'तुम्हारी तस्वीर नहीं है यह', 'कठफोड़वा' तथा 'ब्रेकिंग न्यूज' जैसे चर्चित कहानी संग्रह शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उनका उपन्यास 'ताकि बची रहे हरियाली' भी साहित्य जगत में विशेष पहचान रखता है। इस दुखद अवसर पर जलेस औरंगाबाद के अध्यक्ष इकबाल अख्तर 'दिल, उपाध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास मंडल, उप सचिव शंभू शरण सत्यार्थी, राजेश कुमार 'विचारक', अंबुज कुमार, डॉ. रविनंदन, गोपेन्द्र कुमार सिन्हा 'गौतम, एजाज़ दाउदनगरी, समुन्दर सिंह, शमशाद आलम 'शमशाद', दुष्यंत राणा, सन्नाउल्लाह रिजवी, सुधीर सत्यम सहित अनेक साहित्यकारों ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के प्रांगण में विद्यालयी उत्सव समारोह अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखण्ड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा औरंगाबाद सर्वेश कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार तथा प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बिहार महिमा गीत के पश्चात अंशिका कुमारी ने गणेश वंदना तथा शिल्पा कुमारी ने भरतनाट्यम नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। विकास, प्रभात, ऋतिक, गोपाल, कौशल, निशांत, दिव्यांशु, गोलू ने




जिया हो बिहार के लाला लोक नृत्य व देशभक्ति गीत की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

चांदनी के द्वारा किया गया झिझिया नृत्य ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं चांदनी, रेणु, अंशिका, खुशी, मीठी ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मीठी और अंशिका ने राधा कृष्ण का रूप धारण कर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुति दी। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ललन राम ने कहा कि, शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। ऐसे आयोजन छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी सहयोग पर भी बल दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार गुप्ता ने स्कूल की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों और अभिभावकों का उत्साह देखते ही बनता था। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी लाइटों व झंडों से सजाया गया था। इस कार्यक्रम में कुटुंबा प्रखंड के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ साथ संकुल के सभी विद्यालय प्रधान एवं शिक्षक अतुल अनुराग, यतीश पाठक, सुनीता कुमारी 1, सुनीता कुमारी 2, गुप्तेश्वर कुमार, सांसद कुमार राम, बसंत नारायण ज्योति, विवेक कुमार, कंचन कुशवाहा, प्रीति ऊषा, प्रशांत कुमार तिवारी, रात्रि प्रहरी शत्रुघ्न कुमार मेहता सफाई कर्मी छोटू कुमार इत्यादि शामिल थे

# अंडरपास की कमी से जीटी रोड बनते जा रहा ब्लैक स्पॉट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। शहरी क्षेत्र में जीटी रोड पर जसोइया गांव से ओवरब्रिज बाईपास तक लगभग दो किमी के दायरे में अंडरपास की अनुपस्थिति के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर घनी आबादी बसी हुई है परंतु सुरक्षित आवागमन के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। इसके परिणामस्वरूप लोग मजबूरन तेज रफ्तार वाहनों के बीच में से पार करने को विवश हैं जिससे यह इलाका दुर्घटनाओं का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। जसोइया से बाईपास ओवरब्रिज के बीच पश्चिम दिशा में क्षत्रिय नगर और कथरुआ गांव स्थित हैं जबकि पूर्व दिशा में शहर है। यहीं नजारा पिपरडीह के



पास भी बनी हुई है जहां अंडरपास की अनुपस्थिति के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। शहर की ओर से जीटी रोड को जोड़ने वाली नागा बिगहा रोड और सत्येंद्र नगर समेत कई अन्य संपर्क मार्गो से आवागमन करने वाले लोगों को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि अंडरपास की मांग के कारण ही इस क्षेत्र में काम अधूरा पड़ा हुआ है। स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि पहले अंडरपास निर्माण की शर्त पर ही सड़क चौड़ीकरण कार्य को आगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं।

# सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के गुर सिखाए गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत हसपुरा दक्षिणी मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ग्राम बनकट कैथी में मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया की भूमिका, नमो ऐप, सरल ऐप तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने तथा जन-जन तक सरकार की योजनाओं को



पहुंचाने के गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, जिला महामंत्री विशाल वैभव उर्फ टैगोर जी, अमन कुशवाहा, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, जिला मंत्री सुनील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र गहलौत, वरिष्ठ नेता आलोक सिंह, चितरंजन सिंह, युवा अध्यक्ष लव कुमार सिंह, अरविंद सिंह, युगल किशोर सिंह, सोहन शर्मा, श्रीकांत शर्मा, मुकेश शर्मा, संतोष शर्मा, साकेत कुमार, सत्येंद्र शर्मा, बूथ अध्यक्ष सुजीत कुमार सहित अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया।

## भाजपा की बैठक, 6 अप्रैल को हर बूथ पर लहराएगा पार्टी का झंडा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर मंडल में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक का नेतृत्व नगर अध्यक्ष एवं प्रखंड कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि स्थापना दिवस के अवसर पर नगर मंडल के प्रत्येक बूथ पर पार्टी का झंडा फहराया जाएगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि यह दिवस कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का अवसर है और इसे उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

# 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रविवार को 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन ओबरा प्रखंड के सननपुरा गांव में किया गया। यह आयोजन सूर्य मंदिर के परिसर में माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर किया गया। इस महायज्ञ की शुरुआत गांव के देवी मंदिर में पूजन आरती से हुई। जयकारे के साथ सैकड़ों महिला व पुरुष सूर्य मंदिर पहुंचे और हवन पूजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य नारी शक्ति संवर्धन और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विभिन्न संस्कार और प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन






किया गया। इस महायज्ञ में भाग लेने वाले लोगों ने गायत्री मंत्र का उच्चारण किया और समाज में शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर सूर्य मंदिर के मुख्य पुजारी सुनील दास, गायत्री महिला ट्रस्टी विभा सिंह, रांची महिला मंडल के सक्रिय सदस्य जयंती सिंह, शांति कुंज हरिद्वार प्रतिनिधि नीरज कुमार, युवा मंडल के सक्रिय सदस्य बिनोद कुमार, देव गायत्री परिवार से ललित शर्मा, ओबरा से सोहराई प्रसाद, कुश जायसवाल, दाउदनगर से ऊषा देवी, सिमरा से ज्ञाती देवी, औरंगाबाद महिला मंडल के सक्रिय सदस्य सीमा सिंह, महिला मंडल के सक्रिय सदस्य के साथ सभी ग्रामीण महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रखंड स्तरीय जयंती के आयोजन को लेकर रविवार को अंबा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत परता के मुखिया श्याम बिहारी राय ने की। प्रखंड स्तरीय जयंती समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अंबेडकर जयंती केवल माल्यार्पण के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता फैला कर 'अंबेडकर के सपनों का भारत' बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। इस दौरान विचार



गोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें प्रबुद्ध जन बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके संवैधानिक मूल्यों पर प्रकाश डालेंगे।

आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि इस बार जयंती समारोह में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष शंभू चौधरी, कोषाध्यक्ष जयराम कुमार, उपकोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, उपाध्यक्ष करण पासवान, कृष्णा राम, संयुक्त सचिव नंदलाल राम अवधेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी मिथिलेश कुमार , मुखिया मंजीत यादव, पूर्व प्रमुख मनोज यादव, जयप्रकाश, विनय कुमार, श्रवण कुमार दास, गुप्तेश्वर प्रसाद दिनेश राम, वीरेंद्र राम, वीरेंद्र कुमार केशव समेत कई स्थानीय प्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भवन के अभाव में बरामदे में बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं बच्चे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सरकारी विद्यालयों की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। वहीं सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने का प्रयास कर रही है परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही है। संसाधनों की कमी के चलते बच्चों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि मध्य विद्यालय तेयाप की स्थिति काफी बदतर है। यहां भवन के अभाव में बच्चे बरामदे में बैठकर शिक्षा ग्रहण



कर रहे हैं। बता दें कि विद्यालय में केवल दो कमरों संचालित हो रहा है जबकि यहां कक्षा एक से आठ तक के छात्रों की पढ़ाई होती है। बच्चों को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जो कि एक गंभीर समस्या है। वहीं विद्यालय में 378 छात्रों का नामांकन है जिनमें से प्रतिदिन 25० से अधिक छात्र-छात्राएं विद्यालय आते हैं। वहीं विद्यालय के एक कमरे में कार्यालय और दूसरे में दो कक्षाओं के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। विभाग ने फरवरी 2025 में दो कमरों के निर्माण की स्वीकृति दी थी परंतु एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भवन का निर्माण नहीं हो सका है। स्थिति को लेकर अभिभावक और शिक्षक दोनों चिंतित है। कड़ाके की धूप और लू के कारण बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान स्कूल की ओर नहीं है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय मूलभूत सुविधाओं से वंचित है जिसके कारण गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे गांवों में जाना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमएलसी ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढाढ़स

**पकरीबरावां (नबिटासं)।** शनिवार को एमएलसी नीरज कुमार एवं एमएलसी डॉ.नवल किशोर यादव पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कायस्थ टोला निवासी डॉ. मुकेश सिन्हा के आवास पर पहुंचे। उन्होंने उनकी माता प्रेमलता देवी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। एमएलसी ने बताया कि वे नवादा के जाने- माने चिकित्सक डॉ.शत्रुघ्न प्रसाद सिंह के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट किया। वारिसलीगंज महिला कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पैक्स अध्यक्ष शीतल प्रसाद के निधन एवं पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के कायस्थ टोला निवासी डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा के आवास पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। कायस्थ टोला में उन्होंने मृतक के पुत्रों मनोज कुमार, डॉ.मुकेश कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, संजीव कुमार से मुलाकात की। एमएलसी ने कहा कि एनडीए की सरकार में काफी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार वित्तरहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कर्मियों के बारे में सकारात्मक कदम उठायी है। जल्द ही बैठक बुलाकर इस दिशा में पहल की जाएगी। एमएलसी नीरज कुमार ने बताया कि नवादा में काफी विकास हुआ है। नवादा को फोर लेन मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में सर्वांगीण विकास किया है। एमएलसी डॉ.नवल किशोर यादव ने कहा कि वित्तरहित शिक्षकों की समस्याओं के निदान के लिए सरकार कार्य कर रही है। इस अवसर पर जदयू के जिलाध्यक्ष राजकिशोर दांगी, जदयू के वरीय नेता डॉ. रविकांत, डुमरावां कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सह निदेशक कॉपरेटिव सेंट्रल बैंक नवादा डॉ. प्रेमजीत कुमार विपिन, दीपक कुमार मुन्ना, राजीव रंजन, नीरज कुमार राकेश, दिलीप कुमार रंजन, सतीश कुशवाहा, कायानंद सिंह, अवधेश यादव, अरुण कुमार, विजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### शहर के कई मोहल्लों में नहीं जलता स्ट्रीट लाइट

**औरंगाबाद (नबिटासं)।** शहर को चमकाने के लिए लाख प्रयास किए जा रहे हैं परंतु धरातल पर कुछ और दिख रहा है। वार्ड सं-24 में समस्याओं का अंबार लगा है। यहां सफाई की कमी के कारण नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है जिससे वर्षा के समय पानी नागरिकों के घर में घूस जाता है। शाहपुर रोड पर स्थित दुर्गा मंदिर, गणेश मंदिर, सिद्धि विनायक मंदिर काफी महत्वपूर्ण है। वार्ड में तेली मोहल्ला, इस्लाम टोली, शाहपुर और टिकरी मोहल्ला का कुछ हिस्सा शामिल है जिसकी कुल आबादी लगभग चार हजार है। इस वार्ड की सीमाओं की बात करें तो पूरब में दुर्गा मंदिर रोड, पश्चिम में शाहगंज, उत्तर में पुरानी जीटी रोड एवं दक्षिण में टिकरी रोड है। यह मोहल्ला महत्वपूर्ण होने के बावजूद विकास की किरणों से ओझल है। यहां के नागरिकों की स्थिति गांव से भी बदतर हो गई है। यहां नाली का गंदा पानी घरों में प्रवेश कर जाता है जिससे नागरिकों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गई है। वार्ड-24 की पहचान अब बजबजाती नालियों से हो गई है। नल-जल योजना के तहत पाइप बिछाने के लिए वार्ड की कई सड़कों को तोड़ दिया गया है। हालांकि पाइप बिछाने का काम पूरा हो गया है परंतु सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। इतना होने के बावजूद भी नगर परिषद के अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है।

### बिऊर गांव में शिक्षित भारत विकसित भारत कार्यक्रम, विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना उद्देश्य

**भभुआ/कैमूर (नबिटासं)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के संत साबिर के प्रांगण में रविवार शाम ह्यउम्मीद एजुकेशनल करियर अवेयरनेस प्रोग्रामह्ण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ह्यशिक्षित भारत विकसित भारतह्ण अभियान के तहत आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता अब्दुल रहीम मिस्बाही ने की, जबकि मंच संचालन प्रोफेसर तनवीर खान ने किया। कार्यक्रम में भभुआ कोर्ट के जस्टिस रेहान रजा और उम्मीद एजुकेशनल पटना के चेयरमैन नवाज शरीफ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ह्यमिशन तालिमी बेदारीह्ण के तहत शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाना है। मुख्य अतिथियों ने जानकारी दी कि इस पहल के तहत विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग, पैरामेडिकल, मैनेजमेंट, डिप्लोमा सहित कई प्रकार के कोर्स उपलब्ध हैं। इन कोर्सेज में वे छात्र आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में कम से कम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया हो। उन्होंने यह भी बताया कि ये कोर्स मध्यम वर्ग, गरीब और असहाय बच्चों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं। इस अवसर पर पूर्व सेवानिवृत्त जज अजीज खान, मन्नान खान, असलम खान, हनीफ खान, बिलाल खान, डॉक्टर हदीस, अब्दुल रहीम, साजिद शाहनवाज, फैसल और सैफ सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### बरकट्ठा मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलटीःदो युवक गंभीर रूप से घायल, एक की हालत नाजुक, हायर सेंटर रेफर

**भभुआ/कैमूर (नबिटासं)।** अधौरा प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा मोड़ के समीप रविवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पलटने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अधौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत चानोडीह गांव निवासी 30 वर्षीय कैलाश उरांव और 30 वर्षीय संतोष उरांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों युवक अपने गांव से बाइक पर सवार होकर बरकट्ठा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान बरकट्ठा मोड़ के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण रामप्रवेश उरांव ने बताया कि हादसा काफी तेज गति के कारण हुआ। इस संबंध में सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अभिलाष चंद्रा ने बताया कि सदर अस्पताल में इलाज के दौरान कैलाश उरांव की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं, संतोष उरांव का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

### पेंशन योजना में भूमिगत आन्दोलनकारियों को भी शामिल करने की मांग को लेकर गोलबंद हो रहे हैं जेपी सेनानी

**रजौली (नबिटासं)।** भूमिगत रहकर 1974 के छात्र आन्दोलन को सक्रिय रखनेवाले आन्दोलनकारी अब गोलबंद होने लगे हैं। यह गोलबंदी पेन्शन योजना में भूमिगत आन्दोलनकारियों को भी शामिल करने की मांग को राज्य सरकार द्वारा अमल में लाने की पहल करने हेतु उनपर दबाव बनाने के लिए हो रही है। भूमिगत आन्दोलनकारियों का कहना है कि राज्य सरकार मीसा और डीआर के तहत कारावास की सजा काटनेवाले आन्दोलनकारियों की तरह भूमिगत आन्दोलनकारियों को भी पेंशन का लाभ दे। अनुमंडल मुख्यालय रजौली में इस बाबत भूमिगत जेपी सेनानियों की आज एक महत्वपूर्ण बैठक भी शनिवार को देर शाम हुई। बैठक की अध्यक्षता जेपी सेनानी प्रोफेसर नकुल लाल ने की और संचालन स्टीयरिंग कमिटी के सदस्य रहे आदित्य काश्यप ने किया। जेपी सेनानी संगठन के अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, उपाध्यक्ष नन्दकेश्वर प्रसाद सिंह, प्रोफेसर रामनाथ प्रसाद, विपलेन्द्र कुमार, तौकीर शहंशाह, उदयशंकर, वीरेन्द्र कुमार बरनवाल, दीनानाथ हलवाई, ब्रजमोहन प्रसाद, विपिन कुमार यादव, सोहन प्रसाद और राजेन्द्र विशाल ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार उन्हें सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिला रही है। सरकार जल्द से जल्द उनकी मांग को पूरा करे इसके लिए उन्हें गोलबंद होकर गोलबंद होकर सरकार पर दबाव बनाने का निर्णय लिया। गोलबंद हो रहे भूमिगत जेपी सेनानियों में हताशा इस बात को लेकर है कि विभिन्न माध्यमों से सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जबकि वे सब भी इस पेंशन के समान हकदार हैं। भूमिगत सेनानियों का मानना है कि वर्ष 1974 के दौरान लोकतंत्र की लड़ाई जब सड़कों से जेल की सलाखों तक पहुंची थी, तब जेपी आन्दोलन के इन भूमिगत सेनानियों ने अपना सबकुछ दांव पर लगाकर आन्दोलन को निरंतरता दी थी।

# लूट कांड आरोपित व पुलिस में मुठभेड़, 6 गिरफ्तार

## दरभंगा प्रेम ज्वेलर्स लूट से जुड़ा मामला, हथियार व आभूषण बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय ।** मंसूरचक थाना क्षेत्र के नारायण चौक के समीप शनिवार को बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स दरभंगा पुलिस एवं बेगूसराय पुलिस की संयुक्त टीम और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ज्वेलरी लूट कांड में शामिल 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक अपराधी गोली लगने से घायल हो गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को दरभंगा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दरभंगा नगर थाना कांड संख्या-72/26, जो कि प्रेम ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई करोड़ों की लूट से संबंधित है।

उसमें शामिल अपराधी बेगूसराय के मंसूरचक थाना क्षेत्र में छिपे हुए हैं और लूट के सामान को ठिकाने लगाने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर बेगूसराय पुलिस, दरभंगा पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई। टीम सादे वर्दी में नारायण चौक पहुंची। जहां एक फास्ट फूड दुकान पर संदिग्ध अपराधियों की पहचान हुई। पुलिस टीम को देखते ही अपराधियों को शक हुआ और वे भागने लगे। भागने के क्रम में अपराधी पास के मकई के खेत में घुस गए और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई।जिसमें एक अपराधी मंगल कुमार (निवासी- गोखले नगर, थाना-बलिया) घायल हो गया। घायल अपराधी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से कुल 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मंगल कुमार (घायल), अविनाश कुमार, आर्यन कुमार, पवन झा, गौतम कुमार एवं विक्की कुमार शामिल हैं।

पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने ज्वेलरी लूट कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से 1 पिस्टल, 1 देसी कट्टा, 9 जिंदा गोलियां, 3 मोटरसाइकिल, 4 मोबाइल फोन तथा लूटे गए चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि ये अपराधी तेघड़ा थाना क्षेत्र में एक्सिस बैंक के समीप हुई लूट की घटना में भी शामिल रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनीष स्वयं मौके पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं तथा पूरे ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल का वैज्ञानिक जांच किया जा रहा है। इलाके में चारों ओर से घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जिसमें एक स्थानीय दुकानदार भी शामिल बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस का ऑपरेशन लगातार जारी है और फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का पूर्ण खुलासा कर लिया जाएगा। मुठभेड़ की इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है, हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा है कि इस प्रकार की कार्रवाई से अपराधियों के मनोबल पर प्रभाव पड़ेगा और अपराध में कमी आएगी।

# पंचायत स्तर पर पेंशनधारियों के शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण के लिए आयोजित होगा शिविर : अमरेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिला पदाधिकारी, पूर्णिया के निदेशानुसार जिले में लंबित कुल 1,37,043 पेंशनधारियों का शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 8 से 17अप्रैल 2026 तक पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित पेंशनधारियों की पहचान एवं उनकी पात्रता की निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी जीवन प्रमाणीकरण से वंचित न रह जाए तथा उन्हें समय पर पेंशन का लाभ मिलता रहे।उक्त विशेष शिविरों में कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई के द्वारा पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण किया जाएगा।

सभी पंचायतों में निर्धारित स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां पेंशनधारी उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाणीकरण करवा सकेंगे। इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संबंधित पंचायतों के पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, विकास मित्र एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पेंशनधारियों को शिविर स्थल तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन सभी की सक्रिय भागीदारी से अभियान को गति प्रदान की जाएगी।शिविरों के संचालन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई है। वे अपने स्तर से यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों तथा किसी प्रकार की असुविधा पेंशनधारियों को न हो। साथ ही, प्रत्येक शिविर स्थल पर आवश्यक संसाधनों एवं तकनीकी सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया सरल एवं त्वरित रूप से पूरी हो सके। इस विशेष अभियान के दौरान जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूर्णिया के सहायक निदेशक अमरेश कुमार द्वारा विभिन्न शिविरों का भ्रमण किया जाएगा तथा जीवन प्रमाणीकरण कार्य का अनुश्रवण किया जाएगा। उनके द्वारा मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जिससे कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनी रहे। इसके अतिरिक्त जिला प्रबंधक सीएससी द्वारा प्रतिनियुक्त वीएलई के कार्यों का सतत पर्यवेक्षण किया जाएगा। ताकि प्रत्येक पेंशनधारी का जीवन प्रमाणीकरण समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके।

# भाजपा जदयू महिला सम्मान की विरोधी : दिवाकर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ महिलाओं की बोझ बनी भाजपा जदयू सरकार को उतार फेंके : मालती

**बेगूसराय नगर।** नालंदा नूरसराय में बीच सड़क पर दिन दहाड़े महिला के इज्जत के साथ खिलवाड़ करने और उसका विडियो बनाने के खिलाफ भाकपा माले और ऐपवा ने भाकपा माले ने विरोध मार्च निकाला। जो ट्रैफिक चौक पर सभा में परिणत हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा नूरसराय की घटना भाजपा नीतीश शासन पर काला धब्बा है।

इस घटना से आधुनिक समाज शर्मसार हो रहा है। वहीं भाजपा -जदयू सरकार में गृहमंत्री सम्राट चौधरी को शर्म नहीं आ रही है। और कानून व्यवस्था ठीक होने का दावा कर रहे हैं। जबकि जमीनी सच्चाई है नूरसराय की घटना मणिपुर की घटना की याद ताजा कर दी है। और लागातार महिलाओं -छोटी बच्चियों के साथ हिंसा हत्या बलात्कार की घटनाओं को संगठित रूप से अपराधियों ने अंजाम दिया है। अपराधियों पर कार्रवाई करने के बदले सरकार प्रशासनिक और सत्ता संरक्षण दे रही है।यही कारण है बेगूसराय में भी दो अल्पसंख्यक मजदूरों को अपराधियों ने बर्बरतापूर्वक हत्या कर दिया। अपराध और पुलिस जुल्म की घटनाएं लागातार बढ़ रही है। सरकार और कानून पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है।स्वतःस्फूर्त सड़कों पर उतर कर लोग आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) की महिला नेत्री मालती श्रीवास्तव ने महिला उत्पीडन का मामला उठाते हुए नालंदा जिले की नूरसराय के महिला के साथ सरेआम छेड़छाड़ और सामुहिक दुष्कर्म की कोशिश की गंभीर घटना बताई। और उन्होंने घटना की तीव्र निन्दा करते हुए सभी आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल चला कर त्वरित कड़ी सजा देने पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों की पुख्ता सुरक्षा की गारंटी की मांग की। कार्यक्रम में चन्द्रदेव वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, दीपक सिन्हा, पुनम देवी, रामानंद महतो, राजाराम आर्य, कन्हैयालाल साह,गीता देवी, सुशीला देवी, प्रियंका देवी नीलेश झा, विक्रम कुमार, सुरेश पासवान, भूषण भारती, कौशल पंडित, छोटू समेत दर्जनों नेताओं ने रोष व्यक्त किया।

## वारिसलीगंज स्टेशन पर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** जिले के वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन परिसर में एक युवक की रनिंग के दौरान अचानक मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि युवक शारीरिक परीक्षा की तैयारी के तहत दौड़ लगा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसने लगभग तीन चक्कर पूरे किए, लेकिन तीसरे चक्कर के बाद अचानक वह जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत उठाकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन परिजनों का आरोप है कि वहां समय पर उचित इलाज नहीं मिल सका। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों पर लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है।

# राशन वितरण प्रणाली दुकान में हर माह मिलेगा खाद्यान्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी ।** जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब उपभोक्ताओं को एक साथ तीन महीने का राशन लेने की बाध्यता नहीं होगी। उन्हें हर महीने नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के विशेष सचिव ने निर्देश जारी किया है। पहले की व्यवस्था में तीन माह का राशन एक साथ दिए जाने से उपभोक्ताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता भी प्रभावित होती थी और कालाबाजारी की आशंका बनी रहती थी। कई मामलों में जन वितरण प्रणाली के विक्रेता, उपभोक्ताओं को बार-बार अंगूठा लगाने के लिए बुलाया जाता था। जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता था। जारी निर्देश के अनुसार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अप्रैल माह का खाद्यान्न पहले ही आवंटित किया जा चुका है एवं तीन अप्रैल से वितरण शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। वहीं मई और जून के लिए अलग-अलग महीना आवंटन शीघ्र किया जाएगा।

# हरनौत चर्च में धूमधाम से मनाया गया इस्टर पर्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ।** संत कैथोलिक चर्च हरनौत में रविवार को ईस्टर पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर खुशियां साझा कीं। चर्च में सुबह आठ और दस बजे विशेष पूजा एवं प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। पर्व की शुरूआत ज्योति स्थापना के साथ हुई, जिसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान बाइबिल पाठ और स्तुति-गान भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

चर्च के फादर एंड्रुस राजा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को यीशु मसीह के पुनरुत्थान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ईस्टर ईसाई धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद मनाया जाता है और यह विश्वास, आशा एवं नई शुरूआत का प्रतीक है। पादरी ने जानकारी दी कि प्रभु यीशु के चालीसा (तपस्या व उपवास काल) 18 जनवरी से प्रारंभ हुए थे। इस अवधि में रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में चर्च का घंटा नहीं बजाया गया था, जिसे ईस्टर की पूर्व संध्या पर पुनः बजाया गया, जो पुनरुत्थान का प्रतीक माना जाता है। प्रार्थना सभा के समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को ह्यहैप्पी ईस्टरह्ण कहकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षा उपनिदेशक ने किया उच्च विद्यालय का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्राथमिक शिक्षा उपनिदेशक उर्मिला कुमारी ने मॉडल उच्च विद्यालय नावकोठी का विस्तृत निरीक्षण किया। जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का गहन अध्ययन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, स्मार्ट कक्ष, आईसीटी लैब, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला तथा विभिन्न वर्ग कक्षों के स्वच्छता एवं अन्य चीजों का अवलोकन किया।

साथ ही विद्यालय में संचालित शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन और विधि-व्यवस्था की स्थिति का भी जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत उपनिदेशक ने विद्यालय की समग्र व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय मॉडल स्कूल के सभी मानकों को पूर्ण रूप से पूरा करता है और यहां का शैक्षणिक वातावरण अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने शिक्षकों की प्रतिबद्धता और परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव हो पाती है।इस अवसर पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा। शिक्षकों की उपस्थिति एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से बेहद प्रसन्न हुई। शिक्षक अरुण कुमार मालाकार, धर्मवीर कुमार, शिक्षिकाऐ बेबी कुमारी, स्मिता कुमारी एवं प्रेरणा सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यालय को ग्रेड ह्यएह्ण मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे सामूहिक प्रयास और बेहतर समन्वय का परिणाम बताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा। जिससे विद्यार्थियों को एक उत्कृष्ट और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण मिल सकेगा।

# घरेलू गैस आपूर्ति की डीएम कर रहे लगातार समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर जिले में कार्यरत विभिन्न तेल विपणन कंपनियों के प्रदर्शन एवं गैस आपूर्ति व्यवस्था की नियमित समीक्षा की गई। शनिवार तक प्राप्त आंकड़ों के आधार पर जिले में गैस एवं ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। जिले में उपभोक्ताओं की मांग को ध्यान में रखते हुए गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। तथा वर्तमान में कुल 24,059 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है।

जिले में कुल 12,108 गैस सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित की गई है।जबकि कंपनियों द्वारा औसत दैनिक डिलीवरी दर 4,682 दर्ज की गई है।इसके अतिरिक्त वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने के लिए बैकलॉग की स्थिति पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। वर्तमान में जिले का औसत बैकलॉग 4.8 दर्ज किया गया है।जिसमें आईओसीएल का बैकलॉग 3.5, बीपीसीएल का 5.0 तथा एचपीसीएल का 5.9 है। जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने सभी तेल कंपनियों एवं गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। और इस संबंध में सतत निगरानी जारी रहेगी।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष 06243-450626 तथा 9279808780 पर लोगो द्वारा की जा रही शिकायतों का निष्पादन किया जा रहा है।

# हरिप्रसाद युवा क्लब की ओर से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के हरिप्रसाद में युवा क्रिकेट क्लब हरिप्रसाद की ओर से टेनिस बॉल क्रिकेट फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया था। हरिप्रसाद एवं दिलारपुर की टीम फाइनल में पहुंचे। अंपायर के द्वारा हरिप्रसाद एवं दिलारपुर के कप्तान की उपस्थिति में मैदान में टॉस कराया गया। दिलाररपुर की टीम टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया।

हरिप्रसाद की टीम निर्धारित 10 ओवर में सात विकेट खोकर 83 रन बनाया जवाब में उतरी दिलारपुर की टीम सात ओवर में दो विकेट खोकर 84 रन बनाकर जीत दर्ज कर लिया। इस मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार ने विनर एवं रनर टीम के कप्तान को शील्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री पोद्दार ने कहा कि खेल अनिश्चितताओं का होता हैं अंतिम बॉल पर जीत हार का फैसला होता हैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर रखा हैं जो भी खिलाड़ी पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे उन्हें बिहार सरकार के द्वारा खेल को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें नौकरी पर रखेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों टीमों ने काफी अच्छा खेल का प्रदर्शन दिखाया अंतिम में दिलारपुर की टीम ने जीत दर्ज किया। इस अवसर पर अंपायर नीरज झा, अर्जुन कुमार, स्कोरर दीपक कुमार पोद्दार, उद्घोषक श्रीलाल भुईयां,युवा क्रिकेट क्लब हरिप्रसाद के प्रशांत कुमार, विमल राय, पवन राय, दीपक कुमार पोद्दार, प्रशांत झा, चंद्रभूषण झा, छोटू झा, बिगन राय आदि उपस्थित रहे ।

# जिले में 24170 सिलेंडर उपलब्ध घरेलू गैस की नहीं है कमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में शनिवार को 14170 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है।4 अप्रैल को जिले में खपत के अनुसार उपभॅक्ताओं के बीच सामान्य ढंग से सिलेथडर उपलब्ध कराया जा रहा है।04 मार्च रविवार को 5720 सिलेंडरों की




6386 बुकिंग के विरुद्ध उपभोक्ताओं को 6239 उपलब्ध कराया गया है।

उक्त जानकारी प्रेस वार्ता में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुशील कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति की जाएगी। डीएसओ ने बताया कि गैस की कालाबजारी एवं जमाखोरी रोकने के साथ उपभोक्ताओं को सहजता सै गैस उपलब्ध कराने को लेकर जिला प्रशासन हर संभव उपाय कर रहा है।

# जमीनी विवाद में इलाज के दौरान मौत, चार गिरफ्तार

## कोढ़ा में गहराता जमीनी विवाद, कहीं मौत तो कहीं चली गोलियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** कोढ़ा प्रखंड इन दिनों जमीनी विवाद के कारण रक्तरंजित हो उठा है। पिछले दो महीनों के भीतर हत्या और गोलीबारी की कई बड़ी घटनाओं ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालिया मामला मूसापुर चौक का है। जहाँ एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मूसापुर में मारपीट के बाद अमरेश कुमार शर्मा की मौत हो गई । कोढ़ा थाना क्षेत्र के मूसापुर चौक स्थित कर्बला मैदान के पास जमीनी विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया। जुराबगंज वार्ड नं. 02 निवासी अमरेश कुमार शर्मा पिताः विश्वनाथ शर्मा पर दूसरे पक्ष ने जानलेवा हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल अमरेश को सीएचसी कोढ़ा से पूर्णिया रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कोढ़ा पुलिस की त्वरित कार्रवाई करते हुए



छापेमारी कर 4 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में शंभू हांडी, विश्वनाथ हांडी, अजय हांडी और राजकुमार हांडी शामिल हैं। मृतक की पत्नी के बयान पर मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पिछली घटनाओं से सहमा है ।विषहरिया और कोलासी कोढ़ा में जमीन का विवाद केवल एक इलाके तक सीमित नहीं है मार्च महीने में विषहरिया गांव में भी जमीन को लेकर खूनी झड़प हुई थी। यहाँ अपराधियों ने अमन कुमार नामक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कोलासी पुलिस शिविर क्षेत्र में लीज की जमीन पर फसल कटाई को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में पुत्र ने पिता की हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। मूसापुर, विषहरिया और कोलासी की ये घटनाएं दशार्ती हैं कि ग्रामीण इलाकों में जमीनी रंजिश किस कदर जानलेवा होती जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन जमीनी पेचों को समय रहते सुलझा ले, तो ऐसी मौतों को रोका जा सकता है। फिलहाल मूसापुर की घटना के बाद पुलिस क्षेत्र में मुस्तैद है और स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

# 102 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों की बैठक

■ एक के अन्दर मांग पुरा नही होने पर दिया जाएगा धरना : विकास सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सदर अस्पताल परिसर में 102 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के चालक एवं ईएमटी कर्मचारी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संघ के मुख्य संरक्षक



मजदूर नेता विकास सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति कई बिंदुओं पर फैसला लिया गया। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि 102 एंबुलेंस के कर्मचारी को 4 महीने होने को है अभी तक वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र अभी तक नहीं मिला है।

कर्मचारी राज्य बीमा एवं भविष्य निधि का अंशदान सभी कर्मचारियों को ससमय संबंधित कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है। कार्य अवधि में दुर्घटना होने पर कम से कम 20 लाख रुपया मुआवजा नहीं दिया जाता है ।मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि एजेंसी के द्वारा कटिहार में नियुक्त पदाधिकारी कर्मचारियों को परेशान कर हमेशा पैसा वसूलने में लगा रहता है। उन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ का किसी यूनियन से कोई संबंध नहीं रहेगा। जिले में 102 एम्बुलेंस अपना लड़ाई स्वयं लडेगा। उसे किसी के बैनर की जरूरत नहीं है। श्री सिंह ने बताया कि बैठक में जो कर्मचारी ड्यूटी में थे उसको छोड़ के लगभग सभी कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहे। श्री सिंह ने बताया कि जल्दी ही जिला पदाधिकारी से मिलकर एक मांग पत्र दिया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष के नाते जिला पदाधिकारी से गुहार लगाया जाएगा और एजेंसी से वार्ता कराकर सभी मांगों को पूरा कराने का अनुरोध करेंगे। श्री सिंह ने स्पष्ट कहा अगर एक सप्ताह के अंदर कर्मचारियों को बकाया वेतन सहित सारी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो बाध्य होकर श्रम संसाधन विभाग के कार्यालय एवं न्यायालय का सहारा लेने को मजबूर हो जाएंगे। श्री सिंह ने आशा ही ने पूर्ण विश्वास के साथ कहा कि जिला पदाधिकारी महोदय से मिलने के बाद निश्चित रूप से कर्मचारी के हितों में सकारात्मक पहल होगा। बैठक में सैकड़ो 102 एंबुलेंस के चालक एवं ईएमटी कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रमणी देवी की मौत का पुलिस ने किया उद्वेदन

**आजमनगर /कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र में विगत बृहस्पतिवार के दिन आलमपुर दियारा क्षेत्र में मक्के के खेत से लहूलुहान एक महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर में परिजनों भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया। परंतु परिजनों द्वारा उक्त महिला को अपने कब्जे में लेकर अन्यत्र किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करने के लिए ले जा रहा था। इस दौरान महिला की मौत हो गई। उक्त मामले में आजमनगर पुलिस को



जब जानकारी हुई तो गीदड़ के द्वारा किये गये हमले की बात बता कर शव घर लेकर परिजन चले गए। साथ ही परिजनों द्वारा शव को आनन फानन में अंतिम दाह संस्कार भी कर दिया गया।आजमनगर पुलिस को एक लिखित आवेदन देकर पोस्टमार्टम नहीं करने की बात कही गई। परंतु उसी दिन से उसका पति भी लापता था जिसका जिक्र पुलिस को दिए गए आवेदन में नहीं किया गया था। परिजनों के द्वारा दिए गए अलग-अलग बयान तथा उसी दिन से लापता हुए पति की वजह से शक के आधार पर आजमनगर पुलिस ने अंदर ही अंदर अनुसंधान की कार्रवाई आरंभ कर दी। अनुसंधान के दौरान हत्या में उपयोग किए गए खून से लथपथ चाकू मक्के की खेत से बरामद की गई।आजमनगर पुलिस ने मृतिका रमणी देवी के परिजनों में लालू कुमार सिंह, कार्तिक कुमार सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद धीरे -धीरे मामले का पटाक्षेप होने लगा। पूरे आलमपुर दियारा क्षेत्र में छापामारी करने के बाद मृतिका के पति धनेश्वर को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर धनेश्वर सिंह ने चाकू से गोदकर अपनी पत्नी की हत्या करने को स्वीकार कर लिया। बारसोई डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण धनेश्वर कुमार सिंह (75) ने अपनी पत्नी रमणी देवी (70)की चाकू से गोद कर हत्या कर मक्के के खेत में छुपा हुआ था। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने हत्या का मामला दर्ज कर मामले की तहकीकात में जूटे दिखाई दिए। डीएसपी अजय कुमार ने कहा कि हत्या का मामला दर्ज कर तीनो हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही आगे की कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**बरारी /कटिहार (नबिटासं)।** बरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत रैनिया पंचायत के महारानी गांव के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाही करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विभाष साहा (30) महारानी निवासी के रूप में की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने



बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि महारानी इलाके के एक मक्का के खेत में संदिग्ध गतिविधि चल रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए बरारी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी को खेत से ही दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसका संबंध किसी अन्य आपराधिक गिरोह या गतिविधि से तो नहीं है।थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कारवाही आगे भी जारी रहेगी।

### चैम्बर ऑफ कॉमर्स की कार्यसमिति का चुनाव 20 मई को

**कटिहार (नबिटासं)।** नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कटिहार की सत्र 2026-28 के लिए नई कार्यसमिति का गठन हेतु नए पदाधिकारियों और सदस्यों का चुनाव को लेकर नई अधिसूचना जारी कर दी गई है। चैम्बर महासचिव भुवन अग्रवाल ने बताया कि 20 मई को चुनाव की तिथि निर्धारित की गई है चैम्बर की कटिहार नगर निगम के अलावा कटिहार,बारसोई, मनिहारी एवं नौगछिया अनुमंडल और



किशनगंज, मधेपुरा तथा सुपौल जिलों के लिए भी कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव होगा। चुनाव की प्रक्रिया 6 अप्रैल से शुरू हो जाएगी मनोनयन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल की संध्या पांच बजे तक निर्धारित है। 21 अप्रैल को मनोनयन पत्रों की जांच होगी जबकि उम्मीदवार 22 अप्रैल की संध्या पांच बजे तक मनोनयन पत्र वापस ले सकते है। 29 अप्रैल तक चैम्बर के सभी सदस्यों को उम्मीदवारों की सूची और बाहरी सदस्यों को मत पत्र भेजने का काम पूरा कर लिया जायेगा। 20 मई को शाम पांच बजे तक मतदान के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी और इसी दिन नए पदाधिकारियों और सदस्यों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। 26 मई को नए पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक चैम्बर भवन में होगी। जिसमें को-ऑप्शन के लिए सदस्यों का चुनाव किया जायेगा। महासचिव ने बताया कि अधिवक्ता विनोद सिंह को चुनाव पदाधिकारी बनाया गया है। जबकि भुवन अग्रवाल को संयुक्त चुनाव पदाधिकारी और दिग्विजय सिंह को सहायक चुनाव पदाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ मुकीम और शिव प्रकाश गारोदिया ट्रिब्यूनल सदस्य बनाये गए हैं।

# फलका थाना में घटित घटना में शामिल पांच अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जिले के फलका थाना क्षेत्र में 4 अप्रैल को कटिहार घटित घटना के संबंध में कुछ व्यक्तियों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। साथ ही फलका थाना में उपद्रव मचाया। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने एवं आमजन को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पुलिस बल के साथ अभद्र व्यवहार किया तथा सरकारी हथियार छीनने का प्रयास किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए छिना गया हथियार



सुरक्षित रूप से बरामद कर लिया गया।घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संलिप्त व्यक्तियों की पहचान करते हुए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस क्रम में हथियार छीनने वाले मुख्य अभियुक्त दिवाकर कुमार यादव उर्फ दिवो यादव पिता छतरी यादव लक्ष्मीपुर लोहजर थाना-फलका, जिला कटिहार निवासी सहित अन्य चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें मोनू यादव,पिता-बबलू यादव बजराहा थाना-धमदाहा, जिला पूर्णिया,प्रभात कुमार पिता राजेश यादव हरदा,थाना-मरंगा, जिला पूर्णिया,रौशन कुमार, पिता बौधी यादव लीला, थाना-भवानीपुर, जिला-पूर्णिया और अभिमन्यु कुमार, पिता विनोद यादव लीला थाना भवानीपुर जिला पूर्णिया निवासी शामिल है । घटना में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही है तथा उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कटिहार पुलिस आमजन से अपील करती है कि शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# गोविन्दपुर चौक में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी - बारसोई मुख्य सड़क मार्ग पर गोविंदपुर चौक पर शनिवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान किशन कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बच्चा समस्तीपुर का रहने वाला है। रिश्तेदारी में आया हुआ था और सड़क किनारे खड़ा था।

इसी दौरान बारसोई की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा - तफरी मच गई।आसपास के लोग तुरंत बच्चे को संभालने पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुस्साए लोगों ने एसएच-98 मार्ग स्थित गोविंदपुर चौक पर बांस-बल्ला लगाकर सड़क जाम कर दिया और टायर जलाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सूचना मिलते ही सालमारी थाना अध्यक्ष कुमारी जूली पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी समझाने - बुझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया और आवागमन बहाल हो सका।

# विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णिया कन्हैया चौधरी के आदेशानुसार वृद्धाश्रम पूर्णिया में सुनील कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णिया एवं अमरेश कुमार सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूर्णिया एवं ममता कुमारी अधीक्षक वृद्धाश्रम पूर्णिया की उपस्थिति में नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम सह निरीक्षण कार्यक्रम किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में वृद्धजनों के अधिकारों



की रक्षा, उनके कल्याण एवं संस्थागत सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, वृद्धजनों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जागरूकता कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णिया द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। 2007 के तहतअधिकार निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श सेवाएं, लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय, वृद्धजन हेल्पलाइन एवं शिकायत निवारण व्यवस्था आदि। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा की ओर से योजनाओं पर जानकारी दी गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना बिहार, राष्ट्रीय वयोश्री योजना स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा सेवाएं, वृद्धाश्रम का निरीक्षण एवं सुविधा समीक्षा आदि।कार्यक्रम के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णिया एवं सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूर्णिया द्वारा वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। जिसमें आवासीय सुविधा, कमरों की स्वच्छता, वेंटिलेशन एवं प्रकाश व्यवस्था,बिस्तर, शौचालय एवं स्नानघर की स्थिति, भोजन व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पोषण स्तर, रसोईघर की साफ-सफाई एवं खाद्य सुरक्षा मानक, स्वास्थ्य सुविधा, नियमित स्वास्थ्य जांच, दवाओं की उपलब्धता एवं मेडिकल रिकॉर्ड, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा एवं संरक्षा अग्नि सुरक्षा उपकरण, सीसीटीवी सुरक्षा व्यवस्था रजिस्टर एवं आगंतुक

# महापौर को निगम पार्षद ने ग्यारह सूत्री मांग पत्र सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम वार्ड संख्या 41 की पार्षद मुन्नी देवी ने महापौर ऊषा देवी अग्रवाल को वार्ड के विकास से संबंधित पूर्व में दिए गए एवं नए 11 योजनाओं का ज्ञापन को सौंपा । निगम पार्षद मुन्नी देवी ने कहा कि वार्ड संख्या 41 का विकास के लिए लगातार वार्ड के मतदाताओं से मिलकर जो भी समस्याएं हैं उसकी प्राथमिकता देते हुए उसपर काम करने का सत प्रतिशत प्रयास किया जा रहा है।

वार्ड 41 में जल समस्या को लेकर नाला निर्माण का कार्य गली-गली में शुरू किया गया है बहुत जल्द वार्ड के सभी मोहल्लों में भी



नाला निर्माण का कार्य किया जाएगा। महापौर उषा देवी अग्रवाल को दिए गए ज्ञापन में कच्ची सड़क, छठ घाट, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक भवन निर्माण ऐसी कई योजनाओं को देने का कार्य किया। वार्ड पार्षद ने बताया कि वार्ड नंबर 41 स्थित शिव नारायण सिंह के घर से अंगद यादव के घर होते हुए रामाधार महतो के घर तक पीसीसी सड़क एवं ढक्कन सहित नाला निर्माण, वार्ड स्थित गोपाल यादव के घर से मनोज ठाकुर के घर तक पीसीसी सड़क एवं ढक्कन सहित नाला निर्माण, वार्ड के अशोक सिंह के घर से उदय कपाड़िया के घर तक पीसीसी सड़क एवं ढक्कन सहित नाला निर्माण । वार्ड संख्या के गणेश शर्मा के घर से शशि राम के घर होते हुए रामाशीष पासवान के घर तक पीसीसी सड़क की ऊंचीकारण के साथ ढक्कन सहित नाला निर्माण।वार्ड नंबर 41 स्थित रामनाथ यादव के घर से राधा रमन यादव के घर होते हुए वीरेंद्र सिंह के घर तक पीसीसी सड़क का ऊंची कारण के साथ ढक्कन सहित नाला निर्माण। वार्ड नंबर के चंद्र प्रकाश सिंह के घर से पशुपति सिंह के घर तक पीसीसी सड़क एवं ढक्कन सहित नाला निर्माण।वार्ड नंबर 41 स्थित उपेंद्र सहनी के घर से गोपाल यादव के घर होते हुए अशोक सिंह के घर से रमापति ओझा के घर होते हुए बांध तक ढक्कन सहित नाला निर्माण ।हवाई अड्डा वार्ड नं 41 स्थित दारा सिंह के घर से अजय सिंह के घर होते हुए सरिता देवी के घर तक पीसीसी सड़क एवं ढक्कन सहित नाला निर्माण।

# वाहन जांच अभियान चलाकर वसूला 9 हजार रुपये जुर्माना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार) ।** थानाध्यक्ष के निर्देश पर डंडखोरा पुलिस की ओर क्षेत्र लगातार वाहन जांच चलाया जा रहा है। पुअनि रीतेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार को बठैली-पहलागढ रोड पर मोहनी-टिकैली मोड़ पर एवं बस्तौल सोनैली सड़क पर केवटिया पुल कै पास वाहन जांच कर 6 वाहनों से कुल 9,100 रुपये जुमार्ना वसूला। एसआई रीतेश कुमार ने बताया कि वाहन जांच होने से वाहन चालक यातायात नियमों के पालन के प्रति सचेत रहते है, तो वहीं सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम हो जाती है।

# बारसोई जंक्शन पर स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत

## विधायक ने सौंपा आवेदन, समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय बारसोई जंक्शन पहुंचे। वे पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के तहत मालदा जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करने के क्रम में कूचबिहार जाने के लिए बारसोई पहुंचे थे। जहां से कंचनजंगा एक्सप्रेस से रवाना हुए।इस दौरान बलरामपुर की विधायक संगीता देवी ने उनका स्वागत कर बारसोई अनुमंडल अस्पताल एवं क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक आवेदन सौंपा।

आवेदन में अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी, नर्सिंग स्टाफ की कमी, ब्लड बैंक की अनुपलब्धता,



अल्ट्रासाउंड सुविधा के अभाव सहित कई बुनियादी समस्याओं का उल्लेख किया गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन निर्माण एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नयन करने की मांग भी रखी गई।स्वास्थ्य मंत्री ने आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

कदवा के विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी ने भी जंक्शन पहुंचकर मंत्री का स्वागत किया। जदयू नेता ख्वाजा शाहिद ने क्षेत्र के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक एवं एएनएम के अनुपस्थित रहने की शिकायत की, जिस पर मंत्री ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पत्रकारों द्वारा अनुमंडल अस्पताल में शव वाहन के लिए ड्राइवर की कमी का मुद्दा उठाए जाने पर भी उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि पश्चिम बंगाल में इस बार भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की जनता पिछले 15 वर्षों से वर्तमान सरकार से त्रस्त है और परिवर्तन का मन बना चुकी है। मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार साह, उपमुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह, भाजपा जिला मंत्री पिंटू यादव, विजय कुमार साह, विधायक प्रतिनिधि सागर कुमार साह, निज सहायक रोहन महतो, डॉ. समरजीत सरकार, डॉ. एमए उस्मानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# 37 गैस एजेंसियों से प्रतिदिन जिले में हो रही गैस सिलेंडर की आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6360 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6685 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्ध है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा




द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 03 अप्रैल 2026 को प्राप्त कुल 18 शिकायतों में से 17 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि एक प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# शॉर्ट सर्किट के कारण गेहूं की फसल में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून(औरंगाबाद)।** बारून थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव के समीप देर रात गेंहूं की खेत में अचानक भीषण आग लग गई जिसमें फसल जल कर खाक हो गया। पीड़ित किसानों के अनुसार 33,000 वोल्ट के हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। इस अगलगी में 14 किसानों के कई बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। इस घटना में सालभर की मेहनत चंद घंटों में बर्बाद हो गई। घटना रविवार रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। जब पूरा गांव गहरी नींद में था, उसी दौरान खेतों के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार में शॉर्ट सर्किट हुआ और उससे निकल रही चिंगारियां सूखी फसलों पर गिरने लगीं। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर



में विकराल रुप ले लिया। आग की ऊंची लपटें देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अग्निशमन विभाग और बारुण थाना को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम और ग्रामीणों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक 14 किसानों की फसल पूरी तरह जल चुकी थी, लेकिन समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से आसपास के अन्य खेतों को बचा लिया गया। पीड़ित किसानों द्वारा अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी को दिए गए आवेदन के अनुसार, मस्तूल बारुण के निवासी मिंटू कुमार सिंह, जगदीश सिंह, राम आशीष सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बंटी सिंह, अभय सिंह, उपेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह, राजेंद्र मेहता, अशोक मेहता, रामलायक सिंह, नितेश सिंह, उपेंद्र सिंह और सिंदुरिया के रीता सिंह, सुषमा सिंह, रघुनी यादव, रामाधार सिंह, देवकी प्रजापति की करीब 25 बीघा से अधिक गेहूं की फसल आग में जलकर नष्ट हो गई। घटना के बाद पीड़ित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है। किसानों का कहना है कि यह आग बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। इसलिए नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा की जानी चाहिए। इधर उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने बताया कि किसानों की फसल खेत में जल जाना काफी चिंता व दुःख की विषय है। यह बिजली विभाग की घोर लपरवाही का नतीजा है। इस लपरवाही में किसानों को भारी नुकासान हुआ है जिसका विभाग समय पर किसानों को भरपाई करें।

# बेटी की तिलक से पहले मां की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के केश्वर बिगहा गांव में अज्ञात वाहन ने एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला की मौत मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गयाजी में हो गई। महिला की पहचान उस गांव निवासी राम केश्वर राम की 40 वर्षीय पत्नी सुगापति देवी के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करने पहुंचे मृतका के भाई रमेश राम ने बताया कि पूरा घर खुशियों के माहौल में था क्योंकि उसकी भांजी की मई माह में शादी होनेवाली थी। पांच मई को तिलक और 7 मई को बारात था। इसको लेकर मेरी बहन काफी खुश थी। घर शादी के गीत से गुंजायमान हो रहे थे। बीते




शनिवार को दामाद को देने के लिए बाइक खरीदकर लाया गया था। धीरे धीरे सभी सामग्रियां की खरीद की जा रही थी। बेटी की शादी में कोई कमी नहीं रहे उसको लेकर वह गांव के कई लोगों से राय विचार भी कर रही थी। इसी को लेकर वह शाम छह बजे पड़ोस में जाने के लिए निकली थी, तभी सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आनन फानन में इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल लाया गया मगर चिकित्सकों ने यहां से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने बहन को मृत घोषित कर दिया। रमेश ने बताया कि उसके बहनोई हरियाणा के बहादुरगंज स्थित शू फैक्ट्री में काम करते है। उन्हें इस हादसे की सूचना दे दी गई है। वे सोमवार की सुबह तीन बजे गांव पहुंचेंगे तभी उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मां की मौत के बाद 8 वर्षीय पुत्र नीतीश, 16 वर्षीय पुत्र निखिल, 18 वर्षीय निधि एवं बीस वर्षीय पुत्री प्रियंका का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल हादसे की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# ट्रेन की चपेट में आए युवक की पटना में इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर रफीगंज स्टेशन के पुराने रेलवे पुलिस बैरक के पास शनिवार को ट्रेन हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना अंतर्गत नराईच गांव निवासी संजय ठाकुर के 22 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार गया-डिहरी पैसेंजर ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने के कारण ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल रफीगंज अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। स्थिति गंभीर होने के कारण वहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया। रविवार को पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दीपक कुमार ने दम तोड़ दिया। ग्रामीण चंदेश्वर पाल के अनुसार मृतक स्नातक का छात्र था और शैक्षणिक कार्य से गया जा रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद शव को दाह संस्कार के लिए पैतृक गांव लाया गया जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि दीपक दो भाइयों में छोटा था। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# दो शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप आज़ान थाना की पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप नदी में भारी जावा महुआ विनष्ट किया गया है तथा दो भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। इस दौरान 40 लीटर शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के छाली दोहर गांव निवासी दशरथ रिकियासन के रूप में की गई है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के पीतांबरा झरही नदी में की गई जहां करीब 6000 लीटर महुआ पास विनष्ट किया गया तथा दो भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। थानाध्यक्ष



राहुल कुमार ने बताया कि पीतांबरा झरही नदी में शराब निर्माण से जुड़े दो भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है तथा 6000 जावा महुआ विनष्ट किया गया है। साथ ही 40 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद कारोबारी को जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के तरारी पुल के समीप की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सोनी गांव निवासी 20 वर्षीय पंकज कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, पंकज किसी काम से दाउदनगर जा रहा था। इसी क्रम में उस जगह किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर टक्कर मार दी जिसमें पंकज सड़क किनारे गिर पड़ा। इस घटना में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दुर्घटना में पंकज के रीढ़ की हड्डी टूट गई जिसमें असहनीय दर्द से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना को लेकर मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि आरोपी चालक की पहचान कर जल्द से जल्द उसे गिरफ्तार किया जा सके।

# जयंती पर बाबू जगजीवन राम को किया याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रविवार को देश के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 119वीं जयंती नगर परिषद औरंगाबाद के पूर्व पार्षद व्यास राम के आवास पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जगजीवन राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व पार्षद व्यास राम ने कहा कि बाबू जगजीवन राम एक महान स्वतंत्रता सेनानी और कुशल प्रशासक थे, जिन्होंने लंबे समय तक केंद्र सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण मंत्रालयों का दायित्व संभालते हुए देश की सेवा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 1946 से 1979 तक वे लगातार श्रम, रेल, रक्षा, परिवहन, खाद्य, कृषि, सिंचाई एवं पुनर्वास जैसे अहम मंत्रालयों के मंत्री रहे। साथ ही 24 मार्च 1977 से 28 जुलाई 1979 तक उन्होंने देश के उप प्रधानमंत्री पद को भी सुशोभित किया। व्यास राम ने आगे कहा कि



वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध (बांग्लादेश मुक्ति संग्राम) के दौरान रक्षा मंत्री के रूप में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनकी रणनीति के कारण बड़ी संख्या में दुश्मन सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया, जिसके लिए उन्हें वार हीरो के रूप में भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान व्यास राम ने केंद्र सरकार से मांग की कि बाबू जगजीवन राम को उनके योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। जयंती समारोह में पूर्व पार्षद दशरथ राम, अजीत कुमार तिवारी, बैजू प्रसाद चंद्रवंशी, पुष्कर आनंद, अनिल कुमार, विष्णुपत सक्सेना, उपेंद्र राम, देवनंदन पासवान, अलखदेव पासवान, गुरुचरण राम, धीरज कुमार, उदय कुमार, धीरज पासवान, गुलशन ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विभिन्न मामलों में 81 लोग गिरफ्तार, 11 गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 81 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी हत्या के प्रयास एवं शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 11 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास 2 एवं शराब में 12 तथा अन्य शीर्ष कांड में 67 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 815.50 लीटर देसी एवं 3.40 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1144 वाहनों की जांच की गई जिसमें 56900 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा 60 वारंट एवं 6 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक संघ की जिला कमिटी का गठन

**सुधीर कुमार सिंह अध्यक्ष एवं कौशल कुमार सिंह बने महासचिव**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक संघ की जिला कमिटी का गठन आईएमए हॉल में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल देव सिंह ने की, जिसमें सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। गठित जिला कमिटी में सुधीर कुमार सिंह को जिलाध्यक्ष, कौशल कुमार सिंह को जिला महासचिव, नरेन्द्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सुदर्शन मेहता को जिला प्रवक्ता तथा अजहर आलम को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं चन्द्रशेखर वर्मा को जिला संयोजक, चंदन कुमार सिंह को राज्य कार्यकारिणी सदस्य, प्रदीप कुमार यादव एवं सुधांशु रंजन त्रिवेदी को जिला उपाध्यक्ष, रामानुज कुमार सुमन को जिला प्रिंट मीडिया प्रभारी तथा दीक्षा सिंह को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रदेश संयोजक विवेकानंद सिंह, प्रधान महासचिव उदय शंकर सिंह, मुख्य संरक्षक अमित विक्रम, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा, मगध प्रमंडल संयोजक राजीव नयन कुमार एवं प्रमंडलीय सचिव ज्ञानेश्वर शांडिल्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राहुल देव सिंह और मुख्य संरक्षक अमित विक्रम ने नवगठित कमिटी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में जिला संयोजक चन्द्रशेखर वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया, जिसके साथ बैठक का समापन हुआ।

# अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया वाहन जांच अभियान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त, विभिन्न अपराधों पर नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस द्वारा दोपहिया व चारपहिया वाहनों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। जांच अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई तथा लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस प्रकार का अभियान आगे भी जारी रहेगा। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। बिना पूर्ण कागजात के वाहनों को लेकर सड़क पर निकलने से चालक परहेज कर रहे हैं। वहीं, कई बार हथियार व कई कांडों में शामिलों को भी इस अभियान के तहत पकड़ा जा रहा है। वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट सहित वाहनों का कागजात की जांच की गई। इस दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाते पकड़े गए। पकड़े गए वाहन चालकों का चालान काटा गया। अपराध नियंत्रण को लेकर यह अभियान लगातार चलाया जाएगा।

# सोमवार-शुक्रवार को होगा विद्युत संबंधित समस्याओं का निदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मदनपुर। विद्युत संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को कैंप लगाया जाएगा। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल ने दी है। उन्होंने बताया विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों की त्वरित निपटारा के लिए प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल देव कार्यालय, प्रशाखा देव और मदनपुर कार्यालय में कैंप का आयोजन होगा जिसमें विद्युत विपत्र में सुधार, मीटर में गड़बड़ी की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। कहा कि नए विद्युत कनेक्शन के आवेदन प्राप्त करने, बकाया बिजली बिल संग्रहण करने सहित अन्य विधुत समस्याओं का निदान कैंप में होगा। विद्युत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि विधुत उपभोक्ताओं से अपील किया जाता है कि वे अपने विद्युत समस्या समाधान के लिए कैंप में आएं और समस्या का निदान कराएं।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# प्रतिभा सम्मान समारोह 12 अप्रैल को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लौह पुरुष युवा मंच के तत्वावधान में आज एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सन्नी कुमार, रालोमो नेता बलवंत राज कुशवाहा, मंच के संरक्षक संजीत कुमार, अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं कोषाध्यक्ष रौशन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक सन्नी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन आगामी 12 अप्रैल (रविवार) को प्रातः 10 बजे से सनथुआ मोड़ स्थित प्रभु कैलाश पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में भव्य



रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर बलवंत राज कुशवाहा एवं संजीत कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि बारुण प्रखंड सहित औरंगाबाद जिले के अन्य प्रखंडों के वैसे मेधावी छात्र-छात्राएं, जिन्होंने बिहार बोर्ड मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा 2026 में 400 या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें मंच द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को गूगल फॉर्म भरना अनिवार्य होगा, जिसे आयोजकों द्वारा विभिन्न पंचायतों में उपलब्ध कराया जा रहा है। चयनित प्रतिभागियों से अपील की गई है कि वे अपने अभिभावकों के साथ समय पर कार्यक्रम में उपस्थित हों। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सम्मान देना नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना, शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास जगाने, उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने एवं समाज में शिक्षा के महत्व को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।